# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 6 मई 2024










## डोप टेस्ट से इंकार किया बजरंग पूनिया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के लिए पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। नाडा ने रविवार 5 मई को इस स्टार पहलवान को डोप टेस्ट न कराए जाने को लेकर एक्शन लेते हुए सस्पेंड कर दिया। इस कड़े कदम की वजह से बजरंग पूनिया के पेरिस ओलंपिक में खेलने को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है। इस साल मार्च में सोनीपत में हुए ट्रायल के बाद बजरंग पूनिया ने डोप टेस्ट नहीं दिया था। अब अगर उनके ऊपर लगा यह बैन नहीं हटा तो पेरिस ओलंपिक के लिए होने वाले फाइनल ट्रायल में नहीं ले पाएंगे हिस्सा।

### श्री रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, भव्य व जोशीला स्वागत हुआ

# दो किमी के रोड शो में बरसे करीब 100 क्विंटल फूल, घंटे घड़ियाल, ढोल-नगाड़े और शंख गूंजे



पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए विशेष रथ को फूलों से सजाया गया था। यह रथ लखनऊ में तैयार किया गया था। रथ पर यूपी के सीएम योगी भी सवार थे।

अयोध्या के जरिए पीएम मोदी अवध की नौ लोकसभा सीटों पर वोटरों को साध गए

सुग्रीव किला राम जन्मभूमि पथ से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक रोड शो हुआ

महिलाएं एक रंग के परिधान और युवा एक रंग की टी शर्ट में नजर आए

पीएम ने सबसे पहले करीब 15 मिनट तक की श्री रामलला की पूजा

प्रधानमंत्री के कारण दर्शन की व्यवस्था बाधित नहीं हुई

रोड शो के दौरान मोदी-मोदी व जय श्री राम के नारे लगते रहे



- शाम 7:14 बजे एयरपोर्ट पहुंचे पीएम मोदी।
- 7: 50 बजे राम मंदिर के गेट नंबर 11 से प्रवेश किया।
- 7: 53 बजे रामलला के दरबार में साष्टांग दंडवत किया। इसके बाद पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।
- रात 8:17 बजे पीएम का दो किमी लंबा रोड शो शुरू हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक बार फिर अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। करीब 15 मिनट तक दर्शन करने के बाद भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह के समर्थन में रोड शो किया। अयोध्या के जरिए पीएम मोदी अवध की नौ लोकसभा सीटों पर वोटरों को साध गए। प्रधानमंत्री मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से राम जन्मभूमि के लिए सड़क मार्ग से उनका काफिला रवाना पहुंचा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। मोदी के रोड शो के लिए विशेष रथ को फूलों से सजाया गया था।

यह रथ लखनऊ में तैयार किया गया था। सुग्रीव किला राम जन्मभूमि पथ से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक रोड शो हुआ। इस दौरान मोदी-मोदी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मुख्य मार्ग के हर घरों पर भगवा झंडे लगाए गए

पीएम के आगमन को लेकर अयोध्या की भव्य साज-सज्जा की गई। मुख्य मार्ग के हर घरों पर भगवा झंडे लगाए गए। राम जन्मभूमि के गेट नंबर 11 को राममंदिर की थीम पर सजाया गया। 50 किलो फूल से यहां रामलला के बाल स्वरूप के चित्र सहित राममंदिर का मॉडल, बालकराम की छवि को दर्शाया गया।

### इकबाल ने जताई इच्छा.. फिर एक बार पीएम बनें मोदी



राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा है कि वह चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें। एक्स पर जारी एक पोस्ट में इकबाल अंसारी ने कहा कि पीएम मोदी भाग्यशाली हैं कि उनका चुनाव राम की नगरी से शुरू हो रहा है। उनका दस साल का पीएम पद का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। हम उनके अयोध्या आगमन से बहुत खुश हैं और चाहते हैं कि वह एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें।

### रोड शो में बड़ी संख्या में साधु-संत भी शामिल हुए

*पीएम मोदी का रोड शो दो किलोमीटर की दूरी तय कर लता मंगेशकर चौक तक पहुंचा। पूरे रास्ते पुष्प वर्षा कर पीएम मोदी की अगवानी की गई। इस दौरान घंटा घड़ियाल, ढोल-नगाड़े और शंख ध्वनि गुंजायमान होते रहे। रोड शो में बड़ी संख्या में साधु और संत भी शामिल हुए*

### पांच स्थानों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

*पीएम मोदी के रोड शो के दौरान राम जन्मभूमि पथ से लता चौक तक 82 ब्लॉक में अयोध्यावासी रहे। जबकि पांच स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। महिलाओं के लिए तीन, युवाओं के लिए दो, तीर्थ-पुरोहितों और संत-महंत व वरिष्ठ धर्माचार्यों के लिए सात ब्लॉक आरक्षित थे। इसी तरह समाज के अन्य वर्गों के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए। महिलाएं एक रंग के परिधान और युवा एक रंग की टी शर्ट में नजर आए।*

### शहडोल में खनन माफिया की करतूत



## एएसआई की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या, प्रशासन ने आरोपियों के घर 'ढहा' दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले साल नवंबर में एक राजस्व अधिकारी को कुचल दिया था

शहडोल में एक बार फिर खनन माफिया का आतंक सामने आया है। जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर ब्यौहारी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बडोली गांव में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि एक एएसआई महेंद्र बागरी को खनन माफिया ने ट्रैक्टर से कुचल दिया। बागरी अवैध रेत उत्खनन परिवहन की सूचना मिलने पर शहडोल गए थे। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के अवैध घरों पर बुलडोजर चलाया गया है। गौर हो कि पिछले साल नवंबर में भी शहडोल ▶▶ शेष पेज 4 पर



मृतक महेंद्र बागरी

### पुलिस ने रखा 30 हजार का इनाम

शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर ने बताया कि सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार करने में पुलिस की मदद करने वाली जानकारी देने वाले को 30,000 रु. का इनाम देने की घोषणा की गई है।

### एएसआई बागरी ने ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की थी



पुलिस ने बताया कि एएसआई महेंद्र बागरी अपने दो अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वारंटी को पकड़ने गए थे। इसी दौरान सामने से अवैध रेत का भरा ट्रैक्टर लेकर आ रहे चालक को रोकने की कोशिश की, किंतु चालक ट्रैक्टर रोकने के बजाए एएसआई पर चढ़ा कर उससे कूदकर फरार हो गया। इसकी चपेट में आने से मौके पर ही महेंद्र बागरी ▶▶ शेष पेज 4 पर




# नीट परीक्षा: जूलॉजी-बॉटनी आसान, फिजिक्स के विकल्प आउट ऑफ एनसीईआरटी, केमिस्ट्री का ऑर्गेनिक पार्ट बेहतर



## हिंदी, इंग्लिश सहित 14 भाषाओं में परीक्षा

यह परीक्षा हिंदी, इंग्लिश सहित 14 भाषाओं में हुई। प्रवेश परीक्षा में कुल 720 अंकों के पेपर में फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी व बॉटनी चारों विषयों में दो सेक्शन में एमसीक्यू प्रश्न पूछे गए। सेक्शन-ए में 35 प्रश्न रहे। जबकि सेक्शन-बी में 15 प्रश्न पूछे गए, जिसमें से 10 प्रश्न हल करने थे। हर प्रश्न 4 अंकों का रहा। गलत उत्तर पर एक अंक की नेगेटिव मार्किंग होने की बात सामने आई।

## क्या बोले एक्सपर्ट

नीट में फिजिक्स कुछ ऑप्शन आउट ऑफ एनसीईआरटी थे। केमिस्ट्री लगभग सामान्य थी। जूलॉजी और बॉटनी के सवाल बहुत कठिन नहीं थे, लेकिन इसके भी कुछ ऑप्शन अलग तरीके से पूछे गए थे। कुल मिलाकर परीक्षार्थियों के लिए सभी पेपर ठीक थे। यह अपनी तैयारी पर ज्यादा निर्भर करता है कि परीक्षार्थी को पेपर में क्या आसान लगा और क्या कठिन रहा है। ओवर ऑल बेहतर रहा है।

**रणधीर सिंह, नीट एक्सपर्ट, भोपाल**



कड़ी धूप में डिवाइडर पर लगे पेड़ की छांव में अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र पर छोड़ने के बाद परीक्षा खत्म होने के इंतजार में बैठे परिजन। वहीं कुछ लोग केंद्र की दीवारों से सटे बैठे रहे। (नीचे)



## शहर के 28 परीक्षा केंद्रों पर एनटीए ने आयोजित की मेडिकल में प्रवेश के लिए पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

राजधानी स्थित स्कूलों में रविवार को नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस टेस्ट) यूजी के लिए परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में भोपाल में बनाए गए 28 केंद्रों पर 17 हजार के आसपास परीक्षार्थी शामिल हुए। कुल 17 हजार परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था, जिसमें कुछ परीक्षार्थी एग्जाम में शामिल नहीं हो सके। परीक्षा दोपहर 2 से 5.20 बजे तक पेन-पेपर मोड में आयोजित की गई। राजधानी में कार्मल कान्वेंट स्कूल, आनंद विहार स्कूल, फादर एंगले, डीपीएस, शारदा विद्या मंदिर सहित अन्य संस्थानों में कुल 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी(एनटीए) की ओर से आयोजित की गई है। एनटीए ने परीक्षा केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए जैमर लगाए थे। हर सेंटर पर फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें मॉनिटरिंग करती रहीं। परीक्षा में शामिल होने बाद परीक्षार्थियों ने पेपर को लेकर अपने अपने अनुभव साझा किए। वहीं, नीट परीक्षा के एक्सपर्ट ने भी परीक्षा में पूछे गए सवाल और पैटर्न को लेकर अपने अनुभव साझा किए हैं। परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी अनमोल शर्मा ने बताया कि सभी 4 विषयों के सवाल ठीक थे। जुलॉजी, बॉटनी के सवाल आसान लगे, जबकि फिलिक्स के कुछ सवाल कठिन थे। उनके ऑप्शन समझ नहीं आए। केमिस्ट्री के ऑर्गेनिग पार्ट काफी अच्छा पूछा गया था।

## धूप में सीधे प्रवेश, फिर कड़ी जांच



शहर के कॉर्मल कांवेंट परीक्षा केंद्र पर धूप के कारण परीक्षार्थियों को मुख्य द्वार पर सामान्य जांच के बाद एंट्री दी गई। इसके बाद अंदर हॉल में उनकी कड़ी चेकिंग की गई। इस दौरान शूज, मोजे, रंगीन चश्मा, टोपी, मंगलसूत्र, घड़ी, सभी प्रकार के केलकूलेटर, रंगीन पेन बॉक्स, रंगीन बोटल सहित सभी कुछ बाहर रखवा दिया गया। परीक्षा हॉल में केवल पारदर्शी पानी की बोटल जाने दी।



## कुल 720 अंकों का पेपर

परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में कुल 720 अंकों का पेपर था। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी और बॉटनी चारों विषयों के दो सेक्शन में प्रश्न पूछे गए। सेक्शन-ए में 35 प्रश्न पूछे गए थे, जबकि सेक्शन-बी में 15 प्रश्न पूछे गए, जिसमें से 10 प्रश्न हल करने थे। हर प्रश्न 4 अंकों का रहा। गलत उत्तर पर एक अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी।

## खबर संक्षेप

### करुणाधाम में रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम में सोमवार 6 मई को मातृशक्ति ब्रह्मलीन मातुश्री दुर्गा शाण्डिल्य स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पीठाधीश्वर गुरुदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज ने अपील की है कि इस अवसर का पुण्य लाभ लें। रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है। आश्रम के मंडपम में शाम 5 बजे से शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### भगवान गौतम बुद्ध की 2547वीं जयंती 23 को

**भोपाल।** द बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के तत्वावधान में 23 मई को तुलसी नगर स्थित करुणा बुद्ध विहार मे महाकारुणिक तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 2547वीं जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए जिला शाखा की बैठक आयोजित की गई। इसमें पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से 10 से 15 वर्ष की आयु के 25 बच्चों को श्रामनेर बनाया जाएगा।

### मैनिट में 9 से यूजी की सप्लीमेंट्री परीक्षा

**भोपाल।** मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में यूजी सप्लीमेंट्री परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार परीक्षाएं 9 से 15 मई तक आयोजित की जाएंगी। इसके तहत मैकेनिकल डिपार्टमेंट की तीसरे, 5वें और 7वें सेमेस्टर की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं शामिल हैं। इसके अलावा, बीटेक के ऑड सेमेस्टर सप्लीमेंट्री एग्जाम के केमिस्ट्री प्रैक्टिकल कल सुबह 10 से 12 बजे तक होंगे।

बढ़ती गर्मी के बीच लगाया शीतल भोग...

## रवि प्रदोष पर बाबा बटेश्वर का आम रस से अभिषेक, सफेद चंदन का लेपन लगाया

श्रीखंड, लस्सी, छाछ, दही जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

पुराने शहर के प्राचीन श्री बड़वाले महादेव मंदिर में रवि प्रदोष व्रत के शुभ अवसर पर बाबा बटेश्वर का आम रस से अभिषेक किया गया, गर्मी में भोग में भी परिवर्तन करते हुए, शीतल भोग लगाया। जिसमे श्रीखंड, लस्सी, छाछ, दही जैसे शीतल भोग अर्पण किया गया।

### गुलाब से बना साफा पहनाया

समिति के संजय अग्रवाल ने बताया कि बाबा बटेश्वर के रजत मुखोटे पर सफेद चंदन का लेपन लगाया गया, बाबा बटेश्वर को मोगरे और गुलाब से बना साफा पहनाया गया, गर्भ गृह में विभिन्न प्रकार के 1 कुंटल फूलों की रंगोली बनाई गई, रात्रि में भजन संध्या कर महाआरती की गई। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।



### श्रीजी को फूलों के पालने में झूला झूलाया गया



**भोपाल।** पुराने शहर के लखेरापुरा श्रीजी मंदिर में तीन दिवसीय वल्लभाचार्य महाप्रभु का प्राकट्योत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत वल्लभ संप्रदाय के संस्थापक प्रभु वल्लभाचार्य की जयंती के अवसर पर लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में रविवार को फूल के पालने में भगवान श्रीजी को झूला झूलाया गया। यहां श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु का पर्व पुष्टिमार्ग में जन्माष्टमी की तरह मनाया जाता है। प्रभु श्रीनाथजी को मोती व सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। महाप्रभु जी के चित्र को सफेद धोती एवं उपरना धारण कराया गया। सभी वैष्णव जनों ने पूजन किया। मंदिर के प्रमुख पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि सात मई को मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

### श्रद्धाभाव से मना सेन महाराज का जन्मोत्सव

**भोपाल।** सेन समाज भोपाल ने रविवार को संत शिरोमणि सेन महाराज का 724वां जन्मोत्सव श्रद्धा भाव से मनाया। सेन महाराज चौक (पीएंडटी चौराहा) स्थित सेन महाराज के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई, महाराज का श्रृंगार किया गया और बड़ी संख्या मौजूद श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल श्रीवास ने सेन जयंती की शुभकामनाएं दीं और सेन समाज के लोगों से एकजुट होकर रहने का आव्हान किया।





## त्रिविधा कार्यक्रम जल्द ही साहित्यिक पत्रिका का रूप धारण करे: सुबीर

### मायाराम सुरजन भवन में हिंदी साहित्य सम्मेलन में बोले साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

त्रिविधा श्रंखला एक प्रयोग है जिसके माध्यम से रचनाकारों की साहित्य की कई विधाओं में आवाजाही के रास्ते खुलेंगे। इस आयोजन में पाठ करने वाले सभी रचनाकर एक हिंदी और साहित्य के भविष्य के प्रति उम्मीद जगाते हैं। यह बात वरिष्ठ साहित्य सेवी और कलाकर्मी रामप्रकाश त्रिपाठी ने रविवार को मायाराम सुरजन भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कही। वहीं प्रसिद्ध कथाकार और उपन्यासकार पंकज सुबीर ने कहा कि मेरा सुझाव है कि त्रिविधा कोनेक साहित्यिक पत्रिका के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसमें कुछ और विशेष विधाओं को शामिल करके योजना बनाई जा सकती है। सम्मलेन के ज़िला इकाई के अध्यक्ष भवेश दिलशाद ने बताया कि कविता, कहानी और व्यंग्य की एक अद्भुत शाम मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की भोपाल इकाई ने सजाई। इस महफिल में हिंदी जगत के प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण लेखक पंकज सुबीर ने अपने संग्रह 'चौपड़े की चुडैलें'' में से 'औरत की दुनिया' कहानी पढ़ी, जिसे श्रोताओं का भरपूर प्रतिसाद मिला। सुनना प्रेम की सबसे ज़रूरी प्रक्रिया है, यह अंतिम शब्द उस कविता के हैं, जो शिफाली पांडेय ने पढ़ी। उन्होंने 'याददाश्त' और 'कोई सुन लेता' जैसी कविताओं का रस्सिक्त पाठ किया। इन कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पहले पत्रकार, अनुवादक और लेखक जयजीत अक्लेचा ने व्यंग्य रचना 'सरकार बनने की दंत कथा' का पाठ किया। सरकार के तहत ईश्वर ने कुछ लोगों को भर्ती किया। बाद में ईश्वर भूल गया कि उसने कोई व्यवस्था बनाने की बात सोची थी, कुछ भर्तियां भी की थी। बात आई-गई हो गई। जिन लोगों की भर्ती की गई थी, वे यूं ही निठल्ले बैठे रहते, जैसे कि पहले बैठे हुए थे। यही लोग बाद में सरकारी कर्मचारी कहलाए। उन्होंने यह व्यंग्य अपनी हालिया किताब 'पांचवां स्तंभ' से पढ़ा।

## एम्स के जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. पुनीत अग्रवाल ने तुर्किये में प्रस्तुत किया अपना शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

एम्स भोपाल के जनरल सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. पुनीत अग्रवाल ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा पर वर्तमान रुझानों पर आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस और प्रदर्शनी (स्किटेड 2024) में अंडरग्रेजुएट सर्जरी छात्रों को पढ़ाने के लिए संयुक्त ई-लर्निंग दृष्टिकोण पर अपना शोध प्रस्तुत किया। 18 से 24 अप्रैल तक ओलुडेनिज़, तुर्किये में आयोजित सम्मेलन में यूके, जर्मनी, सऊदी अरब, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शोध पत्र के द्वारा प्रतिभागियों को सर्जिकल शिक्षा में वर्तमान ई-लर्निंग रुझानों और सर्जिकल सिमुलेशन तकनीकों में नवीनतम जानकारी प्राप्त हुई। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने तुर्किये में स्किटेड 2024 सम्मेलन में अपनी व्यवहारिक प्रस्तुति के माध्यम से सर्जिकल शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए डॉ. अग्रवाल की सराहना की।




प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शर्मा समेत कई नेता रहे मौजूद

## स्व. लुणावत की तीसरी पुण्यतिथि पर आयोजित हेल्थ कैंप में सैकड़ों लोगों ने कराया मुफ्त इलाज

### शिविर में 112 ने कराई सोनोग्राफी और 97 ने कराई फेफड़ों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

मानव सेवा के लिए समर्पित विजेश लुणावत फाउंडेशन ने स्व. विजेश लुणावत के तृतीय पुण्यतिथि पर एक विशाल एवं निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन शिवाजी नगर में किया गया, जिसमे सैकड़ों लोगों का इलाज एवं जांचें राजधानी व बाहर के विभिन्न मशहूर डॉक्टरों और उनकी टीम ने किया।

फाउंडेशन की सचिव स्मिता लुणावत ने बताया कि हेल्थ कैंप में 930 लोगों का रजिस्ट्रेशन तथा निःशुल्क जांच की गई व दवाएं भी प्रदान की गई। निःशुल्क जांच के अंतर्गत 112 लोगों की सोनोग्राफी और 97 लोगों के लंग्स फंक्शन टेस्ट किया गया। वहीं 12 पेशेंट्स का इकोकार्डिओग्राफी टेस्ट किया गया। इसके अलावा शुगर की जांच कराने वाले मरीजों की संख्या 430 तथा 356 लोगों की आँखों की जांच की गई एवं 196 लोगों का एक्सरे किया गया और 102 लोगों को निःशुल्क चश्मे दिये गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में प्रांताध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश प्रभारी (लोक सभा चुनाव) महेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक भगवानदास सबनानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।







6th May FOUNDER'S DAY

In Loving Memory of Our Late Founder

Radcliffe Group of Schools-Bhopal pays tribute to the visionary who laid the foundation of our success. With profound gratitude and deep respect, we remember Smt. Sadhna Rai for her unwavering dedication, leadership, and timeless contributions to our organization.

Your legacy continues to inspire us every day. You will forever remain in our hearts.

Forever Remembered, Forever Missed"

भोपाल
सोमवार, 6 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष–13
वर्ष : 11, अंक : 42
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 39
न्यून. 27

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई**

## 8 फीट ऊंचे शिवलिंग के दर्शन करेंगे भक्त

**जम्मू।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।



**'हां, मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं' और मैं अब वही कर रहीं हूं**

## कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा ने छोड़ी पार्टी, बोलीं मेरे अयोध्या जाने का जमकर हो रहा था विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को एक और झटका लगा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा ने इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं। साथ ही अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। उन्होंने कहा कि हां, मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं और मैं अब वही कर रहीं हूं। राधिका ने कहा कि अपने और देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी। राधिका खेड़ा ने अपने इस्तीफे में लिखा कि हर हिंदू के लिए प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है। रामलला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है वहीं कुछ लोग इसका विरोध ▶▶ शेष पेज 4 पर



जब स्वयं के न्याय की बात आई तो पार्टी में मैंने खुद को हारा हुआ पाया

**जीतू पटवारी की टिप्पणी से थीं आहत**



## कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे भाजपा में शामिल

**भोपाल।** सागर के बीना से पहली बार की कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे रविवार को भाजपा में शामिल हो गईं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहतगढ़ में जनसभा करने से पहले श्रीमती सप्रे को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर विधायक श्रीमती सप्रे ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष जीतू ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सागर, गुना व राजगढ़ में चुनावी जनसभा में कहा**

# राहुल अपनी नादानियों के कारण ही अपनी व पार्टी की कराते हैं फजीहत

◆ सीएम ने कहा कि जब से राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी आ गए हैं, तब से हमारी पार्टी रोज बढ़ती जा रही है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सागर, गुना व राजगढ़ में चुनावी दौरे पर थे। उन्होंने कांग्रेस व उनके नेताओं पर जमकर तंज कसा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी अपनी नादानियों के कारण से अपनी और पार्टी की फजीहत कराते हैं। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने गांव-गांव में प्रधानमंत्री सड़क देने का काम किया है। कांग्रेस के लोग उस समय कह रहे थे, गांव में सड़क की क्या जरूरत है? वहां बैलगाड़ी चलती है। उनको बैलगाड़ी का सिस्टम मालूम नहीं है। उन्होंने गांव देखा नहीं है। वो आज भी आलू से सोना निकालने की मशीन ढूंढते हैं। आलू ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत रत्न स्व. वाजपेई ने गांव-गांव में सड़क देने का काम किया है

मुख्यमंत्री के राघौगढ़ में रोड शो भारी जनसैलाब उमड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राघौगढ़ के माहौल को बदलने के लिए जनता तैयार

गुना लोकसभा के मुंगावली में भी जनसभा की

### आलू से सोना केवल 'पप्पू' बना सकता है, और किसी को मालूम नहीं



### विपक्ष के नेता देश के दुश्मनों को 'जी' लगाकर संबोधित करते हैं

यादव ने राजगढ़ लोकसभा के राघौगढ़ में रोड शो किया। यहां 7 मई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री जनता के बीच पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह पर जमकर निशाना साधा। उनके रोड शो में भारी जनसैलाब उमड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राघौगढ़ के माहौल को बदलने के लिए जनता तैयार है, यह बताने के लिए इशारा काफी है। डॉ. यादव ने कहा कि विपक्ष के नेता देश के दुश्मनों को 'जी' लगाकर संबोधित करते हैं और हमारी सेना का अपमान करते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक पर भी सवाल उठाते हैं। हमारी सेना दुश्मन को जवाब देने के लिए सक्षम है। सर्जिकल स्ट्राइक इसका जीता जागता प्रमाण है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गुना लोकसभा के मुंगावली में पार्टी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## दिल्ली-नागपुर में भूकंप कोई नुकसान नहीं

**नई दिल्ली।** देश के दो बड़े शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सबसे पहले महाराष्ट्र के नागपुर में दोपहर 2 बजकर 30 मिनट के करीब भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई है। भूकंप का केंद्र उमरेड गांव में था। दिल्ली में भूकंप दोपहर के बाद 4 बजकर 19 मिनट 14 सेकंड पर आया। हालांकि भूकंप के झटके महसूस नहीं किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2 मापी गई। वहीं, इसकी गहराई 5 किमी थी। भूकंप का केंद्र पश्चिमी दिल्ली था।



## क्रिसेंट वाटर पार्क में डूबने से नौ वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भोपाल-इंदौर हाइवे पर स्थित क्रिसेंट वाटर पार्क में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक 9 वर्षीय बालक स्वीमिंग पूल में खेलते-खेलते पानी में डूब गया। बालक अपने परिवार के साथ वाटर पार्क आया ▶▶ शेष पेज 4 पर



### भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की मौत


**देवास।** जिले के कन्नौद थाना अंतर्गत शनिवार रात को ट्रक की टक्कर से तीन बाइक सवार की मौत हो गई। घटना में दो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, तीसरे की उपचार के लिए इंदौर ले जाते वक्त मौत ▶▶ शेष पेज 4 पर

देहरादून में मंदिर के शिलान्यास में फिसलकर गिर गए थे

## इस्कॉन आईजीसी के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण का निधन, वृंदावन में दी जाएगी 'समाधि'

एजेंसी ▶▶ मथुरा

इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन हो गया है। रविवार सुबह देहरादून में उनका निधन हुआ। गोपाल कृष्ण दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों व वृंदावन सहित विश्व ▶▶ शेष पेज 4 पर



**जन्मदिन पर पापा का इंतजार करता रहा मासूम**

## छिंदवाड़ा के बेटे विक्की पुंछ हमले में शहीद मुख्यमंत्री ने कहा हमने बहादुर जवान खोया

नोनिया करबल के रहने वाले 33 साल के विक्की पहाड़े 2011 में वायुसेना में भर्ती हुए थे। परिवार में मां दुलारी, पत्नी रीना और 5 साल का बेटा हार्दिक है। पिता दिमाक चंद का निधन हो चुका है। बताया जा रहा है कि विक्की पहाड़े बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए छिंदवाड़ा आने वाले थे। लेकिन उससे पहले उनकी शहादत की खबर आ गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा निवासी वायुसेना जवान विक्की पहाड़े शहीद हो गए। जवान विक्की पहाड़े 5 साल के बेटे के जन्मदिन मनाने के लिए घर लौटने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही उनकी शहादत हो गई। जवान के शहीद की खबर लगते ही परिवार और गांव में शोक की लहर है। इधर, रविवार को भारतीय वायुसेना के जवान विक्की पहाड़े को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके ▶▶ शेष पेज 4 पर



**अमर शहीद के चरणों में श्रद्धांजलि**



छिंदवाड़ा निवासी जवान विक्की पहाड़े के निधन पर सीएम मोहन यादव ने शोक जताया है। सीएम ने एक्स पर लिखा कि पुंछ आतंकी हमले में छिंदवाड़ा के सपूत, वायुसेना के जवान विक्की पहाड़े जी के ▶▶ शेष पेज 4 पर



प्रदेश की सबसे चर्चित सीट, जहां हमेशा दिग्गज रहते हैं चुनावी मैदान में

# विदिशा में जीत का अंतर बढ़ाने चुनाव में कोई कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहते पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व सांसद भी प्रचार में नहीं पीछे




- कांग्रेस उम्मीदवार अपने दो कार्यकाल में किए गए विकास कार्य याद दिला रहे हैं तो भाजपा उम्मीदवार का नाम ही काफी, साथ में मोदी फैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की सबसे चर्चित रहने वाली विदिशा लोकसभा सीट पर इस बार प्रदेश के काफी लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं, जिन्हें अपनी लाड़ली बहनों से काफी उम्मीद है। कांग्रेस के उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा अपने पिछले कार्यकाल की जनता को याद दिला रहे हैं।

चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में उन्होंने प्रचार में काफी ताकत दिखाई, लेकिन कोई दिग्गज की सभा या रैली यहां नहीं हो पाई। कांग्रेस को अंतिम दिनों में इस सीट पर समीकरण बदलने की पूरी उम्मीद थी। वहीं भाजपा को किसी भी समीकरण के बिगड़ने की कोई उम्मीद नहीं है। इसको लेकर कांग्रेस अभी भी दावा कर रही हैं कि इस चुनाव में पुराने सभी समीकरण बिगड़ चुके हैं और भाजपा अपने पुराने समीकरण नहीं बना पाई है। वहीं भाजपा ने दावा किया है कि यहां कोई समीकरण नहीं बिगड़े हैं और पिछले चुनाव में मिले वोटों के अंतर को बढ़ाने के लिए पूरा चुनाव प्रचार किया गया है। इसको लेकर जनता ने भी अपना फीडबैक दे दिया है।


भाजपा के प्रचार में शिवराज सिंह चौहान स्वयं लगातार दौरे करते रहे और उनकी पत्नी व बेटा भी पूरे समय यहां पर मौजूद हैं। वैसे यह लोकसभा सीट देश में हमेशा चर्चा में रहती है, क्योंकि यहां चुनावी मैदान में हमेशा भाजपा के दिग्गज ही रहते हैं। रामनाथ गोयनका व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज जैसे नेता यहां से जीते थे। जबकि आठ विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में सात सीटें जीतीं, जो उसके प्रभुत्व का संकेतक है। चौहान स्थानीय मुद्दे उठा रहे हैं और सर्वधर्म सद्भाव पर बात कर रहे हैं।

## संसदीय क्षेत्र में इस बार भी जातीय समीकरण का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा



विदिशा लोकसभा क्षेत्र में इस बार भी जातीय समीकरण का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। भाजपा को हमेशा की तरह इस बार भी किसी समीकरण के बिगड़ने की उम्मीद नहीं है। जबकि कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा अपने नए समीकरण बनाने में व्यस्त हैं। शिवराज सिंह चौहान के लिए मुख्य चुनावी मुद्दा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में 18 वर्षों में महिलाओं और बच्चों के लिए उनके द्वारा शुरू की गई योजनाएं हैं। उनकी रैलियों में लाड़ली बहनों की मुस्कान भैया शिवराज सिंह चौहान और भांजे-भांजियों के सपनों की उड़ान, मामा शिवराज सिंह चौहान जैसे पोस्टर लगे हैं। यहां तक कि रथ से भाषणों में भी वह लोगों को आश्वासन देते हैं कि उन्हें सब कुछ मिलेगा, क्योंकि उनका भाई उनके लिए काम कर रहा है। वह आपका सपना पूरा करेगा।

### कांग्रेसियों का घर-घर दौरा



कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा के अनुसार समीकरण नए समीकरण बनाने के लिए उनके कार्यकर्ता हर घर का दौरा करते रहे। मुसलमानों को गले लगाने या धनबल के प्रदर्शन से कुछ नहीं होगा। मैं पूर्व सीएम से पूछना चाहता हूं कि 18 साल तक सीएम रहते हुए उन्होंने विदिशा के लिए क्या किया। विदिशा का सबसे पिछड़ा जिला होना दर्शाता है कि शिवराज प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। इसलिए इस बार हर हाल में समीकरण उनके बिगड़ चुके हैं। 33 साल पहले अपना आखिरी चुनाव जीतने वाले शर्मा ने चौहान की ओर इशारा करते हुए कहा कि देखिए वह विदिशा की गलियों में घूम रहे हैं, लेकिन चौहाना समीकरण बिगड़ेगा और उनका समीकरण बनेगा।

### सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट

विदिशा लोकसभा को मध्य प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट भी कहा जाता है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं यहां से पूर्व विदेश मंत्री और नेता प्रतिपक्ष रहीं सुषमा स्वाराज भी चुनाव लड़ चुकी हैं। लंबे वक्त तक मध्य प्रदेश के सीएम रहे शिवराज सिंह चौहान के लिए भी इस सीट को पूरे प्रदेश की राजनीति में जाना जाता है। प्रदेश की राजनीति के कई दिग्गज चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें राघवजी का नाम भी शामिल है, जो मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री रहे हैं। इसलिए कांग्रेस उम्मीदवार इस अपने प्रचार में किसी प्रकार का कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यहां पर आठ विधानसभा सीट हैं, जिनमें भोजपुर, सांची, सिलवानी, विदिशा, बासौदा, बुधनी, इच्छावर और खातेगांव शामिल हैं। विदिशा लोकसभा सीट को रायसेन, विदिशा, सीहोर और देवास जिले के हिस्सों को शामिल किया गया है। इस सीट पर अगर पिछले चुनाव की बात की जाए तो यहां से 2019 में भाजपा से रमाकांत भार्गव को टिकट दिया गया था। जबकि कांग्रेस से शैलेंद्र पटेल मैदान में उतरे थे। इस चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ने कांग्रेस के उम्मीदवार को करीब 5 लाख वोटों के भारी भरकम अंतर से हराया था।

## शिवराज ने कहा- आज मैं भावुक हूं, क्योंकि ये विदाई की बेला, विधायक के रूप में विदा होने वाला हूं, जनता को प्रणाम

- *इछावर और बुधनी में शिवराज ने कहा-बहनें मुझे चुनाव लड़ने के लिए हाथ में 10-10 रुपए और गेहूं की पोटली देती हैं*
- *बच्चे अपने गुल्लक*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को साफ कर दिया कि विधायक के रूप में यह मेरी विदाई है। अब मैं दिल्ली जा रहा हूं। पार्टी ने मुझे विधायक बनाया तो विधायक बनकर काम किया, सांसद बनाया तो सांसद बनकर जनता की सेवा की।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को विदिशा लोकसभा की दो विधानसभा इछावर और बुधनी में चुनाव प्रचार किया। इछावर विधानसभा के बिल्किसगंज और बुधनी विधानसभा के भैरूंदा और गोपालपुर में पूर्व सीएम ने विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बिल्किसगंज और गोपालपुर में रोड-शो भी किया। चौहान ने कहा कि ये चुनाव अद्भुत हो गया है। इतनी गर्मी और तेज धूप भी जनता मुझे सुनने आ रही है। बहनें मुझे तिलक लगाती है और चुनाव लड़ने के लिए हाथ में 10-10 रुपए देती हैं। मैं जहां जाता हूं मेरी बहनें पैसे निकालकर देती हैं, कई जगह तो बहनें गेहूं दे रही है। चुनाव के बाद गेहूं के पैसों से कन्या भोज कराएंगे और मैं भी उनसें शामिल रहूंगा। बच्चे मुझे मामा-मामा कहकर गुल्लक दे देते हैं। आप सभी को प्रणाम करता हूं।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- नेता नहीं, भैया और मामा हूं

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैं नेता नहीं, भैया और मामा हूं। हम सब एक परिवार है। ये दिल, मन और आत्मा के रिश्तें हैं। मैं चुनाव जीतने नहीं, बल्कि आपकी जिंदगी बदलने आया हूं। फिर आप सभी के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बना तो जनता की जिंदगी बदलने का काम किया। अब दिल्ली जा रहा हूं, वहां से भी सेवा करूंगा। चौहान ने कहा कि ये संदेश देने का चुनाव है, अगर कोई अच्छा काम करें तो उसे ऐसा आशीर्वाद दो कि दुनिया देखती रह जाए। ये देश को बताने का चुनाव है कि आप अपने मामा और भैया से कितना प्यार करते हो। दूसरे भी सोचेंगे कि अच्छा काम करोगे तो जनता कितना प्यार देती है। पूरे हिंदुस्तान का रिकॉर्ड तोड़ दो और 100 प्रतिशत मतदान करो। बहनें भी घर से निकल जाएं, भाई भी घर से निकलें और चुनाव प्रचार में जुट जाएं। घर-घर जाकर संपर्क करो और भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करो। आप आशीर्वाद का रिकॉर्ड बनाओ।

### विधायक के रूप में मेरी विदाई है

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं भावुक भी हूं, क्योंकि ये विदाई की बेला है, मैं विधायक के रूप में विदा होने वाला हूं। मैंने विधायक के नाते दिन और रात आपकी सेवा की, कोई कसर नहीं छोड़ी। कभी किसी को निराश नहीं किया, लेकिन कुछ दिनों बाद मैं आप लोगों का विधायक नहीं रहूंगा। जो भी मेरी भूमिका रहेगी, उसमें काम करूंगा। आज मैं एक बात कहने आया हूं। मेरे लिए ये चुनाव प्रेम की परीक्षा है। यदि मैंने ईमानदारी से आपकी सेवा की है, मैंने बहनों की सेवा की है, मैंने लाखों बेटियों की शादी करवाई है, मैंने लाखों बीमारों का इलाज कराया है, लाखों बच्चों की फीस भरवाई है। गरीबों की जिंदगी बेहतर बनाने की कोशिश की है। ये चुनाव हार-जीत का चुनाव नहीं है। मुझे विदाई दो तो ऐसी दो कि, पूरा हिंदुस्तान देखे कि प्रेम होता है तो ऐसा होता है।

## प्रदेश में 7 मई को होगा तीसरे चरण का मतदान, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

# मतदान केंद्रों पर वोटरों को मिलेगा शरबत व छाछ ठंडी हवा के लिए कूलर, दवाइयों की रहेगी व्यवस्था

- *लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी की तैयारियां*
- *बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। इसके लिए आयोग ने भी तैयारी पूरी कर ली है। मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को गर्मी में परेशान न होना पड़े, इसके लिए मतदान केंद्रों पर खास इंतजाम भी किए जा रहे हैं। जिलों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर जलजीरा, आम का पना, छाछ, शरबत, पीने के लिए ठंडा पानी, शामियाना, बैठक व्यवस्था, दवाइयां सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि इसके साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को कतार में खड़ा न होना पड़े, उनका तुरंत मतदान हो जाए, इसकी भी व्यवस्थाएं की गई हैं। 9 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान होगा। इसमें भोपाल सहित, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, राजगढ़ और बैतूल लोकसभा क्षेत्र शामिल है।

### कर्मियों के लिए भी उचित व्यवस्था



7 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाले मतदान के लिए सोमवार यानी 6 मई को मतदान दल सभी 20 हजार 456 मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगा। मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पोलिंग पार्टियों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी छाया, ठंडा पानी, दवाइयां, बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### उत्साह के साथ करें मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रदेश के सभी 9 संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्रों पर आये मतदाताओं को गर्मी में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## भोपाल में 2097 पोलिंग बूथ, जिला बल के 2200 पुलिस कर्मी तैनात

मप्र के सभी 9 लोकसभा सीटों सहित राजधानी में तीसरे चरण के चुनाव के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। भोपाल में कुल 2097 पोलिंग बूथ पर मतदान होना है। सुरक्षा के लिहाज से 2200 जिला बल के पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा पैरामिलिट्री फोर्सेस की 9 कंपनियां डिप्लॉय की गई है। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद एफएसटी और एसएसटी की टीम निगरानी रखेंगे। पुलिस के सभी अधिकारी भी 48 घंटे तक अलर्ट मोड पर रहेंगे। मतदान के दौर संवेदनशील मतदान केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरा के जरिए वेब कास्टिंग की जाएगी। इसके लिए एक सेंट्रल कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

### होटल-गेस्ट हाउस में पुलिस की सर्चिंग तेज

तीसरे चरण में भोपाल सहित 9 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। चुनाव प्रचार की अवधि खत्म होने के बाद पुलिस की टीम सक्रिय हो गई है। चुनाव आयोग के नियम के मुताबिक चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद कोई भी बाहरी व्यक्ति नहीं रह सकता है। इसकी पड़ताल के लिए पुलिस ने होटल और गेस्ट हाउस में सर्चिंग तेज कर दी है।

### बाहरी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

7 मई को भोपाल लोकसभा सीट पर चुनाव होना है। सोमवार से भोपाल के आसपास के क्षेत्र को सील कर दिया जाएगा। जरूरी वाहनों को ही सिर्फ आने की अनुमति रहेगी। इसके अलावा जिनके पास भोपाल में प्रवेश का सही कारण होगा, उन्हें रोक नहीं जाएगा। इसके अलावा भारी वाहनों को भी शहर के बाहर से ही डायवर्ट किया जाएगा। वहीं चुनाव के मध्य नजर रखते हुए एफएसटी और एसएसटी टीम भी निगरानी करेगी।

## वोट का निशान दिखाओ, निजी अस्पतालों में फ्री ओपीडी पाओ

1100 ई-रिक्शा संचालक 7 मई को मतदान के लिए देंगे निःशुल्क सफर की सुविधा

मुरैना जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर अनूठी पहल की है। 7 मई को मतदान के दिन जिले में सभी निजी चिकित्सालयों में डाक्टर निःशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान करेंगे। वहीं जिले में संचालित करीब 1100 ई-रिक्शा संचालक मतदाताओं को घर से मतदान केन्द्र व मतदान केन्द्र से वापस घर छोड़ने का काम निःशुल्क करेंगे। इसके लिए मतदाताओं को जाते समय मतदान केन्द्र क्रमांक व वापसी में अंगुली पर अमिट स्याही का निशान दिखाना होगा। मुरैना जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारतीय मजदूर संघ से भी सहयोग मांगा है। संघ के पदाधिकारियों ने मतदान के महापर्व के मौके पर अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

**केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च और चैकिंग:** लोकसभा चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च किया गया, ताकि असंवैधानिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाने के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा व्यवस्था का आभास हो सके।

## जिद करो वोट करो, अपील लिखी उड़ी पतंगें

सेवा संकल्प युवा संगठन ने 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत में रविवार को हनुमान टेकरी एवं पुराने शहर के बरखेड़ी में युवाओं ने मतदान की अपील के स्लोगन लिखी पतंगें तैयार कर उड़ाई गईं। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि प्रदेश में पहले दो चरणों के चुनाव में मत प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में काफी कम रहा है, जो लोकतंत्र के लिये चिंता का विषय है। इसी को देखते हुए संगठन युवाओं ने इस बार अनोखा प्रचार पतंग के माध्यम से किया, जिससे वह मतदान के प्रति जागरूकता दिखाएं और भोपाल का मतदान शत प्रतिशत करें।

### युवाओं ने 3 दिन में तैयार की 100 से अधिक पतंगें

मालवीय ने बताया कि संगठन के द्वारा निरंतर मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें युवा उत्सह के साथ अभियान से जुड़ रहे है पतंगों पर लिखे गये स्लोगन, जिसमें मतवाले होकर मतदान करें, भोपाल करेगा वोट, लोकतंत्र का पर्व मनाएं, हम करेंगे वोट, जिद करो, वोट करो लिखे थे। यह स्लोगन संगठन के यश जैन, प्रमोद मालवीय, प्रियंक जैन, सुमित मालवीय के द्वारा लिखे गए।

### फर्स्ट टाइम वोटरों को मिलेगा उपहार

अभियान के तहत संगठन के द्वारा 7 मई को सुबह भोपाल के सबसे बड़े पोलिंग बूथ बरखेड़ी के रशीदिया स्कूल पर प्रथम बार वोट करने वाले युवाओं को पोलिंग बूथ के बाहर वोट का निशान दिखाने पर उपहार दिया जाएगा। वहीं 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों को वोट डालने पर संगठन द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया जाएगा।

### सीहोर में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर बनाया गया दो बेड का मिनी आईसीयू

लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 19 भोपाल में 7 मई को मतदान होना है। भोपाल लोकसभा क्षेत्र के अधीन सीहोर जिले में 6 मई को मतदान दल मतदान केन्द्रों की ओर रवाना होंगे। सीहोर में मतदान सामग्री वितरण स्थल पर दो बिस्तरीय मिनी आईसीयू भी स्थापित किया गया है, जिससे किसी भी मतदान कर्मी को स्वास्थ्य उपचार की आवश्यकता पड़ने पर उसे तत्काल मेडिकल हेल्प मुहैया कराई जा सकें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकार अनुपम राजन ने बताया कि तीसरे चरण के मतदान वाले सभी लोकसभा क्षेत्रों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान सामग्री वितरण स्थल सहित सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, दवा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्वालियर में पत्रकार-वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा- मैदान छोड़कर भाग रहे कांग्रेस प्रत्याशी

# रोहित वेमुला मामले में कांग्रेस ने समाज में वैमनस्यता फैलाने का षड्यंत्र रचा

- कांग्रेस देश में जातियों के नाम पर बंटवारा कर राज करना चाहती है
- औरंगजेब की तरह देश में जजिया कर लगाना चाहती है कांग्रेस
- कांग्रेस का प्रथम परिवार एससी, एसटी व ओबीसी के आरक्षण का भक्षण करना चाहता है
- राहुल गांधी कांग्रेस का ऐसा विमान जो 21वें ट्रायल में भी क्रैश होने वाला है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव 2047 के विकसित भारत, विकास और गरीब कल्याण तथा करोड़ों गरीबों के चेहरों पर खुशियां सजाने के संकल्प का चुनाव है। यह भ्रष्टाचार और आतंकवाद से मुक्ति का चुनाव है। ये चुनाव देशद्रोही मानसिकता वालों को संरक्षण देने वाली ताकतों के खिलाफ चुनाव है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने रविवार को ग्वालियर के एक होटल में पत्रकार-वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता निराश हैं, प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। अगले दो चरणों के चुनाव के लिए भाजपा और अधिक ताकत से यह प्रयास कर रही है कि समाज के सभी वर्गों के लोग अधिक से अधिक मतदान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

## देश और दलितों से छल के लिए माफी मांगें राहुल गांधी

शर्मा ने कहा कि रोहित वेमुला के मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी ने किस तरह की नौटंकी की थी, पूरा देश जानता है। अब तेलंगाना पुलिस ने जांच के आधार पर यह माना है कि रोहित वेमुला अनुसूचित जाति का व्यक्ति था ही नहीं। इससे साफ हो गया है कि कांग्रेस पार्टी दलितों की भावनाओं से खेलना चाहती है। उन्होंने कहा कि रोहित वेमुला मामले में कांग्रेस ने समाज में वैमनस्यता फैलाने का षड़यंत्र रचा है, इसका खुलासा तेलंगाना पुलिस की जांच में हो चुका है। इस मामले को लेकर देश और पूरे दलित समाज को भ्रमित करने, गुमराह करने का पाप किया है। कांग्रेस देश में जातियों के नाम पर बंटवारा कर राज करना चाहती है।

### कांग्रेस ने सत्ता में आने पर मुस्लिमों को आरक्षण देने का वादा किया, दलित-ओबीसी का छिनेगी हक

शर्मा ने कहा कि रोहित वेमुला पर नोटंकी करने वाले राहुल-प्रियंका एक दलित महिला इमरती देवी के अपमान पर मौन क्यों हैं। राहुल गांधी अपने इस पाप के लिए देश की जनता से माफी मांगें। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर मुस्लिमों को आरक्षण देने का वादा किया है। कांग्रेस पार्टी ऐसा करके कर्नाटक की कहानी पूरे देश में दोहराना चाहती है। वह दलितों और ओबीसी समाज का आरक्षण छीन कर उनके हितों पर डाका डालना चाहती है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की इस हथकंडेबाजी से हमारे दलित और ओबीसी समाज को घबराने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में विरासत टैक्स की बात कही है। एक तरफ पीएम मोदी विरासत के संरक्षण की बात करते हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी हमारे पुरखों की विरासत पर डाका डालना चाहती है। हमारे पुरखों ने जो गहने और संपत्ति अपने जीवन में एकत्रित की थी, उसका सिर्फ 25 प्रतिशत हमारे पास रहेगा, बाकी सरकार ले लेगी। कांग्रेस पार्टी वैसा ही जजिया कर लगाना चाहती है, जिस तरह औरंगजेब ने लगाया था। कांग्रेस की मानसिकता आज भी गुलामी की है और उसके खून में आज भी अंग्रेजों की मानसिकता है।

## प्रधानमंत्री ने बीते हर गरीब का जीवन बदल हर गांव में विकास सुनिश्चित किया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दस वर्षों में हर गरीब का जीवन बदलने का कार्य किया है। देश के गांव-गांव तक विकास को सुनिश्चित किया है। भाजपा जनता की सेवा करती है, वहीं कांग्रेस और उसके नेता अपने लिए ही अवसर तलाशते रहते हैं। मुरैना से कांग्रेस के प्रत्याशी का परिवार भी जनता की सेवा नहीं अपने लिए अवसर तलाशता है। भाजपा अध्यक्ष शर्मा रविवार को मुरैना जिले के ग्राम सुरजनपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूरे देश में ही हालात खराब हैं। कांग्रेस ने पहले खजुराहो में मैदान छोड़ा, इसके बाद इंदौर प्रत्याशी ने नामांकन वापस ले लिया और अब ओड़िशा के पुरी लोकसभा सीट की प्रत्याशी ने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।

### भाजपा सांसद क्षेत्र में विकास सुनिश्चित करेंगे: विष्णुदत्त

शर्मा ने कहा कि यह चुनाव कई मायनों में अलग प्रकार का चुनाव है। यह चुनाव किसी प्रत्याशी का नहीं, भाजपा में प्रत्याशी को निमित्त मात्र का होता है। भाजपा जनता और देश की सेवा करने के लिए कार्य करती है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम होता है। प्रधानमंत्री मोदी भारत को विकसित बनाने के साथ विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आप सभी पीएम मोदी के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान करें। भाजपा सांसद इस पूरे क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, विधायक रीति पाठक, जिला अध्यक्ष डॉ. योगेश पाल गुप्ता, रघुराज सिंह कंसाना, बलवीर सिंह दंडोतिया, पूर्व विधायक गिरिराज दंडोतिया, अनूप सिंह भदौरिया, नरेश यादव सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### निमंत्रण ठुकराने वाली कांग्रेस को जनता हर बूथ पर ठुकरा दे

शर्मा ने रविवार को ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में डबरा और भिंड लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में भिंड में रोड शो किया। भिंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रोड शो के बाद जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने वाली कांग्रेस पार्टी को जनता 7 मई को होने वाले मतदान में हर बूथ पर ठुकरा दे। —

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 मई 2024

07 शिविर में 6 घंटे में ही 488 लोगों ने किया रक्तदान



08 दिलीप कुमार की फिल्मों के 24 गानों से सजी रवींद्र...





# कोहेफिजा में होटल और रचना नगर में पटरी किनारे के पेड़ों में लगी भीषण आग

## होटल का एयर कंडीशनर, फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर हुआ खाक

## रानी कमलापति की ओर जाने वाली पटरी के किनारे लगे एक किमी तक के पेड़ हुए खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को दो जगह भीषण आग लग गई। पहली आग कोहेफिजा क्षेत्र में स्थित एक निजी होटल के भूतल में लगी, जिसमें उसका रेस्टटोरेंट भी था। दूसरी आग गौतम नगर की पटरी के किनारे जंगल में लगी। इससे रचना नगर से रानी कमलापति स्टेशन की तरफ जाने वाली पटरी के किनारे करीब एक किलोमीटर तक के पेड़ जलकर खाक हो गए। वहीं इस आग के बीच ट्रेनों का आना-जाना जारी रहा।

फतेहगढ़ फायर स्टेशन के फायर फाइटर शाहनवाज अहमद के अनुसार होटल रिलायबल हाउस में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से चारों तरफ धुंआ फैल गया, उसके बाद आग की लपटें निकलने लगी। होटल के कर्मचारी पहले तो स्वयं ही आग बुझाने की कोशिश करने लगे और फिर फायर ब्रिगेड को फोन किया। आग होटल के भूतल में लगी थी। सूचना मिलने पर फतेहगढ़ फायर स्टेशन से तुरंत दमकलों को मौके पर रवाना किया गया। तीन दमकलों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक आग की वजह से भूतल पर होटल का फर्नीचर और एसी समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग ज्यादा नहीं फैली, वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। आग के चलते सड़क पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई और इससे थोड़ी देर के लिए जाम के हालात बन गए। आग लगने का कारण एयर कंडीशनर भी हो सकता है। क्योंकि एसी चलने से बिजली की लाइन गर्म हो गई होगी। उसके बाद अभी इसकी जांच चल रही है।



**पटरी किनारे लगी भीषण आग के बीच निकलती रहीं ट्रेनें**



### तेज हवा की वजह से फैल गई आग

फायर ब्रिगेड रामेश्वर नील के अनुसार रेलवे ट्रैक किनारे लगी यह आग तेज हवा की वजह से तेजी से फैल गई। कई बार आग की लपटें 10 से 15 फीट ऊपर तक उठ गई। इस कारण रहवासियों ने फायर बिग्रेड और पुलिस को सूचना दी।

### ट्रैक के किनारे के हजारों हरे पेड़ झुलसे

आग की वजह से ट्रैक किनारे हजारों हरे-भरे पेड़-पौधे झुलस गए। कई पेड़ तो पूरी तरह से जल गए। इसी साल रेलवे ने रेलवे ट्रैक और गौतम नगर की मेन रोड किनारे बाउंड्री वॉल बनवाई है। इससे भी आग कॉलोनी की तरफ नहीं बढ़ सकी। शहर के गौतम नगर और रचना नगर से गुजरा यह मैन रेलवे ट्रैक है। जिस जगह आग लगी वह भोपाल रेलवे स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच है।

### रचना नगर के लोग घरों से बाहर निकले

एमपी नगर के पास गौतम नगर और रचना नगर में रेल पटरी के किनारे करीब 1 किलोमीटर लंबे जंगल में आग लग गई। इससे पास के मकानों रह रहे लोग बाहर निकल कर आ गए। क्योंकि इससे धुआं फैलने के साथ ही लपटें काफी ऊंची निकल रही थीं। इन लपटों से सामने के मकानों में नुकसान हो सकता था। फायर ब्रिगेड की अरीब आधा दर्जन गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। आसपास के रहवासियों का कहना है कि किसी ने कोई जलती हुई चीज फेंक दी होगी।

## भोपाल लोकसभा में भाजपा-कांग्रेस समेत 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में आमने-सामने

# थम गया चुनाव का शोर, आज 12 बजे से 2097 मतदान दल 916 लोकेशन के लिए होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के लिए राजधानी भोपाल में सात मई को होने वाले मतदान की जिला निर्वाचन कार्यालय ने पूरी तैयारी कर ली है। सोमवार को लाल परेड मैदान से मतदान सामग्री वितरित की जाएगी। दोपहर 12 बजे से 2097 मतदान दल 916 लोकेशन के लिए रवाना होंगे। इसके लिए डेढ़ हजार निजी और सरकारी बसों का अधिग्रहण किया गया है। अतिरिक्त अधिग्रहित बसों को विदिशा और राजगढ़ भी भेजा गया है।

इधर, मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। इधर, मतदान दल सबसे पहले बैरसिया विधानसभा के लिए रवाना होंगे। भोपाल लोकसभा सीट से 22 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसके चलते हर मतदान केन्द्र पर एक-एक कंट्रोल यूनिट और दो-दो बैलेट यूनिट लगाई जाएगी। इधर, जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार लाल परेड मैदान से मतदान सामग्री वितरण करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। रविवार शाम तक मैदान में ईवीएम सहित अन्य सामग्री पहुंच चुकी थी।



### 63 सहायक मतदान केन्द्र बनाए

जिले की सात विधानसभा क्षेत्र के लिए 2097 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही 63 सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या होती है। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जरूरत पडने पर मतदान कराने के लिए अतिरिक्त टीम और मशीन भी तैनात की जाएगी।

### सात विधानसभा के 21 लाख 15 हजार मतदाता करेंगे मतदान

भोपाल की सात विधानसभा सीटों पर 21 लाख 15 हजार 397 मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदाता गोविंदपुरा विधानसभा में 400938 मतदाता हैं। हुजूर विधानसभा में 3 लाख 81 हजार 263 मतदाता हैं। नरेला विधानसभा में 351596 मतदाता हैं। बैरसिया विधानसभा में 2 लाख 31 हजार 125 हैं। उत्तर विस में 247896 मतदाता हैं। दक्षिण-पश्चिम में 234727 वोटर हैं। मध्य विस में 247852 मतदाता हैं। जिले में 464 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं।

## मतदान के चलते ट्रैफिक व्यवस्थाः आज सुबह 6 बजे से कल शाम तक लाल परेड मैदान की ओर जाने वाले रास्ते का ट्रैफिक डायवर्ट

**भोपाल।** लाल परेड मैदान के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से मतदान के चलते सोमवार सुबह 6 बजे से मंगलवार को लोकसभा चुनाव का मतदान खत्म होने के बाद तक शाम के समय इस ओर आने-जाने वाले रास्तों पर ट्रैफिक परिवर्तित मार्ग पर चलाया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने पार्किंग व डायवर्सन व्यवस्था जारी की है। मतदान दलों के मतदान पेटी के साथ वापस लाल परेड ग्राउण्ड आगमन के दौरान कुछ मार्ग परिवर्तित रहेंगे। इसके चलते मुख्य रूप से डीबी मॉल तिराहे से जेल मुख्यालय रोटरी होकर कंट्रोल रूम तिराहे की ओर जाने वाला सामान्य यातायात (जीप/कार) डीबी मॉल तिराहे से मैदा मिल, जिन्सी धर्मकांटा होकर पुराने भोपाल की ओर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।

### इस मार्ग से गुजरें

- रोशनपुरा से भारत टॉकीज की ओर जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन बाणगंगा, मछलीघर, खटलापुरा, लिली टॉकीज होते हुए भारत टॉकीज की ओर जा सकेंगे।
- रोशनपुरा से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाली मिनी बसें व बड़ी बसें अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1 से होते हुए बोर्ड ऑफिस चौराहा, मैदा मिल, जिंसी धर्मकांटा, ऐशबाग फाटक से होकर भारत टॉकीज होते हुए चलेंगी।
- भारत टॉकीज से रोशनपुरा की ओर जाने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन लिली टॉकीज, खटलापुरा, मछलीघर, बाणगंगा, होते हुए रोशनपुरा की ओर आ सकेंगे।
- बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से एमपी नगर, न्यू मार्केट की ओर आने वाली मिनी बसें व बड़ी बसें भारत टॉकीज से होते हुए ऐशबाग फाटक, पुल बोगदा, बोर्ड ऑफिस चौराहे से लिंक रोड नंबर-1 होते हुए जा सकेंगी।

## सिटी बसों का चुनाव के लिए अधिग्रहण होने से सड़कों पर इंतजार करते परेशान दिखे यात्री

## नीट परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए ऑटो के देने पड़े 300 रुपए



*आज भी नहीं मिलेगी सिटी बसें,लोगों को ऑटो-टैक्सी से करना पड़ेगा आना-जाना*

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव में मतदान दलों को पोलिंग बूथ तक लाने ले जाने के लिए करीब 200 सिटी बसों का अधिग्रहण किया गया है। इसके चलते रविवार को यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। जिन रूटों पर आम दिनों में 15 से 20 बसें दौड़ती हैं, वहां सिर्फ 3 से 5 बसें ही चली। ऐसी ही स्थिति सोमवार को भी रहेगी।

### नीट एग्जाम के दौरान छात्र हुए परेशान

बसों की संख्या कम होन से सबसे अधिक परेशानी नीट एग्जाम देने के लिए बाहर से आए छात्रों को देखने को मिली। दरअसल, सिटी बसों के चुनावों के लिए अधिग्रहण के चलते बसों की संख्या कम होने से दूसरे जिलों से ट्रेनों से आने वाले छात्रों से रेलवे स्टेशन से सेंटर तक जाने के लिए तीन से चार गुना तक ऑटो चालकों ने पैसे वसूल लिए। नीट की परीक्षा देने विदिशा से भोपाल आई छात्रा सेजल ने बताया में ट्रेन से भोपाल तक पहुंची थी। यहां स्टेशन पर सिटी बस का इंतजार कर रही थी। जो बसें आ रही थी वह पूरी तरह से फुल थी। ऐसे में जब बस नहीं मिली तो मजबूरी में ऑटो लेना पड़ा। स्टेशन से रायसेन बायपास के पास छोड़ने के लिए आटो चालक ने तीन सौ रुपए ले लिए, जबकि बसों से 30 रुपए लगते हैं।

### 30 से 45 मिनट बाद मिली बस

यात्रियों का कहना है कि जहां अन्य दिनों में 2 से 5 मिनट में बस मिल जाती थी। लेकिन रविवार को बसों की संख्या कम होने से 30 से 45 मिनट के बाद बस मिली। इसके चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। तो वहीं इसके चलते कई लोगों को मजबूरी में अधिक किराए में ऑटो टैक्सी लेकर घर, अस्पताल सहित स्टेशन आदि जगहों पर जाना पड़ा। कटारा हिल्स क्षेत्र, मंडीदीप रूट पर बसों की संख्या कम देखने को मिली। इसके चलते इस रूट के यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## अन्ना नगर चौराहे पर लगा जाम घंटों परेशान होते रहे वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अन्ना नगर के पास मारी अम्मन मंदिर में महाकुंभ कार्यक्रम के बाद रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। बीच सड़क पर ही टेंट लगाने से यहां बड़ी संख्या भक्तों के आने व मुख्य चौराहे होने के चलते जाम की स्थिति बन गई। घंटों तक लोग परेशान होते रहे तो वहीं ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी का कहना है कि आयोजकों द्वारा कार्यक्रम को लेकर सूचना नहीं दी थी, लेकिन जब जाम की सूचना मिली तो तत्काल मौके पर ट्रैफिक जवानों को भेजकर जाम को क्लीयर कराकर यातायात सुचारू किया गया। हालांकि लोग जाम से जूझते रहे।

## आज से मौसम बदलेगा अपना मिजाज

# कहीं बौछारें, कहीं बढ़ेगी गर्मी, 8 से 9 के बीच कुछ जिलों में लू

7 से 9 मई के बीच भोपाल सहित कुछ जिलों में बादल, बौछारें, इस बीच कुछ जिलों में तापमान बढने से लू का असर भी होगा

रविवार को भोपाल सहित पश्चिमी मप्र के सभी और पूर्वी एमपी में कुछ जिलों के तापमान में 3 डिग्री तक की घट-बढ़ रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को प्रदेश के कई जिलों में बादलों के असर से पारे में 2 डिग्री तक घट-बढ़ रही। इससे गर्मी का मिजाज थमा रहा। सोमवार से मौसम में बदलाव होगा, जिससे पूर्वी मप्र के कई जिलों में बादल, बौछारें पड़ेंगी, जबकि भोपाल सहित पश्चिमी मप्र के कुछ हिस्सों में बादल छाएंगे। भोपाल में भी बादल और बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को पूर्वी मप्र में कुछ जिलों में बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सोमवार से मौसम बदलेगा, जिससे भोपाल सहित आसपास के कुछ हिस्सों में बादल, बौछारें हो सकती हैं। पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में भी बारिश होगी। आगामी 8 से 9 मई के बीच पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में लू भी चल सकती है। रविवार को मलाजखंड, सतना और खजुराहो में पारा एक से 2 डिग्री तक बढ़कर 43 डिग्री तक रहा। भोपाल, बैतूल, धार, गुना, इंदौर और उज्जैन में पारा 2 से 3 डिग्री तक गिरकर औसतन 40 डिग्री तक रहा। सबसे अधिक दिन का तापमान सतना में 43.2 और सबसे कम पचमढ़ी में 34 डिग्री रहा।

## फरवरी से नहीं मिला दवाओं के लिए बजट, पर्चे की अधिकांश दवाओं की कमी

इमरजेंसी वार्ड के हालात बद से बदतर मरीज हो रहे परेशान

# हमीदिया अस्पताल में दवाओं का टोटा, पेंटाजोल, ग्लूको मीटर की स्ट्रिप के साथ मरीजों को चढ़ाई जाने वाली नॉर्मल सलाइन भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में अब लोगों को वार्डों में जरूरी दवाओं की कमी से जूझना पड़ रहा है। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के हालात इतने खराब हैं कि यहां पर एसिडिटी जैसी आम समस्या की पेंटाप और रेनीटिडीन जैसी दवाओं का भी टोटा है। तीन हजार की ओपीडी और छह सौ की आइपीडी वाले अस्पताल में मरीजों को बाजार से दवाएं खरीदने को कहा जा रहा है।

पर्चे में लिखी जाने वाली 55 प्रतिशत दवाएं अस्पताल में नहीं हैं। ऐसे में चिकित्सकों के पर्चे मेडिकल स्टोर तक जा रहे हैं। यह स्थिति फरवरी माह से बजट नहीं मिलने के कारण बनी है। दवाओं की कमी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ग्लूको मीटर की स्ट्रिप और मरीजों को चढ़ाया जाने वाला नार्मल सलाइन भी नहीं है, जबकि इन दवाओं का स्टाक समाप्त होने के एक माह पहले ही अस्पताल प्रबंधन को आर्डर लगा देने थे। अभी अस्पताल में पैंटाजोल (एसिडिटी), लैसिक्स, मेट्रोजिल टैबलेट, मरोपेनम, नार्मल सलाइन (एनएस) कि कमी है।



### बजट आने के बाद आर्डर दिए हैं

अभी फरवरी से दवा खरीदी के लिए बजट ही नहीं था। अभी कुछ बजट आया है, जिसके बाद हमने आर्डर दिए हैं। जल्द से जल्द दवाओं की उपलब्धता कराने के लिए कंपनी के साथ भी संवाद में हैं।

**डॉ. सुनीत टंडन**, अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल

## तेज धूप से युवा हो रहे सेरेब्रेल वीनस थ्रोम्बोसिस के शिकार

### गर्मी से भी बढ़ता है ब्रेन स्ट्रोक दो दिन में आए 18 से 20 मरीज

**भोपाल।** आमतौर पर ठंड में ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ते हैं। मगर पिछले 10 दिनों से गर्मी के बढ़ने से ब्रेन स्ट्रोक के मामले भी बढ़े हैं। पिछले दो दिन अलग-अलग अस्पतालों में 18 से 20 मरीजों में ब्रेन स्ट्रोक के मरीज आए हैं। डॉक्टरों के अनुसार गर्मी के कारण आने वाले ब्रेन स्ट्रोक को सेरेब्रेल वीनस थ्रोम्बोसिस (सीवीटी) कहते हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि इसका संपूर्ण इलाज संभव है। साथ ही यह सर्दियों में आने वाले स्ट्रोक से कम घातक भी है।

### हमीदिया में आ रहे 4 से 5 मरीज

हमीदिया अस्पताल हर दिन चार से पांच मरीज सीवीटी के लक्षण के साथ आ रहे हैं। इनकी जांच में ब्रेन स्ट्रोक की बात की पुष्टी होती है। इन मरीजों सर में तेज दर्द, चक्कर आना, उल्टियां, झटके पड़ना समेत अन्य लक्षण देखे जा रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें ज्यदातर वे लोग हैं जो मजदूरी व अन्य श्रामिक कार्य अधिक करते हैं।

### सर्दियों में आने वाले स्ट्रोक से अलग गर्मी का स्ट्रोक

हमीदिया अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के साहयक प्राध्यापक डॉ. आयुष दुबे ने बताया कि ठंड के दौरान जो ब्रेन स्ट्रोक आता है, उसके ब्रेन इंफ्राक्ट कहते हैं। यह दिल से खून को दिमाग तक ले जाने वाली धमनियों को प्रभावित करता है। यह मरीज के लिए घातक होता है। इससे पूरी तरह से रिकवर होने में समय लगता है। इसके ज्यादातर मरीज बुजुर्ग होते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में आने वाले ब्रेन स्ट्रोक को सीवीटी कहते हैं। यह दिमाग से दिल तक खून पहुंचाने वाली नसों में थक्का जमने से होता है। साथ ही इसके ज्यादातर मरीज युवा व तेज धूप में काम करने वाले होते हैं। इसके मरीज जल्द रिकवर होते हैं।

**ऐसे बचाव**

- तेज धूप से बचें
- नियमित तरल पदार्थ लें
- सिर दर्द को नजरअंदाज ना करें
- सर को ढक कर बहार निकलें

In Loving Memory of



Smt. Reshma Harbaksh Singh Ji
02.07.1966 - 06.05.2023
[National Gen. Secretary, Forum for Awareness of National Security]

Your spirit is holding us tight from within,
that's why your presence is still ever so strong .
You are our moral compass ,
the joy of our childhood , our bedrock to leap into the future .
We Love you ever so deeply .
that One's heart could leap out of our chest.
And we speak for everyone, who came in touch
with you in your life that you are unforgettable,
and will remain beautiful in perpetuity .

In Remembrance
Sons- Vikkramaditya Singh, Singeshwar Singh and family
Mobile No. : 8104712288, 7738109926, 7837291933

# आलोक, विशाल और मनाजिर की 50 से अलीशा और अलहम वॉरियर्स जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस लाइन नेहरू नगर में स्व. केशर देवी स्मृति डे-नाइट टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जा रही है। रविवार को प्रतियोगिता का पहला मैच ह्यूज लोकेटर और अलहम वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें अलहम वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर टूर्नामेंट का सर्वाधिक स्कोर 230 रन बनाए। जिसमें आलोक ने 10 गगनचुंबी छक्कों और 12 चौकों की मदद से 93 रनों की बल्लेबाजी की, जबकि मनाजिर अली ने 54 रन, राशिद ने 36 रन और योगेश रजक ने 26 रनों का योगदान दिया। ह्यूज लोकेटर की ओर से सुमित तनेजा ने 3 विकेट लिए। रतनेश को एक सफलता मिली। ह्यूज लोकेटर 20 ओवर में 209 रन बना की। उनकी ओर से जवाबी पारी खेलते हुए जैद (54 रन), अरबाजुद्दीन (52 रन) सुमित तनेजा 32 रन और फराज ने 14 रन बनाए। नीतेश ने 4 विकेट चटकाए, जबकि कप्तान आमिर खान ने 3 विकेट झटके। आलोक को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

## कार्पोरेट वर्ग में अलीशा की सुपर हिटर्स पर जीत



वहीं शाम के दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर हिटर्स ने 17.5 ओवर में मात्र 126 रन बनाए। उनकी ओर से अद्र्धशतकीय पारी खेलते हुए सचिन जैन ने महत्वपूर्ण 51 रन बनाए जिसमें 2 शानदार छक्के भी शामिल हैं। इनके अलावा सौरभ यादव ने 22 रन और वैभव ने 19 रनों का योगदान टीम को दिया। गेंदबाजी करते हुए रविप्रकाश ने 3 और मधुर सेठ, विशाल व संकेत दुबे ने क्रमशः 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में अलीशा इंटरप्राइजेज ने 13.5 ओवर में 5 विकेट के खोकर 126 रनों का आसान लक्ष्य हासिल कर लिया। उनकी ओर से विशाल कहार 69 रनों की पारी खेली। धनराज गिरी ने 33 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए वैभव कुमार ने 2 विकेट लिए। अक्षय को 1 सफलता मिली। मैन ऑफ द मैच विशाल कहार रहे। आलोक और विशाल कहार को मैन ऑफ द अवार्ड से नवाजा गया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण राहुल सिडामे, योगराज सिंह, संतोष नारायण साठे ने किया। कॉमेंट्रेटर विकास यादव यू-ट्यूब लाइव एवं मंच संचालन कर रहे हैं।

सेफरॉन कप 2024
स्व. केशर देवी स्मृति टी-20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट



**आज के मैच**
पहला मैच - ह्यूज लोकेटर विरुद्ध स्पोर्टर्स ऐज
रात- 5.00 बजे।

### ओल्ड कैंपियन मैदान में स्व. अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

# हमीदिया ने यूबीसी को 123 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही स्व. अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को कॉर्पोरेट वर्ग में हमीदिया एवं यूबीसी में मैच खेला गया, जिसमें हमीदिया ने 5 विकेट पर 183 रन बनाए व यूबीसी को 123 रनों के अंतर से हराया। इसके पहले हमीदिया की टीम की ओर से ओसामा खान ने 48, राशिद अंसारी 50 और ओसाफ़ उर रहमान ने 43 युवराज ने 27 रनों की पारी खेली। यूबीसी के गेंदबाज अखिलेश, युवराज, विनय प्रकाश व आदि को एक-एक विकेट मिला। जवाबी पारी खेलते हुए यूबीसी की पूरी टीम 12 ओवर में 60 रन पर ही ढेर हो गई। इनमें वसीम ने 14 विवेक, कृष एवं राकेश ने 10-10 रनों की पारी खेली। हमीदिया की ओर से ओसामा खान व ओसाफ उर रहमान ने तीन-तीन विकेट लिए। अंकित शर्मा ,अमन बाथम को एक-एक व दीपक मालवीय को दो सफलता मिली। ओसाफ उर रहमान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## कमिश्नर एकादश ने सदय को 21 रन से हराया

विभागीय वर्ग में नगर निगम कमिश्नर एकादश व सदय एकादश के मध्य मैच खेला गया, जिसमें नगर निगम कमिश्नर एकादश ने 21 रनों से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर निगम की टीम ने निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर 189 रन बनाए। इनमें रवि नरवारे 78, अरविंद चौहान 44, मनाजिर 18 एवं मुदस्सर ने 16 रन बनाए। सदय के अनिरुद्ध ने दो व राहुल ने एक विकेट लिया। जवाब में सदय एकादश की टीम 20 ओवर में 158 रन ही बना सकी। इसमें जुबेर 25, संजय 55 और अनिरुद्ध ने 18 रन बनाए। नगर निगम के अरविंद चौहान एवं करन गिल को तीन-तीन, मुदस्सर आलम दो व जावेद को एक विकेट मिला। इसके साथ ही अरविंद चौहान मैन ऑफ द मैच चुने गए। उन्हें वरिष्ठ पत्रकार अक्षत शर्मा एवं कमलेश राठौर ने ट्रॉफी प्रदान की।

### गौतम नगर में चल रहे इंटर हाउस मुकाबले

# वाजपेयी हाउस ने दी पटेल हाउस को करारी शिकस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी में गौतम नगर मैदान पर रविवार को अटल हाउस और पटेल हाउस के मध्य मैच खेला गया। पटेल हाउस के कप्तान ने शौर्य ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। शौर्य ने 23 और क्षितिज ने 24 रनों का योगदान दिया। बाकी कोई भी बल्लेबाज श्रेयांश दुबे के गेंदबाजी के आगे नहीं टिक सके और पूरी टीम 83 रन पर ऑलआउट हो गई। श
रेयांश दुबे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा गामिनी उइके ने दो, आराध्या ने दो विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अटल हाउस ने कप्तान आर्यनम राजपूत ने 24 रन, सानिध्य सिंह ( शान ) ने 17 रन, कुश 19, दक्ष पाटिल ने 12 रनों का योगदान देकर अपनी टीम को जिता दिया। पटेल हाउस की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिराज और शौर्य ने एक-एक विकेट लिए। सारांश दुबे को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## जेकेट का शेष

### दो किमी के रोड...

व जय श्री राम के नारे लगते रहे। इस दौरान करीब 100 क्विंटल फूल बरसाए गए। गुलाब की पंखुड़ियों से सारी सड़कें पट गईं। रोड शो में राम जन्मभूमि पथ पर भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में मोदी के स्वागत के लिए विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहे। मध्य प्रदेश के नीमच जिले से आए हुए श्रद्धालु मैं हूं मोदी का परिवार पोस्टर के साथ राम मंदिर पथ के ठीक सामने जय श्री राम के जयकारे लगा रहे थे। उधर, इन सब के बीच रामलला का दर्शन भी निर्बाध रूप से चलता रहा। श्रद्धालु बिना किसी रोक-टोक के दर्शन करते रहे। बाराबंकी से आए श्रद्धालु सचिन गौतम ने बताया कि कहीं कोई रोक-टोक नहीं है। राम मंदिर में उन्हें सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने केवल इतना किया है कि श्रद्धालुओं की कतारें सिर्फ तीन कर दीं।

### एएसआई की ट्रैक्टर...

जिले के गोपालपुर इलाके में सोन नदी से अवैध रूप से खनन की गई रेत के परिवहन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक स्थानीय राजस्व विभाग के अधिकारी को कुचल दिया था।

### एएसआई बागरी ने ...

की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों पर हत्या की धारा 302, 379, 414 और 34 भादंसं में प्रकरण दर्ज कर टैक्टर चालक विजय राजावत और आशुतोष सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी सुरेंद्र सिंह को पकड़ने के लिए पुलिस टीम रवाना हो गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस नेता राधिका ...

कर रहे हैं। राधिका ने लिखा कि मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए। आज वहां ऐसे ही तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ा है, क्योंकि मैं अयोध्या में रामलला के दर्शन करने से खुद को रोक नहीं पाई। उन्होंने लिखा कि मेरे इस पुनीत कार्य का विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि मेरे साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए घटनाक्रम में मुझे न्याय देने से इनकार कर दिया गया। मैंने हमेशा दूसरों के न्याय के लिए हर मंच से लड़ाई लड़ी है, लेकिन जब स्वयं के न्याय की बात आई तो पार्टी में मैंने खुद को हारा हुआ पाया।

### कांग्रेस विधायक...

पटवारी की ओर से दिए गए आपत्तिजनक कमेंट् से वे काफी आहत हैं, वे महिलाओं की इज्जत तक नहीं करना जानते। इस वजह से कांग्रेस में रहने का कोई औचित्य नहीं जाता। उन्होंने कहा कि पटवारी की टिप्पणी के बाद से पूरे क्षेत्र की महिलाएं उनसे संपर्क कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की विकास की नीतियों से भी प्रभावित होकर भाजपा ज्वॉइन की है।

### राहुल अपनी नादानियों..

से सोना केवल पप्पू बना सकता है, और किसी को मालूम नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ लोकसभा के राघौगढ़ में रोड शो किया और जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने गुना लोकसभा के मुंगावली में भी जनसभा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर के राहतगढ़ की सभा में कहा कि इसी नादानियों के कारण से वे अपनी और पार्टी की फजीहत कराते हैं। हमारे यहां मुहावरा है नादान की दोस्ती, जी का जंजाल। ये मुहावरा राहुल गांधी के लिए बनाया है। इनको खुद को नहीं मालूम कि ये क्या करने वाले हैं। जब से राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी आ गए हैं, तब से हमारी पार्टी रोज बढ़ती जा रही है।

### विपक्ष के नेता देश...

प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत बगैर इंजन की रेल की तरह हो गई है।

### क्रिसेंट वाटर पार्क में...

था। मां ने मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिलने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार भोपाल के रहने वाले गौरव राजपूत का पेपर ट्रेडिंग का बिजनेस है। वे रविवार सुबह पत्नी अर्चना, 9 साल के बेटे आरुष, 2 साल के बेटे आरव और अपनी भाभी के साथ क्रीसेंट वाटर पार्क आए थे। आरुष वाटर पार्क में कम पानी वाले हिस्से में तैर रहा था। गौरव ऊपरी हिस्से में स्लाइडर पर थे। खेलते-खेलते आरुष पानी में डूब गया। जैसे तैसे बालक को लेकर परिवार के लोग सीहोर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि मृतक की आंखे परिवारजनों ने दान करने का निर्णय लेते हुए नेत्रदान किया। मामले को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

### भीषण सड़क ...

हो गई। हादसा नरेड़ी पेट्रोल पंप के पास रात 11 बजे लगभग हुआ। जानकारी अनुसार शनिवार रात बाइक पर मवास्या गांव से तीन युवक एक शादी समारोह में जा रहे थे। रात 11 बजे ट्रक की टक्कर से हादसा हुआ। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने घायल विनोद पिता भादर (22), राजकुमार उर्फ मोगली पिता मनोहर (15) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल भूरा पिता भगवान (20) को इंदौर रेफर किया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। टीआई तहजीब काजी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इस्कॉन आईजीसी...

के सभी मंदिरों में शोक की लहर है। सोमवार को गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का पार्थिव शरीर वृंदावन लाया जाएगा। इस्कॉन मंदिर में प्रभुपाद की समाधि के पास ही अंतिम दर्शन को सुबह 11 बजे से रखा जाएगा। दोपहर 2.30 बजे करीब उनको इस्कॉन की गोशाला के पास समाधि दी जाएगी। करीब दो से ढाई लाख भक्त उनके अंतिम दर्शन को वृंदावन आ सकते हैं। 1944 में नई दिल्ली में जन्मे गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज एक मेधावी छात्र थे, जिन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां प्रदान की गई थीं। उन्होंने 1968 में कनाडा में अपने गुरु और इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद से मुलाकात की और तब से उन्होंने सभी की शांति और कल्याण के लिए भगवान कृष्ण और सनातन धर्म की शिक्षाओं को दुनिया के साथ साझा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया।

### आतंकी हमला...

बाद विशेष विमान से पार्थिव देह नागपुर लाई जा रही है। नागपुर से सोमवार सुबह तक पार्थिव देह विशेष वाहन से छिंदवाड़ा लाई जाएगी। जिसके उनके गृहग्राम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### शहादत पर सीएम ...

शहीद होने की खबर अत्यंत दुखद है। मां भारती के लिए समर्पित अमर शहीद के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें, शोकाकुल परिवार जनों को अपार दुःख सहने की क्षमता दें। मध्यप्रदेश और संपूर्ण राष्ट्र आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़) R- 14/04 to 13/05/24

**खोया/पाया**

में अखिलेश कुमार सूर्यवंशी चिरायु कालेज आफ नर्सिंग बैरागढ़ भोपाल छात्र हु। यह है कि मेरा एक छोटा बैग गद दिवस रास्ते में कहीं गिर गया है जिसमें MPNRC मध्य प्रदेश नर्सिंग registrion काउंसिल भोपाल रजि. क्रमांक AI-37407,DII-36757 सहित अन्य दस्तावेज़ हैं। अगर किसी को मिले तो मो.नं. 9584678920 पर सूचित करें।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि पूर्व में मेरा नाम FAKHRUDDIN था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर FAKHRUDDIN KANCHWALA हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम FAKHRUDDIN KANCHWALA S/O ALI HUSSAIN से ही जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Banglow No. 60, Bhayaji road, Mhow, Maal road, Mhow, Post - Mhow, District- Indore (M.P.) - 453441

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**महालक्ष्मी फायनेंस**
*महिलाओं को विशेष छूट (सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस | कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी | व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड | मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725
B-01/05 to 30/05/24


**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)



## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5502



**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.प्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -5501 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | ■ | ■ | कु | रा | न | ■ |
| था | न | ■ | र | ■ | कै | ला | श | ■ | भ | ला |
| वा | ■ | ■ | खा | विं | द | ■ | ल | ■ | ■ | य |
| च | म | क | ना | ■ | ■ | त | ■ | क | स | क |
| क | ■ | या | ■ | क | ल | क | ल | ■ | ली | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | ल | ■ | रा | ■ | शा | म | ■ |
| ■ | रा | ■ | क | र | ता | र | ■ | म | ■ | ख |
| श | म | न | ■ | व | ■ | ■ | म | त | ल | ब |
| ह | ■ | ■ | म | ■ | दा | म | न | ■ | ■ | र |
| र | थ | ■ | ग | र | म | ■ | च | ■ | दा | दा |
| ■ | ल | की | र | ■ | ■ | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकु नवताल- 5513

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5512 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जेईई मेन में प्रभावकारी रैंक हासिल कर रचा इतिहास

## तीन में से एक आकाशियन को शीर्ष कॉलेज मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जेईई मेन 2024 ( सत्र 2) के परिणाम घोषित हो चुके हैं और आकाशियंस ने एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे यहां से 13485 प्लस होनहार आकाशियंस हुए हैं। कुल 1293 छात्रों ने 99 और उससे अधिक पर्शेंटाइल हासिल किए हैं। 9 आकाशियंस ने शीर्ष और 52 आकाशियंस ने शीर्ष 500 में एआईआर हासिल की है। 4 वर्षीय क्लासरूम छात्रा सानवी जैन (एआईआर 34, सीआरएल) महिला वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर (एआईआर 1) रही हैं और फिजिक्स एवं मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल के साथ कुल मिलाकर 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं।

### सानवी जैन ने फिजिक्स और मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल के साथ 100 पर्सेंटाइल हासिल किया

आकाशियंस एम. साई दिव्या तेजा रेड्डी और ऋषि शेखर शुक्ला - दोनों 4 वर्षीय क्लासरूम छात्र हैं जिन्होंने कुल मिलाकर प्रभावकारी 100 पर्शेंटाइल प्राप्त किए हैं। क्रमशः एआईआर 15 और एआईआर 19 के साथ तेलंगाना टॉपर रहे हैं। रचित अग्रवाल (एआईआर 25) पंजाब स्टेट टॉपर हैं और आकाश में 4 वर्षीय क्लासरूम छात्र है, जिन्होंने फिजिक्स और मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। आकाशियंस द्वारा प्राप्त ये शानदार परिणाम आकाश में प्रदत मार्गदर्शन और उत्तम तैयारी की गुणवत्ता के प्रमाण हैं। हाल ही में घोषित जेईई मेन (मुख्य) परिणाम में आकाशियंस के शानदार आँकड़े देखने को मिले। 100 पर्सेंटाइल- 257, (फिजिक्स/केमिस्ट्री/मैथ्स), 99+ पर्सेंटाइल 1293। 95+ पर्सेंटाइल 5841।

आकाश इंस्टीट्यूट ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सानवी जैन, ऋषि शेखर, साई तेजा रेड्डी और रचित अग्रवाल ने अपने साक्षात्कार में जेईई मेन के लिए तैयारी की योजना और सफलता में आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी साझा की। आकाश की कक्षाओं में नियमितता बनाए रखने, किसी भी टेस्ट में अनुपस्थित न रहने, डाउट्स क्लियर करने के लिए सदैव शिक्षकों की सलाह लेने, एफटीएस (फाइनल टेस्ट सीरीज) जैसी विशिष्ट एवं फोकस टेस्ट सीरीज की महत्वता के कारण उन्हें अपनी त्रुटियों का विश्लेषण करने और उन्हें दूर करने में सहायता मिली। इसके साथ ही सभी टॉपर्स ने पर्याप्त नींद और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने की भूमिका जैसे सामान्य विषयों पर भी बात की। सानवी जैन (एआईआर 1 - ऑल इंडिया महिला टॉपर, कर्नाटक टॉपर - एआईआर 34) ने बताया कि मैंने अपने पिता के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर आकाश में चार वर्षीय कोर्स के लिए 9वीं कक्षा में प्रवेश लिया था, जिससे मुझे




अपनी कमजोर अवधारणाओं को सुदृढ़ करने में सहायता मिली। एम.साई दिव्या तेजा रेड्डी (एआईआर 15 - तेलंगाना टॉपर) ने कहा कि मैंने आकाश में फाउंडेशन कोर्स से प्रारंभ होने वाले चार वर्षीय प्रोग्राम के लिए प्रवेश लेने के बाद, अपनी तैयारी के लिए योजना बनाने के महत्व को समझा, जिसे आकाश इंस्टीट्यूट ने प्रभावकारी रूप से पूरा किया।

ऋषि शेखर शुक्ला (एआईआर 19) ने कहाकि मुझे आकाश इंस्टीट्यूट के बारे में एक विशेष परीक्षा - एन्थे के माध्यम से पता चला। फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में व्यक्तिगत रुचि होने व मेरे माता-पिता के इंजीनियरिंग-बैकग्राउंड के कारण, मेरी जी की तैयारी के लिए आकाश बिल्कुल सही साबित हुआ। रचित अग्रवाल (एआईआर 25) के अनुसार मुझे आकाश के बारे में अपने बड़े भाई से पता चला, जो आकाश से पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में राजस्थान से सीएस कर रहे हैं। उनकी सफलता ने मुझे प्रेरित किया।

### 125 शहरों और विदेश के छह शहरों में आयोजित हुई थी परीक्षा

# वीआईटीईईई की प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित प्रथम रैंक हरियाणा के रूपिंदर सिंह ने हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेल्लोर




वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित हुए। बी.टेक में प्रवेश के लिए वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रवेश परीक्षा (वीआईटीईईई) की परीक्षा 19 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक भारत के 125 शहरों और विदेश के छह शहरों (दुबई, कुवैत, मस्कट, कतर, कुआलालंपुर और सिंगापुर) में कंप्यूटर आधारित प्रॉक्टर्ड परीक्षा के रूप में आयोजित किया गया था। वीआईटीईईई-2024 में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदकों ने भाग लिया। परिणाम पोर्टल https://ugresults.vit.ac.in/viteee पर उपलब्ध हैं, जिन्हें वीआईटी वेबसाइट www.vit.ac.in के माध्यम से भी देखा जा सकता है। प्रथम रैंक हरियाणा के रूपिंदर सिंह को, दूसरी रैंक राजस्थान के भानु महेश चेकुरी को, तीसरी रैंक आंध्र प्रदेश के ए.वेदान्थ को, चौथी रैंक असम की सुश्री आयुषी बैद को, पांचवीं रैंक उत्तरप्रदेश की सानवी सिंह को प्राप्त हुई। महाराष्ट्र के अभिराज रमाकांत यादव को छठी रैंक, उत्तराखंड के चैतन्य रमेश बोचरे को सातवीं रैंक, उत्तर प्रदेश के विक्की कुमार सिंह को आठवां रैंक, हिमाचल प्रदेश के सोहन हाजरा को नौवाँ रैंक और दसवां रैंक बिहार के साहिल को मिला। बी.टेक में प्रवेश के लिए एक लाख रैंक के भीतर के आवेदक वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, वीआईटी-वेल्लोर, वीआईटी-चेन्नई, वीआईटी-एपी एवं वीआईटी-भोपाल के संस्थानों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र हैं।

#### रैंकवार काउंसलिंग का कार्यक्रम इस प्रकार है

रैंक 1-20,000 के लिए चरण 1, 7 से 10 मई, 2024 तक है; 18 से 21 मई, 2024 तक 20,001-45,000 रैंक के लिए चरण 2; चरण 3- 29 मई से जून, 2024 तक रैंक 45,001-10,000 के लिए और चरण 4 रैंक 70,001- 1,00,000 के लिए 9 से 12 जन, 2024 तक।

### चना आयात को बढ़ावा और ट्रेडर्स को राहत मिलेगी

# केंद्र सरकार ने चना खरीद पर आयात शुल्क हटाया पीली मटर के लिए समय सीमा अक्टूबर तक बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते कई महीनों से दालों की कीमतों में नरमी नहीं दिख रही है। दालों की महंगाई दर 18 फीसदी से ऊपर चल रही है, जिसके चलते खाद्य महंगाई दर हर महीने बढ़ रही है। महंगाई से परेशान जनता को राहत देने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जिसके चलते बीते दिन केंद्र प्याज निर्यात पर लगी रोक को हटा दिया है अब विदेश से खरीदे जाने वाले चना पर आयात शुल्क को हटा दिया है। इससे चना आयात को बढ़ावा मिलेगा और ट्रेडर्स को कीमतों में राहत मिलेगी जो बाजार में दाम नीचे लाने में मदद करेगी। केंद्र ने पीली मटर के आयात की समयसीमा को बढ़ा दिया है।

दालों की कीमतों में नरमी का कोई संकेत नहीं दिख रहा है, ऐसे में केंद्र ने चना (बंगाल चना) पर आयात शुल्क हटा दिया है। इसके साथ ही पीली मटर के लिए आयात शुल्क विंडो को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। पीली मटर पर पहले से केंद्र ने आयात शुल्क हटा रखा है. चना पर 66 फीसदी का आयात शुल्क लगता है, जिससे ट्रेडर्स को चना काफी महंगा पड़ता है और गिने चुने ट्रेडर्स ही इसकी खरीद करते हैं। इन वजहों से बाजार में चना की कीमत अधिक रहती है तो आपूर्ति में भी दबाव बना रहता है।

#### रकबे में गिरावट के चलते कम उत्पादन



केंद्र ने पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को भी अक्टूबर के अंत तक बढ़ा दिया है, जिसका उपयोग अक्सर चने के विकल्प के रूप में किया जाता है। सरकार ने अप्रैल की शुरुआत में पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात को दो महीने बढ़ाकर 30 जून तक बढ़ाया था, जिसके बाद अब 31 अक्टूबर तक इसे बढ़ाया गया है।

#### बाजार में एमएसपी रेट से महंगा बिक रहा चना

मध्य भारत के प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में चने की कीमतें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,440 रुपए प्रति क्विंटल से 1015 फीसदी अधिक हैं। इसकी बड़ी वजह रकबे में गिरावट के चलते कम उत्पादन है। इसके अलावा अग्रिम उत्पादन अनुमान के अनुसार 2023-24 के लिए चना फसल का उत्पादन 121.61 लाख टन है, जो पिछले वर्ष के 122.67 लाख टन से थोड़ा कम है।

#### चालू सीजन में केवल 765 टन चना खरीदा गया

चने की कीमतों में तेजी के रुझान के कारण सरकारी एजेंसियों के लिए बफर स्टॉक के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दालों की खरीद करना कठिन हो गया है। नेफेड पोर्टल पर खरीद आंकड़ों के अनुसार चालू सीजन में चना खरीद 765 टन थी. इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने शुल्क मुक्त आयात की आलोचना करते हुए कहा कि इससे दूसरे देशों के दाल उत्पादकों को फायदा हो रहा है। जबकि, सरकार का तर्क है कि इससे दाल की उपलब्धता और आपूर्ति में आसानी होगी, जो खुदरा कीमतों के नीचे लाने में मदद करेगा।

# मंडी उड़नदस्ता दल ने पकड़ी अवैध परिवहन की 24 क्विंटल इमली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि उपज मंडी भोपाल के सचिव आरपी गुप्ता के निर्देशन एवं नियंत्रण में गठित आकस्मिक जांच दल के प्रभारी जीवन सिंह, राजपूत मोहम्मद, असलम ने बिना मंडी शुल्क भुगतान एवं बिना कागजात के अवैध परिवहन करते हुए 24 क्विंटल इमली पकड़ा। वाहन क्रमांक एमपी 04 जी बी 3398 में भरा 24 क्विंटल इमली राकेश साहू शमशाबाद का था। जो बिना अनुज्ञा पत्र और सौदा पत्रक के और मंडी शुल्क भुगतान किए वगैर अवैध परिवहन होकर भोपाल मंडी पहुंचा था।



मंडी दल ने वाहन को मंडी शुल्क चोरी होने का प्रकरण दर्ज किया और मौके पर वाहन चालक के कथन लेकर वस्तुस्थिति का पंचनामा तैयार कर वाहन को मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19 का उल्लंघन होने पर धारा 23 के तहत माल इमली को जप्त कर मंडी शुल्क वसूली की कार्रवाई करने के लिए मंडी में खड़ा किया गया।

#### पांच गुना मंडी शुल्क की राशि 3640 रुपए व्यापारी ने की जमा

तत्पश्चात राकेश साहू शमशाबाद मंडी कार्यालय में सचिव के समक्ष उपस्थित हुआ और आवेदन देकर निवेदन किया गया की वाहन में पकड़ी गई कृषि उपज इमली 24 क्विंटल मेरी है इस पर जो भी मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क बनेगा जमा करने को तैयार हूं। मै न्यायालय में कार्रवाई नहीं चाहता हैं तथा शुल्क जमा कर वहां छोड़ा जाए। अतः फर्म के आवेदन पर सचिव आरपी गुप्ता द्वारा विचार कर मंडी शुल्क 5 गुना 2640 एवं प्रशमन शुल्क 1000 कुल राशि 3640 मंडी कार्यालय में जमा करा कर वाहन को छोड़ा गया।

## पोको ने पेश की स्मॉर्टफोंस पर आकर्षक डील्स



नई दिल्ली। कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स पोको ने मई सेल के लिए अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोंस पर आकर्षक डील्स पेश की हैं, जो 1 मई से 10 मई तक केवल फ्लिपकार्ट और एमेजॉन पर उपलब्ध होंगी। इस सेल में ग्राहक अपने पसंदीदा उत्पाद आकर्षक ऑफरों के साथ शानदार मूल्य में खरीद सकेंगे। पोको एक्स6 प्रो मीडियाटेक डायमेंसिटी 8300 - अल्ट्रा एसओसी द्वारा पॉवर्ड है, जिसका मूल्य 22,999 रुपए है। इसमें 5000 वर्ग मिमी. का वीसी कूलिंग सिस्टम और वाईल्डबूस्ट 2.0 दिया गया है, ताकि गेमिंग के दौरान बेहतरीन परफॉर्मेंस मिले। इसमें 6.67 इंच का एमोलेड डिस्प्ले है, जो 120 हट्र्ज के रिफ्रेश रेट के साथ डॉल्बी विजन को सपोर्ट करता है, जो बेहतर कलर एवं कॉन्ट्रैस्ट के साथ व्यूइंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। इसमें 64 मेगापिक्सल का ओआईएस ट्रिपल रियर कैमरा और एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट है, जिसकी मदद से यह प्रेसिजन के साथ शानदार विज़ुअल्स कैप्चर कर सकता है।

# एलएंडटी, टाटा मोटर्स, एसबीआई और हीरो मोटोकॉर्प समेत 260 कंपनियां पेश करेंगी तिमाही नतीजे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तिमाही आय का मौसम अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू हुआ और अभी भी जारी है। इस सप्ताह दलाल स्ट्रीट पर 260 से ज्यादा कंपनियां वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए अपने प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड पेश करने वाली है। निवेशकों की नजर विशेष रूप से लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टीवीएस मोटर, हीरो मोटोकॉर्प, सिप्ला, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, भारत पेट्रोलियम कॉर्प लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, और आयशर मोटर्स के कमाई के आंकड़ों पर रहेगी।

#### आज इन कंपनियों के जारी होंगे चौथी तिमाही रिजल्ट

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस, ल्यूपिन, इंडियन बैंक, मैरिको, गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड, ग्रिंडवेल नॉर्टन, डीसीएम श्रीराम, हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज, रूट मोबाइल, अरविंद, प्रूडेंट कॉर्पोरेट एडवाइजरी सर्विसेज, चॉइस इंटरनेशनल, फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस, गुजरात हेवी केमिकल्स, मुथूट माइक्रोफिन, द बॉम्बे डाइंग कंपनी, कारट्रेड टेक, अरविंद स्मार्टस्पेसेस, मोस्चिप टेक्नोलॉजीज, स्टाइरेनिक्स परफॉर्मेंस मटेरियल्स, सुवेन लाइफ साइंसेज, एपकोटेक्स इंडस्ट्रीज, एयरोफ्लेक्स इंडस्ट्रीज, पंजाब केमिकल्स एंड क्रॉप प्रोटेक्शन, कामधेनु, ऑटोमोटिव स्टैम्पिंग्स एंड असेंबलीज, उत्तम शुगर मिल्स , ऑलएसईसी टेक्नोलॉजीज, सेलन एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजी, जीएचसीएल टेक्सटाइल्स, ऑर्बिट एक्सपोर्ट्स, इंडियन ब्राइट स्टील कंपनी, केमक्रक्स एंटरप्राइजेज, केपीटी इंडस्ट्रीज, अल्फालॉजिक इंडस्ट्रीज, कैपिटल ट्रेड लिंक्स, सिस्केम (इंडिया), इंडियन एक्रिलिक्स, स्मृति ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, इवेक्सिया लाइफकेयर और गुजरात टूलरूम 6 मई को अपनी चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान करेंगी।

#### कल जेएसडब्ल्यू एनर्जी और डॉ.रेड्डीज पर होंगी नजरें

पिडिलाइट इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, एसआरएफ, पीबी फिनटेक, यूनाइटेड ब्रुअरीज, वोल्टास, आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स, मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज, इंद्रप्रस्थ गैस, क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण, सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज, केईसी इंटरनेशनल, आईडीएफसी, कजरिया सेरामिक्स, सोनाटा सॉफ्टवेयर, जिंदल सॉ, नवीन फ्लोरीन इंटरनेशनल, ज्यूपिटर वैगन्स, चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स, ग्रेफाइट इंडिया, लेटेंट व्यू एनालिटिक्स, एलांटस बेक इंडिया, प्रोटीन ईगॉव टेक्नोलॉजीज, डेल्टा कॉर्प, सूरज एस्टेट डेवलपर्स, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन, कामधेनु वेंचर्स, इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स, कामत होटल्स (इंडिया), ओरिएंट बेल, फ्रेडन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, राणे इंजन वाल्व्स, मंगल क्रेडिट एंड फिनकॉर्प, श्री बालाजी वाल्व कंपोनेंट्स, शेखावाटी पॉली-यार्न, विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आशीर्वाद स्टील एंड इंडस्ट्रीज, केजेएमसी कॉर्पोरेट एडवाइजर्स (इंडिया), इंडो यूरो इंडकेम 7 मई को अपनी कमाई का लेखा-जोखा पेश करेंगे।

#### 10 मई को टाटा मोटर्स के प्रदर्शन पर रहेगी निवेशकों की नजरें

टाटा मोटर्स, बैंक ऑफ बड़ौदा, एबीबी इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सिप्ला, पॉलीकैब इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, थर्मैक्स, कल्याण ज्वैलर्स इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक, वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज, आरती इंडस्ट्रीज, चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स, पीरामल फार्मा, ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी, फाइन ऑर्गेनिक्स इंडस्ट्रीज, न्यूलैंड लेबोरेटरीज, सैफायर फूड्स इंडिया, ज्यूपिटर लाइफ लाइन हॉस्पिटल्स, दिलीप बिल्डकॉन, बजाज हिंदुस्तान शुगर, एएमआई ऑर्गेनिक्स, टीसीआई एक्सप्रेस, सुंदरम-क्लेटन, शारदा क्रॉपकेम, आईएसएमटी, नोवार्टिस इंडिया, वेंकीज, सुबेक्स, हेस्टर बायोसाइंसेज, रेप्रो इंडिया, एनसीएल इंडस्ट्रीज, निट्टा जिलेटिन इंडिया और बिड़ला केबल 10 मई को अपने रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगी। कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे, ग्लोबल मार्केट के रुख और वृहद आर्थिक आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा बाजार विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों, रुपये-डॉलर के रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों से भी संकेत लेगा। सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़ों से भी शेयर बाजार की गतिविधियां प्रभावित होंगी। मार्च के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े शुक्रवार को आने हैं।

## चीनी का घरेलू उत्पादन 316 लाख टन पहुंचा

नई दिल्ली। गन्ना की क्रशिंग एवं चीनी के उत्पादन का मौजूदा सीजन अब अंतिम चरण में पहुंच गया है और केवल 23 इकाइयां ही क्रियाशील रह गई है। हालांकि, पिछले सीजन की तुलना में इस बार चीनी का उत्पादन कुछ कम हुआ है लेकिन फिर भी घरेलू मांग एवं जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। सहकारी चीनी मिलों के शीर्ष संगठन- नेशनल फेडरेशन ऑफ को ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि चालू मार्केटिंग सीजन में 1 अक्टूबर 2023 से 30 अप्रैल 2024 तक देश में कुल 3129.75 लाख टन गन्ना की क्रशिंग हुई और इससे 315.90 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रं. 149 सेक्टर-सी, पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रं.-एस-01, द्वितीय तल स्थित जिसका क्षेत्रफल 41.80 वर्गमीटर आवंटी श्री के.आर. नायर आ. श्री के.पी. के. नायर, स्वयं एवं द्वारा मुख्तारआम श्री रविन्द्रनाथन जय कृष्णन, राजलक्ष्मी नायर पुत्र/पुत्री श्री के. आर. नायर के संयुक्त नामों पर अंकित है। आवंटी श्री के.आर. नायर स्वयं एवं द्वारा मुख्तारआम श्री रविन्द्रनाथन जय कृष्णन, राजलक्ष्मी नायर द्वारा उक्त प्रकोष्ठ का विक्रय श्रीमती निशा पारिख पत्नी श्री कीर्ति पारिख को कर विक्रय पत्र दि० 03.08.2023 को पंजीकृत कराया गया। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती निशा पारिख द्वारा उक्त प्रकोष्ठ का नामान्तरण / नाम सम्मिलित अपने नाम पर करने का निवेदन किया गया है।

यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

आम- सूचना

ख.क्र.1389/2/3 (एस) 1390/1
ग्राम बकानिया, तहसील हूजूर, जिला भोपाल

यह कि मेरे द्वारा अपने पक्षकार श्री रविन्द्र सिंह, कर्नल विक्रम सिंह एवं श्री धीरेन्द्र सिंह सेंगर के निर्देशानुसार श्री अनिल कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री बाबूलाल जी, निवासी-38, इब्राहिमपुरा, भोपाल म.प्र. के स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक- 1389/2/3 (एस) 1390/1 रकबा 0.120 हैक्टेयर (जिसका भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग -2 एल.पी. 042406 है ) ग्राम बकानिया, पटवारी हल्का न.37, रा.नि.मं. 04, विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल को विक्रय करने के संबंध में एक आम सूचना का प्रकाशन दैनिक भास्कर समाचार पत्र" में दिनांक - 19.10.2023 को प्रकाशित कराया गया था। जिसका खण्डन मेरे द्वारा इस आम सूचना पत्र के माध्यम से किया जा रहा है। यह कि मेरे पक्षकार एवं उक्त मूल स्वामी के मध्य आपसी सहमति से उक्त भूमि का सौदा निरस्त करते हुए समस्त संव्यवहार समाप्त कर दिया गया है, अब मेरे पक्षकार द्वारा प्रकाशित की गयी उक्त सूचना इस खण्डन पश्चात् प्रभावशून्य होती है, तदानुसार सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि पर मेरे पक्षकार का किसी भी प्रकार का हित, संबंध आदि नहीं रहा है और ना ही भविष्य में रहेगा। आज के पश्चात् मूल भूमिस्वामी- श्री अनिल कुमार अग्रवाल पुत्र स्व.श्री बाबूलाल जी उपरोक्त भूमि को अन्यत्र विक्रय, हस्तांतरण जैसा चाहे उपयोग/ उपभोग करने के लिए स्वतंत्र है।

भवदीय अब्राहम जोसफ (एडवोकेट)
जे.जे. एसोसिएट्स शाप नं.4 तवा कामप्लेक्स बिट्टन मार्केट, भोपाल
फोन: 4932555, मो: 9827069180


## बिजनेस न्यूज

### एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



भोपाल। एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय एलएनसीटी यूनिवर्सिटी व 92.5 बिग एफएम के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार मतदान करने वाले विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के समक्ष अतिथि डॉ.सपन जैन प्राचार्य, डॉ.विशाल शिवहरे डायरेक्टर व 92.5 बिग एएम की आरजे पीहू व अभिजीत के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए बाल रोग विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर शैलेश जैन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की भूमिका बताते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान अवश्य देना है ऐसा आवाहन किया गया । तत्पश्चात 92.5 बिग एफएम की आरजे पीहू के द्वारा सभी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर मतदान के लिए अपने वोट का प्रयोग करने के लिए संकल्पित किया गया साथ ही इसके लिए उनके द्वारा सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सपन जैन ने कहा कि आगामी 7 मई को अपने अवकाश का लाभ उठाते हुए मतदान अवश्य करना है । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ वर्षा वंजारी, पंचकर्म विभाग के प्रोफेसर डॉ.पंकज निगम शालाक्य तंत्र विभाग से डॉ निकिता बघेल डॉ.पल्लवी घाडगे ने अपना सहयोग प्रदान किया ।

### ओरिएंटल ग्रुप और यूएनएसीसी की पुस्तक 'मोदी को वोट क्यों दूं' 101 कारण विमोचन




भोपाल। ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स और यूएनएसीसी द्वारा आयोजित पुस्तक मोदी को वोट क्यों दूं 101 कारण विमोचन सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकांता के. पाणिग्रही, महानिदेशक, आईआईएसडी और अति विशिष्ट अतिथि डॉ.रजत शर्मा ग्लोबल चेयरमैन यूएनए सीसीसी रघुनंदन शर्मा, पूर्व सांसद राज्यसभा, अजय जोशी महासचिव यूएनए सीसीसी, सुरेश पचौरी पूर्व रक्षा राज्यमंत्री, प्रवीण ठकराल चेयरमैन ओरियंटल ग्रुप आदि उपस्थित हुए। इस मौके पर मौजूद वक्ताओं ने मतदाता शिक्षा में नागरिक भागीदारी और मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में शांतनु गुप्ता की विचारोत्तेजक पुस्तक मोदी को वोट क्यों दू -101 कारण के विमोचन किया गया।

### एसबीआई ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'कार रैली एवं वॉकाथन' आयोजित किया



भोपाल। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव में नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने और मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए रविवार को भोपाल में वृहद स्तर पर मतदाता कार रैली, नुक्कड़ नाटक एवं वॉकाथान काआयोजन किया गया। कार रैली का शुभारंभ टीटी नगर स्थित अटल पथ से प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन, जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया । इस कार रैली में लगभग 70 से अधिक चार पहिया वाहनों का काफिला शामिल था, जो कि सड़क के मुख्य मार्गो से होता हुआ भारत माता चौराहा, व्ही आई पी रोड, कलेक्टर कार्यालय,कमला पार्क, व्यापम चौराहा एवं विट्ठल मार्केट होते हुए शाहपुरा झील पर इसका समापन किया गया। रैली में शामिल प्रत्येक चार पहिया वाहन पर नागरिकों से अपना वोट डालने की अपील करने के साथ-साथ मतदान के महत्व को बताते हुये जागरूक करने संबंधी स्लोगन के बैनर प्रदर्शित किए गए थे। रैली रवाना होने से पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा मतदान के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष,निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने को लेकर आयोग पूरी तरह सतर्क और गंभीर है। एसबीआई द्वारा चलाए जा रही इस मतदाता जागरूकता कार रैली सहित नुक्कड़ नाटक एवं वॉकाथान के आयोजन की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस राष्ट्रीय पर्व में सहयोग देने के लिए एसबीआई का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक कुंदन ज्योति, अजिताभ परासर, नीरज प्रसाद एवं एसबीआई महिला क्लब की अध्यक्ष गीतू शेखर शर्मा सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भाभा विश्वविद्यालय और द सहायक ट्रस्ट के मध्य समझौता




भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय और द सहायक ट्रस्ट के बीच एक एमओयू (समझौता) हुआ। सहायक ट्रस्ट एनीमिया दूर करने के लिए खास तरह के किचन गार्डन को प्रमोट करता है। समझौते के अनुसार कृषि संकाय मे पढ़ने वाले छात्रों को आधुनिक किचन गार्डन लगाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत सफल छात्रों को एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस अवसर पर भाभा विश्विद्यालय के कुलसचिव डॉ.श्याम पाटकार और कृषि विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर सोनाली तंवर , फैकल्टी प्रो.अभय दुबे, प्रो. रेखा श्रीवास्तव तथा द सहायक ट्रस्ट की ओर से स्थानीय प्रबंधक पीयूष सोनी और डायरेक्टर राजेश के आर उपस्थित थे।

### विक्रमादित्य कॉलेज में फर्स्ट टाइम वोटर के लिए हस्ताक्षर अभियान



भोपाल। विक्रमादित्य कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज के फर्स्ट टाईम वोटर के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अनिवार्य मतदान के तहत विद्यार्थियों को प्रोहत्साहित किया गया। उन्हें बताया गया कि आपका एक गलत वोट आपके अपने भविष्य, समाज एवं देश के भविष्य को बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है। सभी विद्यार्थियों से अपील किया गया कि वे अपने परिवार के सभी वोटर को अनिवार्य एवं शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोहत्साहित करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के चैयरमेन आदित्य नारोलिया, डायरेक्टर डॉ. दीपिका नारोलिया एवं सभी प्राध्यापकगण उपस्थित हुए।

### निस्वार्थ कदम एनजीओ का नि:शुल्क भोजन वितरण अभियान



भोपाल । निस्वार्थ कदम एनजीओ ने नि:शुल्क भोजन वितरण अभियान की शुरूआत की है जिसके जरिए संदेशखाली के सैकड़ों लोगों को इस मानवता के कार्य का लाभ मिल रहा है। जहां सिलाई, पेंटिग, काढ़ाई, बुनाई, हैंडीक्राफ्ट आदि जैसे कौशल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। नि:स्वार्थ कदम संस्था के संस्थापक प्रमोद राघव ने बताया कि काफी लंबे समय से हमारी संस्था को संदेशखाली के लोगों की तरफ से मदद की अपील की जा रही थी जिसे हमारी टीम नें प्रमुखता से लेकर पं. बंगाल जाकर स्थानीय प्रशासन से मुलाकात कर संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्य की चर्चा की , जिसे प्रशासन ने अनुमति दे दी। प्रमोद राघव से स्थानीय लोगों को स्किल ट्रेनिंग करवाने का अनुरोध किया ताकि लोगों को स्वरोजगार का लाभ मिले।

### एआईएमए ने पेश किया एमएटी 2.0, भोपाल में कंप्यूटर-आधारित और पेपर-आधारित परीक्षण


भोपाल । ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन भारत में मैनेजमेंट के लिए सर्वोच्च संगठन है। यह संगठन भारत में मैनेजमेंट स्किल और क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग, सरकार, शिक्षा जगत और छात्रों के साथ मिलकर काम करता है ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट, एमबीए और पीजीडीएम प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है जो भारत भर के 600 से ज्यादा प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए अवसर प्रदान करती है। मई 2024 से एआईएमए एमएटी 2.0 की शुरुआत कर रहा है। एमएटी 2.0 में किए गए बदलावों में एग्जाम स्ट्रक्चर, विषय-वस्तु पर ध्यान और अवधि सहित विभिन्न पहलू शामिल हैं। एमएटी मई 2024 के लिए उम्मीदवारों का पंजीकरण जारी है। एमएटी भोपाल में कंप्यूटर-आधारित परीक्षण और पेपर-आधारित परीक्षण मोड में आयोजित होने वाला है। पीबीटी के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 मई, 2024 है और परीक्षा 2 जून, 2024 को निर्धारित है। सीबीटी के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 मई 2024 है और परीक्षा 26 मई, 2024 को निर्धारित है।

## चिंतन

# भारतीय क्षेत्र को अपना बताने का दुस्साहस नहीं करे नेपाल

नेपाल को कोई भी उकसावे वाले कदम नहीं उठाने चाहिए। चीनी प्रभाव में आकर भारत के प्रति किसी भी प्रकार का दुस्साहस नेपाल को ही भारी पड़ेगा। भारत प्रचीनकाल से नेपाल को सहयोग करता रहा है। दोनों देशों की संस्कृति भी एक है। नेपाल सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक रूप से भारत के बहुत करीब है। नेपाल की समूची अर्थव्यवस्था भारतीय सहयोग पर निर्भर है। इसलिए भारतीय क्षेत्र को अपने नोट में अंकित करना नेपाल की गरिमा के अनुरूप नहीं है। नेपाल ने जो नए नोट जारी किए हैं, जिन पर भारत के कुछ इलाकों को दर्शाया है, यह दुस्साहस ही है। नेपाल ने अपने नए नोटों में भारत के इलाकों-लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दर्शाया है। नेपाल अपनी विदेश नीति तय करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उसे अपनी सामरिक ताकत के हिसाब से ही चीजें करनी चाहिए। भारत के साथ संबंध बिगाड़ कर नेपाल अपना ही नुकसान करेगा। नेपाल के सामने श्रीलंका के हश्र का उदाहरण है, मालदीव की चीनपरस्ती के नतीजे का भी उदाहरण है। चीन का रिकार्ड रहा है, जो भी देश उसके करीब गया, उसके हिस्से आर्थिक तबाही ही आई। पाकिस्तान भी अच्छा उदाहरण है। चीन अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा के चलते छोटे देशों की संप्रभुता का सम्मान कर ही नहीं पाता है। चीन के अपने 13 सीमाई पड़ोसियों से सीमा विवाद है, नेपाल भी चीनी चाल को देख चुका है, दक्षिण चीन सागर में चीनी मनमानी सबके सामने है, फिलिपींस के साथ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चीन केस हार चुका है, ताइवान के साथ चीन का तनाव चरम पर है, शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि क्षेत्रों को चीन ने किस तरीके से अपने में मिलाया, यह उदाहरण भी नेपाल के सामने है, इसके बाद भी अगर नेपाल चीनी प्रभाव में आकर भारतीय क्षेत्र को अपने नोटों पर दिखाया है, तो यह उसके लिए आत्मघाती कदम है। भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा कि नेपाल भारतीय क्षेत्रों को अपना दिखाने की बचकानी हरकत करे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते बनाना जटिल होता है, अक्सर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में राजनीति का भी ध्यान रखना पड़ता है। जयशंकर का इशारा साफ है कि नेपाल किस तरह की राजनीति के तहत ऐसा कर रहा है। नेपाल में जब जब चीन समर्थित कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनती है, भारत के खिलाफ दुष्प्रचार शुरू हो जाता है। इससे पूर्व में भी नेपाल ने अपने नक्शे में लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को दिखाया था। उस वक्त भी चीनी प्रभाव में ऐसा किया था। भारत व नेपाल के बीच हुई संधि के तहत स्पष्ट है कि ये तीनों क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं, नेपाल को समझना चाहिए कि नक्शे में दिखा देने से या नोटों पर अंकित कर देने से भारत के क्षेत्र नेपाल के नहीं हो जाएंगे। भारत ने हमेशा कोशिश की है कि नेपाल को हरसंभव सहायता हमेशा मिलती रहे। नेपाल को अपनी कूटनीति के इतिहास को देखना चाहिए कि वह भारत के साथ किता सहज है, जबकि चीन ने नेपाल को कितना दंश दिया है। हिमालय क्षेत्र में चीन की अभी भी कई नेपाली हिस्से पर गिद्ध दृष्टि है। नेपाल की मंत्रिमंडल की बैठक में गत शुक्रवार को 100 रुपए के नोट पर नेपाल का नया राजनीतिक नक्शा छापने का फैसला किया गया है, जिसमें भारतीय इलाके लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को नेपाल के क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है। भारत को यह कतई मंजूर नहीं है, भारत सरकार इस मसले पर राजयनयिक चर्चा कर रही है, पर नेपाल को संयम से काम लेना चाहिए, किसी के उकसावे में नहीं आना चाहिए। भारत के साथ कटुता नेपाल के लिए ही ठीक नहीं है।

## सारा संसार



भगवान विष्णु को समर्पित और 108 दिव्य देसमों में से एक, उलगलांथर पेरुमल मंदिर, कांचीपुरम शहर में कामाक्षी अम्मन मंदिर के बहुत पास स्थित है। मंदिर महान ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है।

## सियासत

राजेंद्र बज



# जाति आधारित राजनीति चिंताजनक

बहुत ही सुलझी हुई विचारधारा के साथ राष्ट्रनायकों ने समाजवादी परिकल्पना को साकार करने के निमित्त आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु संवैधानिक रूप से विशेष प्रावधान किए। तत्कालीन देश काल और परिस्थिति के संदर्भ में यह कदम सर्वथा स्वागतयोग्य था। कालांतर में समर्पित तथा सुरक्षित मतदाता के रूप में लाभान्वित वर्ग को साधने और साधे रखने का राजनीतिक सिलसिला चल पड़ा। परिणामस्वरूप अल्पकालिक नीति को राजनीतिक स्वार्थसिद्धि के चलते बार बार दोहराया गया। वंचित वर्ग की घुटन, घुटन की अति से विस्फोटक रूप लेने लगी। मामला दो और दो चार की तरह स्पष्ट है। दरअसल सर्वहारा वर्ग के संपूर्ण कल्याण की पवित्र भावनाओं के साथ उठाए गए कदम का कोई विरोध नहीं था, लेकिन सत्ता के लिए की जाने वाली राजनीति के कर्णधारों ने समाज और समाज में अंतर की खाई को गहरा कर दिया। बेहतर होगा यदि राजनीतिक और सामाजिक प्रयासों से इस विषयक विरोधाभासों को दूर किए जाने के प्रयास किए जाएं। अन्यथा वर्ग संघर्ष का दंश विकसित भारत की राह में बाधक सिद्ध हो सकता है। अनेकता में एकता का हमारा सामाजिक तानाबाना, परस्पर सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण से परिपूर्ण रहा है, लेकिन निकृष्ट राजनीति के चलते परस्पर सामाजिक सद्भाव दांव पर लगता जा रहा है। इस संदर्भ में बद से बदतर स्थिति का आलम यह है कि जातिगत तथा वर्गीय आधार पर राजनीतिक संगठन गठित होने लगे हैं। यह निश्चित है कि यह संगठन आम नागरिकों के कल्याणार्थ क्रियाशील नहीं रहेंगे अपितु अपनी जाति या वर्ग के उत्थान को ही प्राथमिकता देंगे। कालांतर में जातिवादी राजनीतिक दलों की राजनीति तथाकथित अनेकता में एकता को तार-तार कर रख देगी। दरअसल समय रहते जाति व वर्गवाद की राजनीति को हतोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से समुदाय विशेष के सर्वांगीण विकास हेतु सामाजिक ध्रुवीकरण के प्रयास स्वागत योग्य होते हैं। किंतु नकारात्मक मानसिकता के आधार पर सामाजिक संगठनों की राजनीति अत्यंत घातक सिद्ध होती है। नीति और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति बीते समय की बात हो गई है। अलग-अलग जाति व वर्ग द्वारा अलग-अलग महापुरुषों को अपनी जाति व वर्ग का महानायक मान लिया गया है। प्रकारांतर से अलग-अलग समूह द्वारा अलग-अलग महापुरुषों का बंटवारा कर लिया गया है। यह स्थिति अत्यंत चिंता का विषय है। बेहतर हो यदि राजनीतिक दलों के आचरण एवं व्यवहार में भारतीय संविधान की मूल अवधारणा के अनुरूप आत्मसात की गई भावना स्पष्ट तौर पर दिखाई दे। इतिहास साक्षी है कि विभाजित समाज सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार सिद्ध नहीं कर सकता। दरअसल सामाजिक ढांचे को कुछ ऐसा गढ़ना होगा कि हर किसी के लिए कुछ कर गुजरने के समान अवसर उपलब्ध हो। निश्चित रूप से ऐसी ही कुछ परिकल्पना उन्होंने भी की होगी जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में तन मन धन से आहुति दी। बदलते संदर्भ में राजनीति के तौर तरीकों में भी आमूलचूल परिवर्तन करना होगा। अंग्रेजों की नीति अपनाने से क्षणिक राजनीतिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसके दूरगामी परिणामों के मद्देनजर सामाजिक एकता और अखंडता के ताने-बाने को छेड़ना नहीं चाहिए। बेहतर हो यदि समय रहते इस विषयक संज्ञान लिया जाए, ताकि अन्यान्य कारणों से देश प्रदेश की प्रगति में कोई बाधा न आ सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# तकनीक के प्रयोग की सीमा तय हो



एआई
उमेश चतुर्वेदी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गलत इस्तेमाल से अभी दुनिया जूझ ही रही थी कि इसका एक एक और चेहरा सामने आ गया। गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के जरिए चुनावी माहौल को बीजेपी के विरोध में मोड़ने की कोशिश एआई के बेजा इस्तेमाल का उदाहरण है। आरक्षण हटाने को लेकर शाह के वीडियो को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाकर उसे पोस्ट किया गया, जिसके पीछे उनका मकसद अमित शाह को बदनाम करना था। एआई के प्रयोग ने न सिर्फ तकनीक, बल्कि राजनीति के विद्रूप चेहरे को उजागर किया है। यह भी जाहिर किया है कि तकनीक को एक सीमा के बाद काबू में रखा जाना चाहिए।

नामी हीरोइनों के डीप फेक फोटो के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गलत इस्तेमाल से अभी दुनिया जूझ ही रही थी कि इसका एक एक और चेहरा सामने आ गया। गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के जरिए चुनावी माहौल को भाजपा के विरोध में मोड़ने की कोशिश एआई के बेजा इस्तेमाल का उदाहरण है। आरक्षण हटाने को लेकर शाह के वीडियो को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है।

गृह मंत्री अमित शाह का 'डीपफेक' वीडियो कथित तौर पर शेयर करने के लिए मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह वह प्रौद्योगिकी है जिससे एक वीडियो में छेड़छाड़ कर किसी ऐसे व्यक्ति के चेहरे को उसमें फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। इस फर्जी वीडियो में अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अमित शाह के जिस भाषण से छेड़छाड़ की गई है, वह 25 अप्रैल का है। उस दिन वह तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में भाजपा की चुनावी रैली में भाषण दिये थे। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इसके बाद गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस मामले में भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने भी सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाकर उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर शेयर किया गया, जिसके पीछे आरोपियों का मकसद भाजपा नेता अमित शाह को बदनाम करना था। शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर शेयर किया था। शिकायत के आधार पर महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ साइबर थाने में आईपीसी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। भारत आजादी की हीरक जयंती मना चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों से 2047 में देश के चहुंमुखी विकास की आए दिन बात करते हैं, लेकिन हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को प्रौढ़ होना चाहिए था, लेकिन नहीं हो पाई। आज की राजनीति की ओर देखते हैं तो विनोबा की एक पंक्ति याद आती है। चारों तरफ सुराख ही सुराख हैं। आज की राजनीति के लिए सत्ता सबसे बड़ा लक्ष्य हो गई है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह हर तरह के काम करने को तैयार बैठी है। इस प्रक्रिया में वह न्यूनतम नैतिक आचरण की बुनियादी शर्त को भी झुठला रही है। इसमें वह आधुनिक तकनीक का सहारा भी ले रही है। मोटे तौर पर



देखें तो फेक बयान वाले वीडियो का मामला तकनीक की सीमाओं के विस्तार के साथ ही तकनीकी नैतिकता का सवाल भी उठाता है। इसे महान वैज्ञानिक आइंस्टाइन के सापेक्षिकता के सिद्धांत के जरिए समझ सकते हैं। अक्टूबर 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के आखिर में अमेरिका ने जापान के नागासाकी और हिरोशिमा पर जिन अणु बमों को गिराकर मानवता को भयंकर नारकीय चोट पहुंचाई थी, उनके निर्माण का आधार आइंस्टाइन का सापेक्षिकता का सिद्धांत ही था। मानवता को कराहते देख आइंस्टाइन ने कहा था कि अगर वे जानते कि उनकी खोज से ऐसा नरसंहार हो सकता है तो वे इस खोज को दुनिया के सामने ही नहीं लाते। लोकतांत्रिक व्यवस्था मोटे तौर पर संवैधानिक नियमों से चलती है। हालांकि संविधान की शायद ही कोई किताब होगी, जिसमें नैतिकता का जिक्र हुआ है। नैतिक आचरण की परिभाषा भी नहीं दी गई है। इसके बावजूद गतिशील लोकतंत्र की बुनियादी शर्त नैतिकता और शुचिता को स्वीकार करना है। बेशक राजनीति दांवपेच का खेल है। आज दुनिया ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सबसे बेहतर शासन व्यवस्था के रूप में स्वीकार किया है। इसके बावजूद हकीकत यह भी है कि दुनियाभर में सियासी फायदे के लिए दांवपेच लगाए जाते हैं, लेकिन इस उठापटक के खेल में भी न्यूनतम नैतिकता की उम्मीद दुनियाभर के मतदाता अपने राजनेताओं से रखते हैं। स्वाधीनता आंदोलन की कोख से उपजी भारतीय राजनीतिक दुनिया की पहली पीढ़ी की नैतिकता, ईमानदारी और आचरण की पवित्रता से जुड़े तमाम किस्से हम सुनते-पढ़ते रहे हैं। गांधी जी की ओर जब हम देखते हैं तो पाते हैं कि वे अक्सर नई तकनीक का विरोध करते नजर आते हैं। उनका यह विरोध तकनीक के ऐसे ही नकारात्मक इस्तेमाल की आशंका के चलते था। यह आशंका रोजाना सही साबित हो रही है। एआई के इस्तेमाल से राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने की शायद यह पहली कोशिश है। अब तक अराजक तत्व दंगे फैलाने, गलत सूचनाओं को सही साबित करने आदि के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते रहे हैं, लेकिन एआई के जरिए फेक सूचना और बयान को तैयार करके सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित करने का यह पहला मामला है। एआई से तैयार की जाने वाली सूचनाओं और बयान आदि की खासियत है कि ये हूबहू लगते हैं, लेकिन चूंकि मौजूदा दौर नैरेटिव को प्रसारित करने का है, वह गलत है या सही है, बाद की बात है। अमित शाह का फेक बयान एआई के जरिए तैयार करके प्रसारित करने का मकसद यह है कि जब तक उसकी सच्चाई सामने आए, अमित शाह चौंके, तब तक संदेश का नकारात्मक असर फैल चुका होगा। बहरहाल इस मामले की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने जिस तरह राजनीति की दुनिया की बड़ी हस्तियों को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा है, उसे लेकर राजनीति होनी शुरू हो गई है, लेकिन यह भी सच है कि अगर एआई के इस बेजा और फेक इस्तेमाल में बड़ी मछलियां फंसी तो भारतीय राजनीतिक तंत्र के इतिहास में यह बड़ा मामला होगा। राजनीतिक नैतिकता की गिरावट का भी यह बड़ा उदाहरण होगा।

राजनीति की दुनिया नैतिकता की सबसे ज्यादा बात करती है। चूंकि फेक बयान के मामले में शक राजनीति पर ही है और प्रभावित राजनीति ही है, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि एआई के उपयोग को वैधानिक दायरे में बांधने और उसे नैतिक बनाने की कानूनी कोशिश राजनीति ही करेगी। एआई के इस्तेमाल को इसे नियम संयत बनाने और बेजा इस्तेमाल करने वालों के लिए समुचित दंड की व्यवस्था इस उदाहरण के बाद मदद मिलेगी। एआई के प्रयोग ने न सिर्फ तकनीक, बल्कि राजनीति के भी विद्रूप चेहरे को उजागर किया है। यह भी जाहिर किया है कि तकनीक को एक सीमा के बाद काबू में ही रखा जाना तो चाहिए ही, उसे नैतिकता के दायरे में भी कहीं ज्यादा कसा जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित

## दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं।

# तुलसीदास ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित

## प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जिसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिए। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री से पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय-जय सीताराम निकल गया। परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया। परिवार की भी बात रह गई।

## सटाका




## आज की पाती


### हंसना जरूरी, लेकिन बेवजह नहीं

सारी दुनिया में मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। हास्य योग के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया ने दुनिया, देश और समाज में हास्य की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से ही शायद 11 जनवरी, 1998 को मुंबई में विश्व हास्य दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। इस दिन दुनिया के बहुत से देशों में हास्य व्यंग्य, कविता, चुटकले और हंसने-हंसाने के बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। टीवी, अखबारों और अन्य बहुत से साधनों द्वारा बहुत से हास्य कलाकार प्रोग्राम पेश करते हैं। जिंदगी में अगर हंसने-हंसाने को हम उतना जरूरी बना लें जितना खानपान, अन्य जरूरी कामों को बनाते हैं तो हमारी जिंदगी तनावमुक्त गुजरेगी। हंसना वो औषधि है जो किसी बीमार व्यक्ति को भी तंदुरुस्त करने में मददगार साबित हो सकती है। *- सोहन वर्मा, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# यूएनजीए अध्यक्ष ने सुनाया महात्मा गांधी का बड़ा संदेश

प्रेस की आजादी पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को विश्व शांति दूत और भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नाम याद आया। महात्मा गांधी के संदेश का जिक्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने सदस्य देशों से दुनियाभर में पत्रकारों और मीडियाकर्मियों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का आह्वान किया। फ्रांसिस ने 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' पर पोस्ट में कहा कि प्रेस की आजादी पर हमले लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। गलत सूचना, दुष्प्रचार और पर्यावरणीय संकट के बावजूद समाज को मीडिया की स्वतंत्रता, विशेषज्ञता और अखंडता की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। गांधी के शब्दों में प्रेस की आजादी एक अनमोल विशेषाधिकार है जिसे कोई भी देश नहीं छोड़ सकता। दुनिया भर में पत्रकारों और मीडियाकर्मियों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। अध्यक्ष फ्रांसिस ने अपने संदेश में कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का एक मुख्य घटक है। प्रेस की स्वतंत्रता पत्रकारों और मीडिया संगठनों को बिना सेंसरशिप या धमकी के स्वतंत्र रूप से काम करने एवं निष्पक्ष रूप से समाचार प्रकाशित करने के अधिकार को मान्यता देती है।



## ऑफ बीट

# हर कोई चाहता है आत्म-सम्मान

भले ही आपकी बात में कितना ही दम क्यों न हो, लेकिन किसी को समझाना-बुझाना यानी 'पर्सुएशन' इतना कठिन क्यों होता है? दर्शनशास्त्री के तौर पर मैं पर्सुएशन में खासतौर पर रुचि रखता हूं। इसमें आपको न केवल यह पता होना चाहिए कि आपको किस तरह किसी को समझाना है, बल्कि यह जानना भी जरूरी है कि इसे बिना किसी हेरफेर के नैतिक रूप से कैसे किया जाए। मैंने इस बारे में सबसे गहरी अंतर्दृष्टि जर्मन दार्शनिक इमैनुअल केंट से पाई है, जिन पर मेरा शोध केंद्रित रहा है। केंट 300 साल पहले 22 अप्रैल 1724 में जन्मे थे। नीतिशास्त्र पर अपनी अंतिम पुस्तक 'द डॉक्टरीन ऑफ वर्च्यु' में केंट लिखते हैं कि जब हम किसी अन्य के विचारों को दुरुस्त करने का प्रयास करते हैं तो हर किसी का एक निश्चित कर्तव्य होता है। यदि हमें लगता है कि वे (विचार) गलत हैं, तो हमें उन्हें 'बेतुकापन' या 'खराब' कहकर खारिज नहीं करना चाहिए, बल्कि यह मानना चाहिए कि उनके विचारों में 'कुछ सच्चाई है।' केंट के कहने का मतलब है कि यह स्वीकार कर लेना कि हम जो नहीं जानते, वह अन्य लोग जानते हैं, एक विनम्रता की तरह लगता है। हालांकि यह इससे भी महत्वपूर्ण होता है।



## ट्रेंड

### सस्ती बिजली का लाभ



हमारा कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परिवर्तन पर्याप्त तेज़ और निष्पक्ष हो - वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना, और 2030 तक सभी को सस्ती स्वच्छ बिजली का लाभ पहुंचाना।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हमारा सामूहिक पाप



हैती मंगल ग्रह पर नहीं है. यह उसी पृथ्वी का एक हिस्सा है। पीड़ित हाईटियन एलियंस नहीं हैं; वे हम में से एक हैं। यह सामूहिक उदासीनता हमारा सामूहिक पाप है। यह एक पुरानी नैतिक ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की कमी है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### आत्मविश्वास से जीवन सिद्धि



ध्येयनिष्ठ एवं पुरुषार्थी साधकों के समक्ष कोई भी चुनौती उनके उत्साह और प्रगति को बाधित नही करती। जिन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित कर लिए हैं, उनके जीवन में मान-सम्मान जैसी अवस्थाएं बाधाएं नहीं बनती। आत्मविश्वास से ही जीवन सिद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### आपने 10 साल में क्या बनाया



वे पूछते हैं कि 70 सालों में क्या किया? हमने आईआईएम बनाए, आईआईटी बनाई, एम्स बनाए, एचएएल, भेल बनाया, राष्ट्रीय महत्व के जिस संस्थान का नाम लीजिए, कांग्रेस ने बनाया। आपने 10 साल में क्या बनाया, ये क्यों नहीं बताते?

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मतदाता के लिए रैली निकाल किया जागरूक



**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के निर्देशानुसार लोगों को मतदान के लिए जागरुक करने वार्ड 2, 4, 5, 13, 14, 15 में सभी विभागों ने रैली निकाली गई। मतदाताओ से अपील की गई है कि 7 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान अवश्य करें। मतदातात जागरुकता अभियान में विनोद जैन, मुकेश जैन, कैलाश मालवीय, राजकुमार शर्मा, प्रमोद तिवारी, प्रमोद कुमार पांडेय, विनोद यादव, सुशील चतुर्वेदी, कन्हैया धुर्वे, आशीष यादव, बृजकिशोर यादव, जितेंद्र सिरसवाल, हरिशंकर मोहनलाल नागर, मुकेश वर्मा, दीपेश वैरागी, सुरेश मालवीय, संजय वाजपेयी, चंद्रभान जैन, ऋतिक खरे, महेश मीणा, प्रियंका झरिया, दीक्षा पटेल, रेखा बामन, कृष्णा शर्मा, खनिज खान, सनी अग्रवाल, रजनीश दुबे, उमेश चंदेल, कीर्ति राम कुशवाहा, पवन निरापुरे, प्रीतम गौर आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

### आचार्य आर्जव सागर को श्रीफल भेंट किए



**मंडीदीप।** रविवार को नगर के जैन समाज ने बावड़िया कलां पहुंचकर आचार्य आर्जव सागर महाराज ससंघ को मंडीदीप आने के लिए अर्घ्य सहित श्रीफल भेंट कर आमंत्रित किया। इस दौरान आचार्यश्री ने युवाओं से भक्ति मार्ग अपनाने का आह्वान कर कहा कि जिनाभिषेक, गुरुओं को आहार दान सेवा करनी चाहिए। सांसारिक इच्छाओं से बचकर भक्ति की इच्छा जगाएं। इस दौरान समाज के कई लोग मौजूद रहे।

### हरजीत सिंह ने ग्रामीणों को बताई योजनाएं



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को हरजीत सिंह मंगू ने औबेदुल्लागंज ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र आमचा खुर्द, मियांपुर, ताजपुर, काली तराई में चुनाव प्रचार किया और ग्रामीणों को कांग्रेस की योजनाएं बताई।

### मतदान के लिए चावला अरोरा ने की अपील



**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के नेता गिरीश चावला, बल्लू अरोरा ने मतदाताओं से चर्चा की और कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी को मतदान करना है। चुनाव में मतदान शत-प्रतिशत हो, इसीलिए हर वर्ग को सहयोग कर मतदान करना होगा। सबसे पहले मतदान करें, फिर दूसरा काम करें। सरकार चुनने और अपने क्षेत्र के विकास के लिए मतदान जरूरी है।

### सिंधी मेला समिति का नाइट टफ क्रिकेट टूर्नामेंट 9 से

**संतनगर।** सिंधी मेला समिति भोपाल में पहली बार नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 12 मई तक सीहोर रोड स्थित क्लब 7 टफ एंड कैफे करेगी। सिंधी मेला समिति के महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि टूर्नामेंट में भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद, रतलाम संभाग की 24 टीमें हिस्सा ले रही है। विजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम तक 21 हजार रुपए पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। टूर्नामेंट 4 दिनों तक चलेगा।टूर्नामेंट मनीष दरयानी की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है।

# पुलिस की अवैध शराब तस्करों पर कार्रवाई, आधा दर्जन तस्कर गिरफ्तार

## हबीबगंज, अशोका गार्डन, शाहपुरा, टीटी नगर समेत अन्य इलाकों में धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज और अशोका गार्डन में चैकिंग के दौरान अवैध शराब के साथ कई तस्करों को गिरफ्तार कर हजारों की शराब जब्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार दोपहर जयप्रकाश अस्पताल के पास चैकिंग के दौरान बाइक सवार युवक को रोका गया तो उसके पास तीन सौ क्वार्टर अवैध शराब रखी मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रतन विश्वकर्मा निवासी जहांगीराबाद बताया। पुलिस ने उसके पास से 21 हजार रुपए कीमत की अवैध शराब और बाइक जब्त कर ली है। पांच नंबर स्टॉप के पास राहुल साहू निवासी शाहजहांनाबाद को पकड़कर 7 हजार की अवैध शराब जब्त की गई है। अशोका गार्डन पुलिस ने कैलाश नगर के पास स्कूटर पर अवैध शराब लेकर जा रहे हर्ष राजपूत को पकड़ा व 47 हजार की अवैध शराब और स्कूटर जब्त की गई। आरोपी नमन राजपूत मौके से भाग निकला। इधर, शाहपुरा पुलिस ने दाना पानी रोड से लखन सिंह जाटव, सब्जी फार्म के पास कमलसिंह जाटव और शाहपुरा गांव से अंशुल गुप्ता को अवैध शराब के साथ पकड़ा। तीनों से साढ़े चार हजार रुपए की शराब जब्त की गई है। मद्रासी कॉलोनी टीटी नगर से सुधीर गायकवाड़, बजरंग मार्केट गोविंदपुरा से किशन नागर और आकाश मेहरा, कोलुआ जोड़ छोला मंदिर से दीपक साहू और सैनिक ढाबा के पास खजूरी सड़क से नितिन अहिरवार से हजारों की अवैध शराब जब्त की गई है। देहात की सूखी सेवनिया पुलिस ने अजय सिसौदिया, बैरसिया पुलिस ने मुकेश शाक्य, अमर सिंह शाक्य, कालूराम जाटव, सूरज सिंह और अमित राजपूत को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। ग्राम रुनाहा से शिवप्रसाद दांगी और रामचरण गुर्जर को अवैध शराब के साथ पकड़ा।

### बोलेरो वाहन से 24 पेटी अवैध शराब जब्त



क्राइम ब्रांच की टीम ने अवैध शराब से लदी एक बोलेरो जीप समेत दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से शराब और जीप समेत करीब सवा नौ लाख रुपए का माल जब्त किया गया है। मुख्य आरोपी के खिलाफ पिपलानी थाने में लूट का मामला पहले से दर्ज बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि एक बोलेरो जीप में हजारों रुपए की अवैध शराब लादकर दो व्यक्ति गांधी नगर स्थित बायपास पर खड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ पर चालक ने अपना नाम अंकित सेन (25) निवासी थाने के पीछे, महुआखेड़ा बैरसिया और दूसरे ने अनिल सिंह राणा (26) निवासी हाथरस उत्तर प्रदेश, हाल निवासी विदिशा रोड बैरसिया बताया। जीप में 24 पेटी अवैध शराब लदी मिली, जिसे जब्त कर लिया। शराब और जब्त हुई जीप की कुल कीमत सवा नौ लाख रुपए बताई गई है।

### दो गांजा तस्करों से पांच किलो 200 ग्राम गांजा जब्त




क्राइम ब्रांच की टीम ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत एक लाख दस हजार रुपए हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच के सूचना मिली मालीखेड़ी रोड भानपुर स्थित पातरा पुलिया के पास मौजूद दो लड़के मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपने नाम अमन ठाकुर (22) निवासी ग्राम पीपलखेड़ा थाना गुनगा और राहुल रावत (22) निवासी रासलाखेड़ा थाना ईटखेड़ी बताया। दोनों के पास मौजूद पिट्ठू बैग खोलकर चैक किए तो उसमें 5 किलो 200 गांजा रखा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

विधायक पटवा ने मतदाताओं से किया वोट डालने का आह्वान

# देश का विकास, सबका सम्मान, हर वर्ग की मदद के लिए मतदान जरूरी: पटवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा ने कहा कि यह बड़ा सौभाग्य है कि हम विश्व के महान लोकतंत्र भारत के निवासी हैं। पटवा ने कहा कि हम अपने देश का भविष्य, देश की सत्ता की बागडोर सौंपने का निर्णय स्वयं ले सकते हैं। पटवा ने कहा कि विकास को बढ़ावा देने में चुनाव का महत्व बढ़ जाता है। आम नागरिकों को हित और धर्म की रक्षा महिलाओं के लिए सम्मान, युवाओं, छात्रों को बढ़ाना और किसानों को आगे लाने के लिए सबका साथ सबका विकास, सबका सम्मान और हर वर्ग की मदद के लिए चुनाव प्रक्रिया

### राष्ट्र के भविष्य के लिए मतदान को पहले दें महत्व

पटवा ने कहा कि मतदाताओं यह समझना चाहिए कि यह हम सभी की सामूहिक जवाबदारी है कि हम अपने



राष्ट्र के भविष्य के लिए मतदान को पहले महत्व दें। पटवा ने कहा कि राष्ट्र का सम्मान बढ़ाने, विश्व में भारत का नाम सर्वोच्चता से आगे लाने का कार्य करने वाले वीरों सपूतों को मतदान करें, जिससे राष्ट्र मजबूत हो सके। प्रत्येक वोट आशा की किरण है। पटवा ने कहा कि भगवान श्रीराम का मंदिर बनने से विदेश सहित देश में भारत का मान सम्मान बढ़ा है।

### सरकार चुनने का अवसर मतदाता के हाथ में: सुरेंद्र

*राष्ट्र को समर्पित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, राजमाता विजय राजे सिंधिया, पद्म विभूषण पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने मार्गदर्शन कर देश का विकास किया। पटवा ने कहा कि मतदाता अवश्य मतदान करें। सरकार चुनने का अवसर मतदाता के हाथ में ही होता है। पटवा ने युवा, महिला, बुजुर्ग से मतदान कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपील की है।*

### विहिप, बजरंग दल की बैठक में बनी आगामी कार्ययोजना



**संतनगर।** विहिप बजरंग दल जिले की बैठक बैरागढ़ गुलाब उद्यान में हुई। बैठक में विहिप बजरंग दल के आगामी कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें विहिप के होने वाले प्रांतीय वर्ग, बजरंग दल, परिषद वर्ग, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी वर्ग व धर्म रक्षा निधि लक्ष्य प्राप्ति की योजना बनाई गई। बैठक में चुनाव में 100% मतदान करवाने के सार्थक प्रयासों का संकल्प लिया गया। बैठक में विभाग मंत्री राजेश साहू, धर्मप्रसार जीतू कटारिया आदि मौजूद रहे।

## अपने-अपने पोलिंग बूथ पर वोटिंग कराने सक्रिय रहें कार्यकता: पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को लोकसभा चुनाव को लेकर लोकसभा प्रभारी राजकुमार पटेल ने सभी पोलिंग एजेंट, मंडलम सेक्टर और सभी पदाधिकारियों की जैन धर्मशाला में बैठक ली, जिसमें अपने-अपने पोलिंग पर मतदान कराने के लिए निवेदन किया। पोलिंग एजेंट को मतदान वाले दिन सुबह जल्दी पहुंचने और सक्रिय रहने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी गोविंद शर्मा, अशोक पटेल, विनोद इरपाचे, एमपी गोस्वामी, राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष परेश नागर, संजय लोधी, उत्तम यादव, राजू मेहरा, अमर पेठारी, राजाराम यादव, कैलाश रोमानिया, मनोज खटीक, पूरे ब्लॉक के मंडलम सेक्टर और पोलिंग एजेंट, वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मृतक की मां ने कहा- बेटे को डर था, वह परीक्षा में फेल हो जाएगा

# नीट की परीक्षा से दो दिन पहले स्टूडेंट ने खाया जहर, तोड़ा दम

■ इंदौर से भोपाल आने के बाद मां के पास जा रहा था बैरसिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित करोंद चौराहा पर एक छात्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के बाद उसने मां को कॉल कर कर घटना की जानकारी दी थी। बस के बैरसिया पहुंचने पर मां उसे बैरसिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, वहां स्थिति बिगड़ती देख उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसआई एमएल सोलंकी ने बताया कि अंकित अहिरवार पिता संतोष अहिरवार (21) ग्राम मोई, थाना शमशाबाद जिला, विदिशा का रहने वाला था। फिलहाल वह इंदौर में अपने पिता और बहन के पास रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार दोपहर वह इंदौर से भोपाल पहुंचा था। करोंद चौराहा पर उसने बैरसिया जाने के लिए बस पकड़ी। दरसअल, बैरसिया में अंकित की मां जानकी बाई रहती हैं। करोंद चौराहा से बस छूटने के बाद उसने मां को कॉल किया था कि मैंने जहर खा लिया है और मुझे चक्कर आ रहे हैं। बस बैरसिया पहुंचने पर मां ने उसे बस से उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, वहां से निजी अस्पताल जाने की सलाह दी गई। निजी अस्पताल पहुंचने के बाद अंकित का इलाज शुरू कर दिया गया। शनिवार रात करीब आठ बजे के आसपास इलाज के दौरान अंकित की मौत हो गई। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन मां ने बताया कि वह नीट की तैयारी कर रहा था। उसकी तैयारी ऑनलाइन चल रही थी, लेकिन उसे डर था कि वह नीट की परीक्षा में फेल हो जाएगा।

### आरजीपीवी के एपीजे हॉस्टल के छात्र पर युवकों ने किया हमला

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के एपीजे हॉस्टल में रहने वाले छात्र अनिकेत (19) निवासी बालाघाट से शनिवार रात विश्वविद्यालय के पांच छात्रों नितिन, निहाल, दीपांशू, देवेंद्र और योगेश ने मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके सिर पर रॉड से हमला किया था। छात्र को गंभीर चोट आई हैं। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया था, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने पांच आरोपियों पर गालीगलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि कॉलेज में साथ पढ़ने वाले नितिन से अनिकेत का पुराना विवाद है।

### बाइक की टक्कर से दूसरी बाइक गिरी, युवक की मौत

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित स्टर्लिंग कॉम्प्लेक्स के पास बाइक सवार युवकों को एक अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास की है। हादसे में युवक सड़क पर गिरे थेख जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे के हाथ में गंभीर चोट है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रिषी सोनी (22) संत आशाराम कॉलोनी, बागसेवनिया में रहता था। शनिवार दोपहर हादसे में रिषी की मौत हो गई, जबकि ईशांत शर्मा घायल हो गया।

### बस ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान के पास बस ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। पुलिस के अनुसार, मोनू अहिरवार पुत्र भगवान सिंह अहिरवार (22) दीवानगंज सूखी सेवनिया की एक पाइप बनाने की फैक्ट्री में जॉब करता था। नाइट ड्यूटी के लिए शनिवार को फैक्ट्री जाने के लिए निकला था। शनिवार शाम करीब साढ़े 7 बजे सूखी सेवनिया इलाके में रहने वाले भाई के घर पहुंचा। वहां से फैक्ट्री जाने को निकला था। सूखी सेवनिया थाने के करीब कलारी के पास विदिशा की ओर से आ रही यात्री बस ने मोनू की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। एंबुलेंस की मदद से पहले उसे प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से हमीदिया जाने की सलाह दी गई। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ट्रैक्टर चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम इमलिया में ट्रैक्टर चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, प्रकाश जाटव पिता कनीराम जाटव (50) गांव झिरनिया में रहता था और ट्रैक्टर चलाता था। उसके चार बेटे हैं। बेटे भारत सिंह ने बताया कि पांच कमरे बने हैं। सभी अपने-अपने कमरे में रहते हैं। पिता शराब पीने के आदी थे और अक्सर देरी से घर लौटते थे। शनिवार रात भी वह कब घर लौटे किसी को जानकारी नहीं है। रविवार सुबह उन्होंने पिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद नीचे उतार लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है।

संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन का आयोजन

## शिविर में 6 घंटे में ही 488 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के तहत जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में रविवार को रक्तदान शिविर जहांगीराबाद स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया। रक्तदान शिविर में 488 रक्त दाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा की। रक्तदान के लिए सुबह से ही रक्तदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें लग गई थी।

अजा मोर्चा की बैठक ली

## घर-घर पहुंचे विधायक खटीक चौहान के लिए मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विदिशा लोकसभा सीट से प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए टीकमगढ़ की जतारा विधानसभा के विधायक हरिशंकर खटीक ने अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक ली।

हरिशंकर ने पूर्व सीएम चौहान के लिए कार्य करने की अपील की। इस मौके पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष सूरज दोहरे, वार्ड नंबर 12 के पार्षद सुनील सेरिया सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



### वार्ड-13 में भाजपा विधायक और पदाधिकारियों ने किया प्रचार-प्रसार



रविवार को वार्ड 13 में महाजनसंपर्क अभियान के दौरान प्रत्येक घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार किया गया। इसी बीच विधायक हरिशंकर खटीक ने शिवराज के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर रविंद्र विजयवर्गीय, नरेंद्र शर्मा, कन्हैया नंदवंशी, वार्ड पार्षद मनोज चौरसिया, देवेंद्र डैनी, आशीष दीक्षित, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी उपस्थित रहे।

एटीएम बूथ में मदद के बहाने वारदात

## पासवर्ड देखकर एटीएम कार्ड बदल निकाल लेता था रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में एक बदमाश ने एटीएम बूथ में मदद के बहाने दो लोगों के 75 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ितों ने मंडीदीप थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से आठ एटीएम कार्ड, पासबुक और एक बाइक बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि दो दिन पूर्व वार्ड नंबर 1 सेट फूलचंद नगर निवासी कौशल बाई पति रामबाबू गौर (33) ने शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने बताया कि वह सेंट्रल बैंक आफ इंडिया मंडीदीप के एटीएम बूथ से पैसे निकालने गई थी, तभी वहां मौजूद एक व्यक्ति ने मदद के बहाने पासवर्ड देखकर एटीएम कार्ड बदल लिया और उसमें से 33,220 रुपए निकाल लिए।

### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

दूसरी शिकायत मधुबन कॉलोनी निवासी रघुनन्द पिता प्रभुलाल वर्मा (42) ने दर्ज कराई। उसने बताया कि वह यूनियन बैंक के एटीएम बूथ से पैसे निकालने गया था। अज्ञात व्यक्ति उसके पास खड़ा था। इस दौरान उसने पासवर्ड देखकर एटीएम कार्ड बदल लिया। उसने कार्ड से 43,653 रुपए निकाल लिए। पुलिस ने जांच में उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी त्रिभुवन पिता छोटेलाल नामदेव (27) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

मल्टी नेशनल कंपनियों में रोजगार दिलाने का दिया झांसा

# नौकरी दिलाने के नाम पर 40 लोगों से लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

आरोपी ने बेरोजगारों को मल्टी नेशनल कंपनियों में नौकरी दिलाने का कहकर लाखों रुपए ठग लिए। बेरोजगार उसे लेकर थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक तलैया इलाके में रहने वाले कबीर अहमद (35) प्रायवेट काम करते हैं। पिछले साल उनकी मुलाकात सैफिया कालेज रोड पर रहने वाले उमर खान से हुई थी। वह स्टेट बैंक चौराहा स्थित नादरा कॉम्पलेक्स में कंसल्टेंसी का ऑफिस चलाता था। उमर ने कबीर को बताया कि वह अमेजन, फ्लिपकार्ड और वोडाफोन जैसी मल्टी नेशनल कंपनियों में नौकरी लगवाने का काम करता है। अक्टूबर 2023 में कबीर ने नौकरी के लिए उसके पास रजिस्ट्रेशन करवाया और बताई गई फीस जमा कर दी, लेकिन नौकरी नहीं मिली। पैसे वापस मांगे तो उमर टालमटोल करने लगा। कबीर को पता चला कि उमर ने चालीस-पचास अन्य लोगों से पांच से छह लाख रुपए ठग लिए हैं।

### ग्राहक से मिले बिल के 20 हजार रुपए लेकर भागा होटल कर्मचारी

गोविंदपुरा पुलिस ने एक होटल संचालक की रिपोर्ट पर कर्मचारी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। आरोपी ग्राहक के बिल का भुगतान प्राप्त कर होटल में जमा करने के बजाए नौकरी छोड़कर गायब हो गया है। पुलिस के मुताबिक, मनीष कुमार होटल चलाते हैं। उनके यहां कैलाश गवई काम करता था। अप्रैल में एक ग्राहक होटल में ठहरा था, जिसको कैलाश ने सर्विस दी थी। ग्राहक ने कैलाश को बीस हजार रुपए के बिल का भुगतान किया था। यह रुपए कैलाश ने होटल के काउंटर पर जमा करने के बजाए खुद रख लिए और नौकरी छोड़कर चला गया।

## रातीबड़ में दिनदहाड़े सूने मकान से नगदी समेत जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ में दिनदहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 60 हजार रुपए नकदी समेत लाखों का सामान चोरी कर ले गए। कई अन्य स्थानों से भी सामान चोरी हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, रातीबड़ थानांतर्गत ग्राम मुंगालिया छाप में रहने वाले ज्ञानसिंह मीना शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे घर पर ताला लगाकर परिवार समेत काम से चले गए थे। शाम को वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। चैक करने पर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और 60 हजार रुपए गायब थे। इधर, अयोध्या नगर थानांतर्गत एच-सेक्टर में रहने वाले जगदीशचंद्र के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर ले गए। मिसरोद के राधाकृष्ण रेसीडेंसी में रहने वाले उज्ज्वल गौर के मकान के खिड़की की ग्रिल काटकर भीतर घुसे चोर 23 हजार रुपए और मंगलसूत्र समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### घर-घर मतदाता पर्ची का किया वितरण



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को घर-घर जाकर मतदाता पर्ची देने का काम दिन भर महिला-पुरुष कार्यकर्ता करते रहे। इस दौरान लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई।

## बीएसएसएस ने धूमधाम से मनाया अपना वार्षिक समारोह

# बॉलीवुड थीम पर आधारित रैंप वॉक और डीजे नाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज ने अपना बहुप्रतीक्षित वार्षिक दिवस, ऑरा 2 के 24, सांस्कृतिक जीवंतता और बौद्धिकता के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना नृत्य, उसके बाद पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बीएसएसएस आईएएस के संस्थापक अध्यक्ष रेव डॉ. लियो कॉर्नेलियो और डीआईजी डॉ. विनीत कपूर, डीजीपी के प्रधान स्टाफ अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर त्रैमासिक न्यूजलेटर 'मंथन' खंड 3 अंक 1 का अनावरण गर्व का क्षण बना। समारोह में छात्रों को पुरस्कारों और प्रमाण-पत्रों से सम्मानित भी किया गया।




### हर्षिता और एमडी अरहम मिस और मिस्टर बीएसएसएस

शाम का मुख्य आकर्षण आकर्षक रैंप वॉक था, जो पूरी तरह बॉलीवुड थीम पर आधारित था। इसमें हर्षिता लोखंडे और एमडी अरहम खान को क्रमशः मिस और मिस्टर बीएसएसएस आईएएस का ताज पहनाया गया, जबकि दीपशिखा जालक्सो और साद अकील को रनर अप के रूप में सम्मानित किया गया। साक्षी पाटिल और हर्ष लांजेवार को स्टाइल आइकॉन का खिताब दिया गया।

### शानदार नृत्य प्रदर्शन के साथ स्टैंड-अप कॉमेडी एक्ट

वहीं रंगारंग कार्यक्रम में ट्रेंडसेटर्स समूह द्वारा शानदार नृत्य प्रदर्शन, फन स्क्वाड टीम द्वारा एक नाटक और डायनामोस समूह द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं सत्यम गुरु के गुदगुदाने वाले स्टैंड-अप कॉमेडी एक्ट ने शाम को हंसी और खुशी से भर दिया। उत्सव का समापन डीजे सत्र और शानदार रात्रिभोज के साथ हुआ।



## जश्न-ए-मामू में समीना अली सिद्दीकी को दिया शान-ए-भोपाल सम्मान

# दिलीप कुमार की फिल्मों के 24 गानों से सजी रवींद्र भवन की शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवींद्र भवन में आयोजित दो दिवसीय गजल और गीत कार्यक्रम 'जश्न-ए-मामू' के दूसरे दिन रविवार को 'यादें एक शाम दिलीप कुमार की फिल्मों के सदाबहार गीतों के नाम' कार्यक्रम हुआ। इसमें समीना अली सिद्दीकी को शान-ए-भोपाल सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा रफी शब्बीर की पुस्तक 'दिलीप कुमार और भोपाल' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में कोलकाता, मुंबई के कलाकारों द्वारा दिलीप कुमार की फिल्मों के गाने पेश किए। इस दौरान सिंगर्स ने 1947 में आई फिल्म जुगनू के गानों से लेकर 1991 में आई फिल्म सौदागर तक के कई गाने सुनाए। कार्यक्रम में गानों की शुरुआत रजनी धूरिया ने 1948 में आई मेला फिल्म के गाने 'धरती को आकाश पुकारे...' से की। वहीं इस समापन पर सभी कलाकारों ने दिल दिया है जान भी देंगे... और ये देश है वीर जवानों... गाने की संयुक्त प्रस्तुति दी।






### सिंगर्स ने इन गानों की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में सिंगर्स ने कई गानों की प्रस्तुति दी, जिन्हें सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। रजनी धुरिया ने धरती को आकाश पुकारे..., छोड़ बाबुल का घर मोहे पीके नगर... गानों की प्रस्तुति दी। वहीं मजहर खान ने सुहाना सफर और ये मौसम हंसी..., परवेज खान ने न आदमी का कोई भरोसा..., आकृति मेहरा ने दो हंसों का जोड़ा बिछड़ गयो रे..., ढूंढो-ढूंढो रे साजना..., मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे... गाने सुनाए। कीर्ति सूद ने मेरे पास आओ नजर तो मिलाओ..., इमरान अख्तर ने टूटे हुए ख्वाबों ने हमको ये सिखाया है..., मुझे दुनिया वालों शराबी न समझो..., मधुबन में राधिका नाचे रे... और मधु चौधरी ने ये मेरा दीवानापन है... सहित कई गानों की परफॉर्मेंस दी।

# ग्रीन एडवेंचर एसोसिएशन ने इछावर में की नाइट ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्रीन एडवेंचर एसोसिएशन के द्वारा नाइट ट्रैकिंग का आयोजन भोपाल से 60 किलोमीटर दूर इछावर में किया गया। इसमें 50 महिला, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। यह ट्रैक टॉर्च की रोशनी में कार्यक्रम संयोजक संजय दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया। यह ट्रैक 5 किलोमीटर का था, जिसे सभी सदस्यों ने मिलकर रात्रि 1 बजे पूर्ण किया। ट्रैक के पश्चात अपनी थकान मिटाने के लिए गीत, संगीत और नृत्य का दौर भी चला जो सुबह 4 बजे तक चलता रहा। फलों के बागान में आयोजित यह ट्रैक फलों की खुशबू से पूरे समय सुगंधित होता रहा। अंत में आभार अनिल वोरा और विभा दुबे ने व्यक्त किया।



### नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ

## 30 से अधिक प्रतिभागी सीख रहे एक्टिंग की बारीकियां



**भोपाल।** प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी में नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ रविवार से किया गया, जिसमें 5 वर्ष से 35 आयु वर्ग के करीब 30 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी की निदेशक डॉ. मंजू मणि हतवलने ने बताया कि दस दिवसीय नाट्य कार्यशाला में वरिष्ठ रंगकर्मी एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रीति झा तिवारी का मार्गदर्शन रहेगा। कार्यशाला में मुख्य रूप से बेसिक्स ऑफ थियेटर, अभिनय, वाइस-स्पीच, थियेटर गेम्स, इम्प्रोवाइजेशन आदि पर कार्य किया जाएगा।

# कला प्रेमियों के लिए 8 और 9 मई को आर्ट गैलरी एवं कला शिविर

## मैत्री गैलरी और हरनूर पैलेस में होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैत्री आर्ट गैलरी बेशक अपने आकार में छोटी है परंतु इसकी स्थापना बड़े उद्देश्यों हेतु की जा रही है। गैलरी की शुरुआत राम कुमार, अकबर पदमसी, के जी सुब्रमणियम, जयराम पटेल, डीजे जोशी, लक्ष्मण जैसे देश के विख्यात चित्रकारों की बनी पेंटिंग्स को एग्जीबिट करके की जाएगी। रविवार को प्रेस वार्ता में मैत्री गैलरी के संचालक रंजीत अरोरा और हरनूर पैलेस के ऑनर नरेन्द्र सिंह जग्गी ने कहा, इस गैलरी का शुभारंभ 8 मई को शाम 6.30 बजे रुद्राक्ष पार्क-2, बावड़ियाकला में किया जा रहा है। वहीं शहर में कला प्रेमियों के लिए कला शिविर का आयोजन 9 मई से 12 मई तक शिविर हरनूर पैलेस, श्यामला हिल्स में किया जाएगा।



### तीन पीढ़ियों के आर्टिस्ट की पेंटिंग्स एक साथ

रंजीत बताते हैं कि मैत्री गैलरी में एक माह के लिए आयोजित प्रदर्शनी में 3 पीढ़ियों के आर्टिस्ट की पेंटिंग एक साथ दिखाई देगी, एक ओर ए रामचन्द्रन व लक्ष्मा गौड़ की पेंटिंग्स होंगी तो वहीं जोगेन चौधरी, जय झरोटिया, हिम्मत शाह की पेंटिंग्स को देखने का आनंद उठा सकेंगे। इसके साथ ही इस प्रदर्शनी में कला पर गोष्ठियों तथा कार्यशलायों का आयोजन भी पर होगा।

## भोपाल

### कांता रॉयः सृजन के विविध आयाम कार्यक्रम आज

**भोपाल।** सुपरिचित साहित्यकार कांता रॉय के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित कांता रॉय : सृजन के विविध आयाम कार्यक्रम का आयोजन 6 मई सोमवार को शाम 6 बजे से दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के सभागार में किया जा रहा है। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं कथाकार संतोष चौबे कुलाधिपति रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद होंगे। कांता रॉय के विविध सृजनात्मक अवदान पर वरिष्ठ कथाकार आलोचक मुकेश वर्मा (कहानी) वरिष्ठ कवि एवं व्यंग्यकार कुमार सुरेश (कविता) वरिष्ठ साहित्यकार संपादक डॉ. जवाहर कर्नावट ( संपादन) वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी (लघुकथा) विषयों पर विचार रखेंगे।

### सेवा भारती मध्यभारत प्रान्त के पूर्व सचिव खांडेकर को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** सेवा भारती मध्यभारत प्रान्त के पूर्व सचिव तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के सेवा प्रमुख भालचन्द्र विष्णु (प्रदीप जी) खांडेकर की श्रद्धांजलि सभा का रविवार को आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अशोक पांडेय, हेमंत मुक्तिबोध, स्वप्निल कुलकर्णी, सोमकांत सतनारायण शर्मा, करण सिंह कौशिक,सतीश पिपलेश्वर, ने श्रद्धांजलि सभा में खांडेकर के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय देते हुए सेवाओं को याद किया। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया की इस अवसर पर मंत्री कृष्णा गौर व मोहित गुप्ता सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य जन मौजूद थे।

### अवैध शराब की धरपकड़-निगरानी के लिए आबकारी की 10 टीमें मैदान में

# मतदान दिवस पर कल ड्राई डे, शराब दुकानें 48 घंटे के लिए बंद, आबकारी अमले ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव की वोटिंग के मद्देनजर जिले की सभी शराब दुकानें रविवार शाम 6 बजे से 48 घंटे के लिए बंद हो गई है। आबकारी अमले ने इन्हें सील कर दिया। इधर अवैध शराब की धरपकड़ और निगरानी के आबकारी की 10 टीमें फील्ड में मौजूद रहेगी। असल में जिला निर्वाचन कार्यालय ने वोटिंग और काउंटिंग वाले दिन ड्राई डे घोषित किया है। हालांकि इस दौरान भांग घोटा की दुकानें खुली रहेगी।

5 मई की शाम से भोपाल जिले की सभी 87 शराब दुकानें और 60 बीयर बार 48 घंटे के लिए सील कर दिए गए हैं, जो वोटिंग खत्म होने तक बंद रहेंगी। जिस मतदान केंद्र में वोटिंग देर तक जारी रहेगी, उस क्षेत्र की शराब दुकानें और बार भी बंद रहेंगे। इस दौरान भांग एवं भांग घोटा दुकानों को छोड़कर रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलयन क्लब बार, सैनिक थोक और फुटकर कैंटीन, डिटेल आउटलेट के अलावा देशी और अंग्रेजी शराब के वेयर हाउस भी बंद रहेंगे। इस दौरान शराब के संग्रहण, परिवहन और बिक्री करते पाए जाने पर आबकारी धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इधर , मतगणना वाले दिन 4 जून को शराब दुकानें सुबह से मतगणना समाप्ति तक बंद रहेंगी।

### लगातार गश्त की जाएगी

ड्राई के दौरान अवैध शराब की धरपकड़, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर रोक के लिए आबकारी अमले द्वारा निगरानी और लगातार गश्त की जाएगी। इस दौरान अवैध शराब के साथ पकड़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दीपम रायचुरा,** सहायक आबकारी आयुक्त,भोपाल

### युवाओं, बुजुर्गों के साथ दिव्यांगों को कर रहे मतदान के लिए जागरूक

**भोपाल।** मंगलवार को राजधानी में होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके, इसके लिए जय हिंद सेना के सदस्यों द्वारा मतदान महादान अभियान चलाया जा रहा है। सेना के सदस्य भोपाल लोकसभा की सभी विधानसभाओं में जाकर युवाओं, बुजुर्गों के साथ दिव्यांगजनों से मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं। सेना के प्रदेशाध्यक्ष अरुण पांडे ने बताया कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव मतदान का प्रतिशत लगातार घटता जा रहा है। मतदान महादान अभियान चलाकर अधिक से अधिक मतदान करवाने का लक्ष्य जय हिंद सेना ने रखा है। रविवार को सेना के सदस्य ने वार्ड 32, 33, 34 एवं 35 में अभियान चलाकर नागरिकों से मतदान करने की अपील की। पांडे ने बताया कि अधिक से अधिक मतदान करने वाले युवा, बुजुर्ग और दिव्यांगजनों का सम्मान भी जय हिंद सेना द्वारा किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल खरगौन व धार प्रवास पर

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 मई को खरगोन व धार जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वे सुबह 10.30 बजे मेला ग्राउंड खरगोन में व दोपहर 12.15 बजे धार जिले के पीजी कॉलेज ग्राउंड में जनसभा करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने जबरदस्त इंतजाम किया है।

### निर्वाचन कार्य बाधित करने के कारण अशोक नगर के जिला कोषालय अधिकारी निलंबित

**भोपाल ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन के निर्देश पर कमिश्नर ग्वालियर डॉ. सुदाम खाड़े ने जिला कोषालय अधिकारी अशोकनगर जितेन्द्र कुमार आर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आर्य को चुनाव आयोग, राज्य शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दिए गए आदेशों व निर्देशों की अवहेलना कर निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में स्वेच्छाचारिता और लापरवाहीपूर्वक कार्य किए जाने के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में जिला कोषालय अधिकारी का मुख्यालय सीईओ जिला पंचायत अशोकनगर रहेगा। कलेक्टर अशोकनगर ने कमिश्नर ग्वालियर को प्रतिवेदन देकर अवगत कराया था कि जिला कोषालय अधिकारी अशोकनगर ने निर्वाचन आयोग के नियम निर्देशों का पालन न करते हुए अत्यावश्यक सेवाओं में रत व्यक्तियों की ओर से मतदान के उपरांत उनकी मत पेटी (बॉक्स) रखने में अनावश्यक विलंब किया गया। साथ ही निर्वाचन अधिकारियों से अर्नगल वार्तालाप भी किया। कलेक्टर अशोक नगर ने कमिश्नर ग्वालियर को जिला कोषालय अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की संस्तुति की थी। आर्य को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। जिला कोषालय अधिकारी का प्रभार जिला पेंशन अधिकारी अशोकनगर रविन्द्र सूर्यवंशी को दिया गया है।

### उत्तर भोपाल में निकली कांग्रेस की रैली

# इस बार हमें भोपाल का नया इतिहास लिखना हैः श्रीवास्तव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव के समर्थन में रविवार को पुराने शहर में विशाल कार्यकर्ता रैली निकाली गई।

रैली में श्रीवास्तव के साथ उत्तर भोपाल के विधायक आतिफ अकील, पूर्व मंत्री आरिफ अकील मुख्य रूप से शामिल हुए। श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि हमें मिलकर भोपाल का नया इतिहास लिखना है। लोकसभा को जीत आपके सहयोग और आपकी सक्रियता से सुनिश्चित हो रही है। इस बार पूरे देश के साथ ही भोपाल का भी माहौल बदला हुआ है। रैली में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने सुबह अरेरा कॉलोनी स्थित कॉलोनी के गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और प्रदेश एवं भोपाल में अमन चैन की कामना की।यहां सिख समाज के लोगों से समर्थन मांगा। यहां उन्होंने लंगर भी छका। इसके बाद उन्होंने सेन जयंती के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद अरुण सीहोर गए और वहां उन्होंने जनसंपर्क किया।

### वंदेभारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के टाइम में हो सकता है बदलाव


# अब रेलवे का नया टाइम टेबल 1 को नहीं, 31 अक्टूबर से होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेन की तरह रेलवे का टाइम टेबल भी इस बार लेट लागू होगा। यानी इस साल 1 अक्टूबर को बदलने वाला रेलवे का टाइम टेबल 31 अक्टूबर को बदलेगा।

सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड ने पहले 1 अक्टूबर से टाइम टेबल बदलने का फैसला किया था, लेकिन अब 31 अक्टूबर से ही बदलेगा। हर साल विंटर सीजन में टाइम टेबल बदला जाता है। कोहरे के सीजन में ट्रेनों को समय पर चलाने के मकसद से बदले जाते हैं। रेलवे बोर्ड ने पमरे जोन सहित सभी जोन व मंडलों से टाइम टेबल में बदलाव को लेकर सुझाव मांगे हैं।

तीसरी लाइन का काम पूरा होने के चलते घट सकता है ट्रेनों के आने का समय




**वंदेभारत एक्सप्रेस के समय में हो सकता है थोड़ा बहुत बदलाव**

नया टाइम टेबल लागू होने पर 31 अक्टूबर से भोपाल से गुजरने वाली करीब 55 ट्रेनों के समय में 5 से 10 मिनट का बदलाव हो सकता है। रानी कमलापति से चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस, इंदौर व जबलपुर से चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस भी है।

### स्पीड बढ़ने से घट सकता समय

*रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इन दिनों सभी जोन व मंडलों में तीसरी लाइन काम तेजी से चल रहा है। कई सेक्शनों पर काम पूरा हो गया है,जहां ट्रायल के बाद सीआरएस की ओर से रेलवे यातायात को लेकर अनुमति भी दे दी है। ऐसे में इन सेक्शनों पर ट्रेनों की स्पीड़ बढ़ाने से ट्रेन के आने-जाने का समय घट जाएगा। इसके चलते स्टेशन पर ट्रेन के स्टॉपेज टाइम में बदलवा किया जाएगा। दिल्ली-भोपाल-मुंबई मार्ग पर चलने वाली करीब 55 ट्रेनों पर इसका असर देखने को मिलेगा। इसके चलते इन ट्रेनों का 20 से लेकर 45 मिनट तक के समय की बचत संभव हो सकेगी।*

### कोच फैक्टरी में उत्कृष्ट सुरक्षा सतर्क कर्मचारी पुरस्कार योजना शुरू

*भोपाल। सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा भोपाल में कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजना चलायी गई है। कर्मचारियों के महीने भर के कार्य के आधार पर माह का उत्कृष्ट कर्मचारी का पुरस्कार दिया जाता है। मुख्य कारखाना प्रबन्धक अमितोज वल्लभ के निर्देशन में इस कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों के मध्य गुणवत्ता एवं सुरक्षा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए यह नवाचार मार्च 2024 से शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत कर्मचारियो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को माह का उत्कृष्ट कर्मचारी घोषित किया जाता है। यह भी देखा जाता है कि कर्मचारी का कार्य स्थल पर क्या योगदान रहा है एवं अन्य सभी कर्मचारी को भी गुणवत्ता कार्य कार्य करने के साथ समय पालन एवं अनुशासन हेतु प्रेरित किया हो। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों में कार्य के दौरान सुरक्षा एवं सजगता को बढ़ावा देने के लिए माह का उत्कृष्ट सुरक्षा सतर्क कर्मचारी पुरस्कार योजना भी मार्च 2024 से शुरू की गई है। कर्मचारी द्वारा सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करते हुये किसी भी संभावित दुर्घटना (दुर्घटना/अग्नि/सामाग्री का क्षय आदि) को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो तो उसे पुरस्कृत किया जाएगा।*

## आगरा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और राहुल को घेरा

# पहले कोट पर जनेऊ पहन मंदिर-मंदिर घूमते थे, आज शहजादे का मंदिर जाना बंद हो गया, वे 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर डाल रहे 'डाका'

एजेंसी ▶▶ आगरा

पीएम नरेंद्र मोदी ने इटावा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे का इस बार मंदिर दर्शन बंद हो गया है। 5 साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। वह भी कोट पर जनेऊ पहनकर। पीएम मोदी ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने पर कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि सपा और कांग्रेस कंपनी एससी और एसटी का आरक्षण छीन कर धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में इन्होंने रातों-रात मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर दिया। वहां ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिला था। उसमें डाका मार लिया। उत्तर प्रदेश में भी बड़े खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि आज भी सपा को अपने परिवार के अलावा कोई उम्मीदवार नहीं मिला। भाजपा में कोई भी व्यक्ति बड़े-बड़े पद पर पहुंच सकता है। सपा-कांग्रेस की खोटी नियत का हिसाब बहुत लंबा है।

### कांग्रेस की पूजा भी नौटंकी लग रही

500 साल के बाद एक ऐतिहासिक पल आया, पूरा देश राममंदिर बनने से खुश हुआ, लेकिन इन्होंने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनको पूजा भी नौटंकी लग रही है। मोदी को गाली देते-देते ये लोग भगवान श्रीकृष्ण का अपमान कर रहे हैं।



### सपा के दिल की बात जुबान पर आ ही गई

मोदी ने कहा कि इस इलाके में आकर मुझे 2019 के चुनाव के पहले की बात याद आ रही है जब संसद का सत्र चल रहा था और संसद में स्वर्गीय मुलायम सिंह जी भाषण के लिए खड़े हुए। मुलायम ने संसद में कहा था कि मोदी जी आप तो दोबारा जीतकर आने वाले हैं। नेताजी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके सगे भाई भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। 2019 में उनका आशीर्वाद मुझे लगा और दोबारा से प्रधानमंत्री बना। पीएम मोदी ने शिवपाल यादव पर भी तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा, मुलायम सिंह यादव ने संसद में जो कहा था, अब उनके भाई शिवपाल के मन की बात जुबां पर आ गई। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई।

### 'चाय वाले' ने कुप्रथा तोड़ दी

उन्होंने कहा कि हम योगी मोदी क्यों खप रहे हैं? हमारे तो बच्चे है नहीं हम खप रहे हैं आपके बच्चे के लिए। भारत एक हजार साल के लिए सशक्त हो, मोदी उसकी नींव तैयार कर रहा है। देश में प्रधानमंत्री होते थे, जो चाय वाले थे, उन्होंने एक कुप्रथा तोड़ दिया, जिससे गरीब का बेटा भी मुख्यमंत्री बन सकता है। वोट में सारे पुराने रिकॉर्ड टूटने चाहिए।

**तेलंगाना रैली में राहुल ने कहा**

## पीएम मोदी आरक्षण छीनना चाहते हैं...




**हैदराबाद।** भाजपा पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और लोगों से आरक्षण छीनना चाहते हैं। आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि चल रहे आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच हो रहे हैं जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है। भाजपा-आरएसएस गठबंधन इसे और लोगों के अधिकारों को खत्म करना चाहता है। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है। अगर पार्टी केंद्र में सरकार बनाती है, तो वह 50 प्रतिशत की सीमा को तोड़ देगी और कोटा 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी।

## कांग्रेस ने नड्डा और मालवीय के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली।** देशभर में चुनावी माहौल बना हुआ है। सभी राजनीतक दलों ने जीतने के लिए कमर कस ली है। अब कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दी है। उसने आरोप लगाया है कि भाजपा ने अपने सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो पोस्ट कर कथित तौर पर अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्यों को एक खास उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लिए धमकाया जा रहा है।



### 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ रहे पीएम मोदी

**धर्मावरम (आंध्र प्रदेश)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए की एक रैली को आंध्र प्रदेश में संबोधित किया। अपने संबोधन में अमित शाह ने विश्वास जताया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे।गृह मंत्री शाह ने यह भी कहा कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीटों की संख्या 100 से अधिक हो जाएगी। रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर आंध्र प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### राहुल देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं

शाह ने कहा कि राहुल गांधी सहित कोई भी भारतीय ब्लॉक नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है। जबकि दूसरी ओर, पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन बनाया है।

**राहुल के अमेठी छोड़ने पर ईरानी का वार**

## गांधी फैमिली बदल लेती है परिवार...

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल अमेठी सीट से भाजपा की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर एक बार फिर निशाना साधा है। स्मृति ने अमेठी की पूर्व सांसद राहुल गांधी के इस बार रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने पर तंज कसते हुए कहा कि 'कुछ लोग रंग बदलते हैं, लेकिन गांधी फैमिली परिवार बदल लेती है। इनका का इशारा राहुल के उस हालिया बयान पर था, जहां उन्होंने रायबरेली के लोगों को अपना परिवार बताया था ईरानी ने कहा कि हमने अमेठी में पांच साल जो काम किया, वह कांग्रेस के 50 साल में नहीं हुए। राहुल वे काम नहीं कर पाए और यहां से पल्ला झाड़ लिया। इसके साथ ही उन्होंने अमेठी से इस बार फिर जीत का दावा करते हुए कहा कि यहां से गांधी परिवार को जीत की गुंजाइश होती तो कोई न कोई जरूर लड़ता।



**कश्मीर को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का बड़ा दावा**

## पीओके के लोग खुद भारत में शामिल होंगे, हमें कुछ करने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर हमेशा ही तनातनी बनी रहती है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत को पीओके पर बलपूर्वक कब्जा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि कश्मीर के विकास को देखने के बाद वहां के लोग खुद ही इसका हिस्सा बनना चाहेंगे। संपूर्ण राजनीतिक परिदृश्य पर बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया।



### कांग्रेस केवल हिंदू-मुस्लिम करके सवाल खड़े कर रही

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनावी फायदे के लिए हिंदू-मुस्लिम विभाजन का प्रयास कर रही है। कांग्रेस धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना चाहती है। वे मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में देखते हैं। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं की जानी चाहिए. राजनीति का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण होना चाहिए।

### नड्डा ने इंडी गठबंधन और घोटालों पर कांग्रेस पर बोला हमला

सूरजपुर। पूर्व सरगुजा लोकसभा के सूरजपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा में मोदी के नेतृत्व में विकास कार्यों का बखान किया, वहीं परिवारवाद को लेकर इंडी गठबंधन तथा घोटालों को लेकर कांग्रेस पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इस बार भी पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग कहते थे कि भाजपा के आने के बाद भी कुछ नहीं बदलेगा, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 साल में भारत में बहुत कुछ बदल गया। 'सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया। यह चुनाव पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।



**खबर संक्षेप**

### विधायकी गंवाने वाले अनंत पैरोल पर छूटे

**पटना।** विधायकी गंवाने वाले बाहुबली और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार को पटना के बेउर जेल से बाहर निकल गए हैं। अनंत को जेल से 15 दिनों के लिए पैरोल मिला है। सिंह के जेल से बाहर निकलने की सूचना के साथ ही उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। अनंत लगभग 5 वर्षों से जेल में बंद थे।उन पर एके 47 रखने का आरोप है। उन्हें 10 वर्ष की सजा सुनाई थी।



### रेलगाड़ी से इंजन अलग की-मैन ने दी जानकारी

**खन्ना।** पंजाब के खन्ना में चलती रेलगाड़ी का इंजन अलग होकर करीब 3 किलोमीटर दूर अकेला पहुंच गया। पटरी पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाने पर ड्राइवर को इसकी जानकारी मिली। इंजन को रोका और गाड़ी से जोड़ा गया। इस दौरान कोई दूसरी रेलगाड़ी नहीं आई, जिससे यात्रियों की जान बच गई। यह हादसा पटना से जम्मू तवी जा रही अर्चना एक्सप्रेस रेलगाड़ी के साथ हुआ।



### सिप्ला और ग्लेनमार्क ने अमेरिका से 'बुलाई' दवाएं

**नई दिल्ली।** दवा निर्माता सिप्ला और ग्लेनमार्क विनिर्माण समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से अपने उत्पाद वापस बुला रहे हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार न्यू जर्सी में सिप्ला की सहायक कंपनी इप्राट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस ले रही है।




**2000 रुपए की फीस से जुड़ी याचिका पर बोला दिल्ली हाईकोर्ट**

# एसी स्कूलों में पढ़ाना है तो इसका खर्च माता-पिता को ही वहन करना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्कूल में वातानुकूलन का खर्च माता-पिता को वहन करना होगा, क्योंकि यह छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में वातानुकूलन के लिए प्रतिमाह 2,000 रुपए वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी। पीठ ने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखना चाहिए। याचिकाकर्ता का बच्चा एक निजी स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ता है। दलील दी थी छात्रों को एसी सुविधा प्रदान करने का दायित्व प्रबंधन का है।

**कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दिया फैसला, अदालत ने याचिका कर दी खारिज**



### अधिकारी को जानकारी दी थी

अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि स्कूल द्वारा जारी की गई फीस रसीद में एयर कंडीशनर के लिए शुल्क की इंट्री फीस में दर्ज है, लेकिन याचिका में आरोप यह है कि फीस और एसी के लिए चार्ज डीओई को अवगत कराने के बाद बढ़ाए गए हैं।

### यह अन्य शुल्कों से अलग नहीं

हाईकोर्ट ने साफ कहा कि स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली एयर कंडीशनिंग सेवाओं की लागत माता-पिता को वहन करनी होगी क्योंकि यह बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधा है। यह प्रयोगशाला शुल्क और स्मार्ट क्लास शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है। माता-पिता स्कूल का चयन करते समय स्कूल में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं और कीमत का भी ध्यान रखना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि शिक्षा निदेशालय को भी शिकायतें मिलने के बाद इस मुद्दे पर विचार करना पड़ा और याचिका सुनवाई योग्य नहीं थी।

### *रसीद में एयर कंडीशनिंग का शुल्क दर्ज, रिपोर्ट मांगी*

*अदालत ने कहा कि फीस रसीद में एसी दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्कूल द्वारा ली जाने वाली फीस में कोई अनियमितता नहीं है। याचिकाकर्ता मनीष गोयल स्कूल में 9 वीं कक्षा में पढ़ता था। उनके अनुसार छात्रों को एयर कंडीशनिंग सुविधा प्रदान करने का दायित्व स्कूल प्रबंधन पर है और उक्त सुविधा छात्रों को स्कूल के स्वयं के धन और संसाधनों से प्रदान की जानी चाहिए। डॉक्यूमेंट में बताया कि अधिकारी संबंधित मुद्दे की जांच कर रहे हैं और प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट को बताया गया कि शिकायतों पर महाराजा अग्रसेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।*

**राजस्थान में भीषण सड़क हादसा**

## त्रिनेत्र गणेश के दर्शन को जा रहे एक ही परिवार 6 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ सवाई माधोपुर

राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा बौंली थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर बनास पुलिया के समीप हुआ।

मारे गए परिवार के लोग सीकर से रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश के दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ। हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बनास नदी पुल के पास उस समय हुआ जब अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। बौंली थाने के उप निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने बताया कि कार में सवार लोग सवाई माधोपुर जा रही कार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी।

### 3 भाइयों की पत्नी समेत मौत

बताया जा रहा है कि कार टक्कर में मारे गए एक ही परिवार के मृतकों की पहचान क्रमशः मनीष शर्मा, अनीता शर्मा (मनीष की पत्नी), कैलाश शर्मा संतोष (पत्नी कैलाश) सतीश शर्मा (पूनम पत्नी सतीश) के रूप में हुई। घायलों में की पहचान मनीष शर्मा के बच्चों मनन और दीपाली के रूप में की गई है। पुलिस अज्ञान वाहन की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।

**बूटी मोड़ (जुमार पुल) के समीप हादसा**

## रांची के बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में भीषण आगजनी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची के जुमार पुल के समीप स्थित बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में रविवार को आग लग गई। करीब 4 घंटे के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है।

दमकलकर्मी भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। 6 दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। डोरंडा फायर स्टेशन ऑफिसर जीतेंद्र तिवारी ने कहा कि आग से और ज्यादा नुकसान नहीं हो, उसके तेजी से फैलाव को रोकने की कोशिश की जा रही है। बूटी मोड़ (जुमार पुल) के समीप आग लगने की खबर जैसे ही अग्निशमन विभाग को मिली, वैसे ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने में जुटे रहे, लेकिन आग की लपटें काफी तेजी से फैल रही थी। रविवार होने की वजह से बीएसएनएल ऑफिस में अधिकारी नहीं थे। कुछ कर्मी थे। वे धुआं उठते ही बाहर निकल गए. इस कारण इस अगलगी में कोई हताहत नहीं हुआ है। लाखों के नुकसान का अनुमान है।



**कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने प्रज्ज्वल दुष्कर्म मामले में की घोषणा**

## दुष्कर्म पीड़िताओं को मिलेगी वित्तीय मदद, ब्लू कॉर्नर नोटिस की तैयारी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने प्रज्ज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में पीड़ितों को वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया है।

कर्नाटक में कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने सीएम सिद्धारमैया की मौजूदगी में यह ऐलान किया। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दुष्कर्म पीड़ितों को वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। दुष्कर्म पीड़ितों की संख्या सैकड़ों में हैं। यह एक हैरान करने वाला मामला है और बीते 75 वर्षों में ऐसा कभी नहीं हुआ।

**सुरजेवाला ने भाजपा से गठबंधन पर उठाया सवाल**



### एचडी रेवन्ना हिरासत में

सेक्स स्कैंडल मामले में प्रज्ज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना को शनिवार को मामले की जांच कर रही एसआईटी ने हिरासत में ले लिया। रेवन्ना ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में अग्रिम जमानत की अपील की थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद एसआईटी ने एचडी रेवन्ना को हिरासत में ले लिया।

### कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए आरोप

हासन लोकसभा क्षेत्र से जदएस-भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्ज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं। प्रज्ज्वल पर कथित तौर पर सैंकड़ों अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है। सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर अपने गठबंधन के सहयोगी जदएस के उम्मीदवार को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि प्रज्ज्वल के बारे में जानकारी होने के बावजूद भाजपा ने जदएस के साथ गठबंधन क्यों किया?

### *ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी*

*कांग्रेस नेताओं ने ये भी सवाल उठाया कि विदेश मंत्रालय ने प्रज्वल को विदेश भागने से क्यों नहीं रोका? प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द क्यों नहीं किया और उसे वापस लाने के लिए इंटरपोल के माध्यम से कोई ब्लू कॉर्नर नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया? सिद्धारमैया ने कहा कि प्रज्वल को वापस लाने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाएगा। प्रज्ज्वल फिलहाल जर्मनी में हैं। 28 अप्रैल को प्रज्ज्वल के खिलाफ उनके घर में घरेलू कामकाज करने वाली महिला ने यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी।*

# नासा ने शेयर की सौरमंडल के ग्रहों की अद्भुत तस्वीरें

## शनि के साथ पेरिडिया को बताया 'छल्ले वाला ग्रह'




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया पर सौरमंडल के ग्रहों की नई तस्वीरें पोस्ट की हैं। नासा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर पेरिडिया ग्रह की एक छवि के साथ शनि ग्रह की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसे नासा ने रिंग वाले ग्रह के समान बताया। नासा ने कहा कि हमारा सौर मंडल बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था। हालांकि, हमारे सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं हैं।

*पेरिडिया हमारे शनि की तरह भव्य दिख रहा*

*हमारे सौरमंडल में बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था*

*सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं*



### मंगल ग्रह पर टीले, पहाड़ और लाल रंग की जमीन

नासा ने पेरिडिया के बारे में आगे जानकारी दी और कहा कि यह एक्स्ट्रागैलेक्टिक ग्रह है जहां एज़्रा ब्रिजर और ग्रैंड एडमिरल थ्रॉन को गायब कर दिया गया था, जिसे बाद में अहसोका तानो और सबाइन व्रेन ने पाया। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा, मंगल ग्रह में टीलों, पहाड़ों और मैदानों के साथ सूखी लाल रंग की जमीन दिख रही है।

### शनि ग्रह के इर्द-गिर्द भूरे रंग के छल्ले, जो काले स्थान से घिरे

नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पेरिडिया हमारे सौर मंडल के सबसे भव्य दिखने वाले ग्रह शनि की तरह दिख रहा है। शनि का रंग भूरा दिखाई दे रहा है। इसके इर्द-गिर्द छल्ले भूरे रंग के हैं और काले स्थान से घिरे हुए हैं।







एयरफोर्स के काफिले पर घात लगाकर किया था आतंकी हमला, मामले में हुआ बड़ा खुलासा

# लश्कर के 4 आतंकवादियों ने किया था वायुसेना के काफिले पर हमला, साजिद जट ने दी थी ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले में एक जवान की मौत हो गई थी। 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। आईएएफ के काफिले पर हमला साजिद जट द्वारा प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 4 आतंकवादियों का काम था। पिछले हमलों के बाद एक मानक संचालन प्रक्रिया विकसित की गई थी। जैसे ही बलों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की आतंकवादी भाग गए। हमलावर आतंकवदियों की तलाश जारी है। वायुसेना के काफिले पर हमले की घटना शनिवार शाम करीब 6 बजे हुई, जब कॉनवॉय जारनवाली से वायुसेना स्टेशन लौट रहा था। भारतीय वायुसेना का मूवमेंट संभवतः राडार ऑपरेशन के लिए था। दो लोगों की हालत गंभीर है। इस क्षेत्र में लगभग 17 आतंकवादी साजिद जट समूह से हैं।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरकोट में शनिवार को एयरफोर्स के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में भारतीय वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया।

**हमलावर आतंकवदियों की तलाश जारी**

**17** आतंकवादी साजिद जट समूह क्षेत्र में से हैं

**25** मई को पुंछ में छठे चरण में मतदान

### बलों ने की जोरदार जवाबी कार्रवाई, आतंकी भागे



### इलाज के दौरान जवान ने तोड़ दिया दम

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान से 3 सप्ताह पहले आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें एक सैनिक (कॉर्पोरल विक्की पहाड़े) की मौत हो गई और 4 अन्य जवान घायल हो गए। पुंछ में 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है। अधिकारियों ने कहा कि शाम को पुंछ के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर जा रहे भारतीय वायुसेना के वाहनों पर 4 आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 5 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। 2 की हालत गंभीर थी। एक ने बाद में इलाज के दौरान एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### तलाशी अभियान, जंगल में छिपे होने का संदेह

पुंछ जिले में शाहसितार के पास स्थानीय सैन्य इकाइयों द्वारा फिलहाल घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सैन्य अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिन्होंने पिछले साल 21 दिसंबर को बुफ़लियाज़ में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें 4 सैनिक मारे गए थे और 3 घायल हो गए थे। भारतीय वायुसेना के काफिले में शामिल ट्रकों में से एक को हमले का सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ा, जिसमें कई गोलियां उसकी विंडस्क्रीन और साइड में लगी हैं। अधिकारियों ने संदेह है कि हमले को अंजाम देने के बाद आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए।

### आतंकवादियों को खाना और रसद देने वाले 6 हिरासत में, पूछताछ जारी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हुए हमले के संबंध में पूछताछ के लिए सुरक्षाबलों ने 6 स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया है। इन स्थानीय लोगों पर हमले में आतंकियों की मदद करने का संदेह है। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक की पहचान मोहम्मद रजाक के रूप में की गई है। जिसके बारे में माना जाता है कि उसने आतंकवादियों को भोजन और रसद सहायता दी थी। हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में शनिवार शाम 6 बजकर 15 मिनट पर हुआ। चार आतंकियों ने सनाई टॉप जा रही सुरक्षाबलों की दो गाड़ियों पर फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। हमले के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। उनके हाथ में एके असॉल्ट राइफल्स थी। एयरफोर्स की स्पेशल गरुड़ फोर्स, आर्मी और जम्मू-कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन कर रही हैं। पुंछ, राजौरी-अनंतनाग लोकसभा सीट में आता है। यहां छठे फेज में 25 मई को वोटिंग है।

### आतंकियों का नहीं मिल रहा सुराग

वायुसेना के काफिले पर हमले के पीछे के आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान दूसरे दिन भी जारी है। इसके मद्देनजर सुरक्षाबलों ने आतंकियों की मदद के शक में पूछताछ के लिए छह स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शींदरा टॉप समेत कई इलाकों में तलाशी अभियान जारी है। हमले के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए हैं, लेकिन अभी तक उनका पता नहीं चल पाया है। इससे पहले 21 दिसंबर 2023 को सुरनकोट में भी सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था।

26/11 मामले में वकील थे निकम

# निकम बोले- शहीद करकरे के बहाने मुझ पर हमला



**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने एक विवादित बयान देते हुए ये कहा था कि आतंकवादी अजमल कसाब ने पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे की हत्या नहीं की थी, बल्कि आरएसएस से जुड़े एक पुलिसकर्मी ने उन्हें गोली मारी थी।

मालूम हो कि उज्जवल निकम 26/11 मामले में वकील थे और इस चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। इस पर पलटवार करते हुए मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से भाजपा उम्मीदवार उज्ज्वल निकम ने कहा कि कांग्रेस के नेता कोई भी मुद्दा उठा रहे हैं। भाजपा ने जब से मेरी उम्मीदवारी घोषित की है तब से कांग्रेस ने मुझ पर हमला करना शुरू कर दिया है। विजय जो कह रहे हैं वह असत्य है।

### बयान की आलोचना हुई तो गलती सुधारी

हालांकि, जैसे ही विजय वडेट्टीवार की टिप्पणियों की आलोचना हुई। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि हेमंत करकरे की मौत के बारे में उन्होंने जो कुछ भी कहा वह सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एसएम मुश्रीफ की 'हू किल्ड करकरे' नाम की किताब में लिखा था। गौरतलब है कि हेमंत करकरे मुंबई एटीएस के प्रमुख थे और 2008 के मुंबई हमलों के दौरान मारे गए थे। 2009 में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र दिया गया था।

### तीन जांबाज अधिकारी हुए थे शहीद

कसाब की ही गोली से मुंबई पुलिस के तीन जांबाज अधिकारी शाहिद हुए थे। जिनमें एक हेमंत करकरे भी शामिल थे। यह बयान खुद कसाब ने कोर्ट में दिया है। कसाब और अबु इस्माइल ने कई निर्दोष लोगों पर गोलीयां चलाई थी, हमारे शहीद हेमन्त करकरे, सालस्कर और कामटे जैसे अधिकारियों को कसाब और अबु इस्माइल ने ही मारा था। ये कसाब ने खुद कोर्ट में कबूल किया है। उसी आधार पर कसाब को सजा हुई थी। अब आप कह रहे हो सब झूठा है? क्या कसाब का बयान झूठा था? अगर आप ऐसा मानते हो तो भगवान आपको क्षमा करे।


## खबर संक्षेप

### ईरान-इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहें



**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान और इजराइल की यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ईरान और इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावासों के संपर्क में रहने की सलाह दी है।

### ताइवान के सिर पर मंडरा रहे चीन के एयरक्राफ्ट



**बीजिंग।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने चीन के 7 मिलिट्री एयरक्राफ्ट और नौसेना के 5 पोत को अपनी जलसीमा में देखा है। ताइवान ने दावा किया है कि चीनी सेना का एक एयरक्राफ्ट समुद्री सीमा को लांघते हुए उसके सीमाक्षेत्र में प्रवेश कर गया।

### लैटिन अमेरिका में तेजी से फैल रहा डेंगू



**वॉशिंगटन।** लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में डेंगू ने तबाही मचाई है। इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच डेंगू के 60 लाख मामले सामने आ चुके हैं। यह स्थिति तब है, जब अभी पीक सीजन आना बाकी है। आने वाले महीनों में हालत और खराब हो सकती है। ब्राज़ील सबसे ज्यादा डेंगू की चपेट में है।

ज्यूरिख के लिए अभी शुरू हो गई बुकिंग

# एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से भरेगी उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू करेगी। उड़ानों का संचालन हफ्ते में 4 दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा। इस उड़ान के लिए बोइंग 787 विमान का उपयोग किया जाएगा। इसमें 'इकोनोमी' और 'बिजनेस' श्रेणी होंगी। इस गर्मी में स्विटजरलैंड के खूबसूरत नजारे आपका इंतज़ार कर रहे हैं। ज्यूरिख के लिए बुकिंग अभी शुरू हो गई है।

एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि भारत में काम कर रही 250 से




अधिक स्विस कंपनियों, स्विट्जरलैंड में सैकड़ों भारतीय कंपनियों और लगभग 18 हजार की प्रवासी भारतीय आबादी के साथ ये उड़ानें दोनों क्षेत्रों में व्यापार और पर्यटन यात्रा की मजबूत मांग को पूरा करेंगी। एयर इंडिया यूरोप के 6 शहरों- एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस और वियना के लिए 60 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।



### टनकपुर में आग लेती जा रही विकराल रूप, श्रमिक की भी मौत

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के कुमाऊं में जंगलों की आग अब विकराल हो गई है। टनकपुर (चंपावत) क्षेत्र के बूम वन रेंज के जंगल में शुक्रवार देर शाम को भीषण आग लग गई। वन कर्मियों ने बमुश्किल आग को फैलने से रोका। इस बीच एक वन कर्मी धुएं से बेहोश हो गया जिसका उप जिला अस्पताल में इलाज किया गया। वहीं, गुरुवार को जंगल की आग से झुलसी चौथी महिला श्रमिक पूजा ने भी दम तोड़ दिया है। इस हादसे में उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। सोमेश्वर के स्यूनराकोट में तीन दिन पूर्व जंगल की आग में चार नेपाली श्रमिक झुलस गए थे। तीन की मौत पहले ही हो चुकी है जबकि चौथी महिला श्रमिक की ऋषिकेश एम्स में उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई।

# 'टाइम्स स्क्वायर' पर भारतीय साड़ियों का प्रदर्शन



### साड़ी को वैश्विक पहचान

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वायर पर साड़ियों में सजी सैकड़ों महिलाओं ने साड़ी की वैश्विक पहचान को प्रदर्शित करने के मकसद से एक विशेष कार्यक्रम में साड़ियों की खूबसूरती, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। 'टाइम्स स्क्वायर' पर बीते शनिवार को आयोजित 'साड़ी गोज ग्लोबल' कार्यक्रम में भारतीय समुदाय सहित उन 9 देशों की 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जहां साड़ी लोकप्रिय परिधान है। इन देशों में भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, त्रिनिदाद और गुयाना शामिल हैं। उत्कृष्ट कढ़ाई एवं शैलियों वाली रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी हुईं महिलाओं ने अपने संग्रह का प्रदर्शन किया।

खालिस्तान के मुद्दे पर कनाडा पीएम ट्रूडो को लगाई फटकार

# ट्रूडो बोले- 3 गिरफ्तारी पर रुकने वाली नहीं जांच, विदेश मंत्री जयशंकर का पलटवार- पहले सबूत तो दिखाओ

देश अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर फैला रहा अतिवाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडा सरकार की आलोचना की। उन्होंने संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा सरकार वीजा दे रही है। उन्होंने कहा कि देश अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अतिवाद, अलगाववाद और हिंसा के पैरोकारों को वैधता दे रहा है।

उन्होंने कहा कि कनाडा इस समय भारत के लिए बड़ी समस्या है। खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित रूप से शामिल 3 भारतीय नागरिकों की गिरफ्तार पर भी जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। जस्टिन ट्रूडो के बयान पर पलटवार करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि कनाडा ने कोई सबूत नहीं दिया। वे न तो कोई सबूत देते हैं और न ही उनकी पुलिस एजेंसियां हमारे साथ सहयोग करती हैं।

खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कथित रूप से शामिल 3 भारतीय नागरिकों की गिरफ्तार पर भी जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा में जो कुछ हो रहा है, वह ज्यादातर उनकी आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है।

### संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा दे रहा वीजा



**भारत के लिए बड़ी समस्या है कनाडा: जयशंकर**

#### कुछ देशों में एक संगठित राजनीतिक लॉबी

जयशंकर ने कहा कि कुछ देशों में इस तरह के लोगों ने खुद को राजनीतिक रूप से संगठित किया है और एक राजनीतिक लॉबी बन गए हैं। इनमें से कुछ लोकतांत्रिक देशों में, वहां के राजनेताओं को यह विश्वास दिलाया जाता है कि अगर वे इन लोगों लोगों का सम्मान करते हैं या इन लोगों का समर्थन करते हैं तो इन उनके पास एक समुदाय को अपना समर्थन देने की क्षमता है।

उन्होंने कहा कि अभी हमारी सबसे बड़ी समस्या कनाडा है, क्योंकि कनाडा में आज जो सरकार है, वह उग्रवाद, अलगाववाद और हिंसा की वकालत करने वालों को आजादी के नाम पर एक निश्चित वैधता दे दी है।

#### लगाए गंभीर आरोप

एस जयशंकर ने पंजाब में संगठित अपराधों से जुड़े क्रिमिनल को वीजा देने के लिए कनाडा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि पंजाब के संगठित अपराध से जुड़े कई लोगों का कनाडा में स्वागत किया गया है। हमने कनाडा से कहा है कि ये भारत के वांछित अपराधी हैं, आपने उन्हें वीजा क्यों दिया है। इनमें से कई लोग झूठे दस्तावेजों पर कनाडा जाते हैं।

गाज़ा पर हमलों का विरोध

# कोलंबिया विवि में बढ़ता जा रहा छात्रों का विरोध-प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में 130 से ज्यादा कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र गाजा के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। 2,000 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। हैमिल्टन हॉल पर जमा छात्रों पर न्यूयॉर्क पुलिस की कार्रवाई के बाद दुनियाभर में यह एक चर्चा का विषय बन गया था। यह प्रदर्शन फिलहाल खत्म नहीं हुए हैं और छात्र अलग-अलग माध्यम से अपनी बात रख रहे हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने गाजा पर इजराइल के लगातार हो रहे हमलों के खिलाफ यह प्रदर्शन शुरू किए थे।



### गाजा पर बमबारी बंद करे इजराइल

छात्र मांग कर रहे हैं कि उनके विश्वविद्यालयों को हर तरह इजराइल से अलग कर दिया जाए। छात्र चाहते हैं कि इजराइल गाजा पर बमबारी बंद करे और इस युद्ध का अंत हो। अमेरिका के विश्वविद्यालय और वह कंपनियां जो इजराइल से वित्तीय या किसी तरह का अलग संबंध रखते हैं उसे खत्म किया जाए। प्रदर्शन 17 अप्रैल को से शुरू हुआ था।

INDIAN PREMIER LEAGUE




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
17 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर

1650 चौके

946 छक्के

## खबर संक्षेप



### पुजारा के शतक से ससेक्स मजबूत

**लंदन।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के नाबाद 104 रन की मदद से ससेक्स ने डर्बीशर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मैच में पहली पारी में 111 रन की बढ़त बना ली है। पुजारा ने अपनी नाबाद पारी में 167 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके मारे हैं। उन्होंने काउंटी सत्र के अपने तीसरे मैच में सत्र का पहला शतक जड़ा। शनिवार को डर्बी के काउंटी ग्राउंड में खेले गए मैच में डर्बीशर के पहली पारी के 246 रन के जवाब में ससेक्स ने पुजारा के शतक से पांच विकेट पर 357 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की।

### विवान शूट ऑफ में हारे ट्रैप निशानेबाज फेल



**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूट ऑफ में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूट ऑफ का हिस्सा थे।

### बुंदेसलिगा में स्टुटगार्ट से हारा बायर्न म्यूनिख



**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले से पहले बुंदेसलिगा फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में स्टुटगार्ट के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान बायर्न के राफेल गुरेइरो चोटिल भी हो गए। गुरेइरो संभवतः मांसपेशियों में चोट के कारण मुकाबले के बीच से बाहर हो गए और बुधवार को मैड्रिड के खिलाफ होने वाले निर्णायक मैच में भी उनका खेलना संदिग्ध है। बायर्न की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी पर हैरी केन ने 37वें मिनट में दागा जबकि स्टुटगार्ट की ओर से लियोनिडास स्टरगियो (29वें मिनट), जियोंग वू यिओंग (83वें मिनट) और सिलास (90 प्लस तीन मिनट) ने गोल किए। बोरूसिया डोर्टमंड ने ऑग्सबर्ग को 5-1 से रौंदकर मंगलवार को पेरिस सेंट जर्मन के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल की तैयारी की।

# रियल मैड्रिड ने जीता रिकॉर्ड 36वां ला लिगा खिताब

- 4 मैच शेष रहते बना चैंपियन
- 3-0 से केडिज को दी मात
- 34 मैच में मैड्रिड के 87 अंक



**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार रात को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लिगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

आईपीएल
जडेजा 43 रन बनाकर और तीन विकेट लेकर बने मैच के हीरो

# चेन्नई की जीत से शीर्ष चार में वापसी
# पंजाब से बदला पूरा, 28 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

जडेजा ने 26 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की।जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।



### नंबर-3 बनी सीएसके

इस जीत के साथ चेन्नई की टीम अंक तालिका में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके लखनऊ और हैदराबाद के समान अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट में बाकी दोनों टीमों से आगे है। इस जीत ने सीएसके के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। चेन्नई का अगला मैच 10 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ है। वहीं, पंजाब की टीम नौ मई को धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम से भिड़ेगी।

### मुंबई के खिलाफ जीत से मजबूत होगा हैदराबाद

*मुंबई। आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी। पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (16 अंक), कोलकाता नाइट राइडर्स (14 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (12 अंक) के साथ शीर्ष चार में शामिल है।*



### शशांक ने बनाए 27 रन

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। टीम के लिए राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली।

## स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 09 | 07 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4 | 1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2 | 0 |
| जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3 | 2 |
| सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1 | 0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2 | 1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 167/9

गेंदबाजी : रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सिंह का स्था. रिजवी बो जडेजा | 30 | 23 | 2 | 2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 07 | 06 | 1 | 0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 00 | 03 | 0 | 0 |
| शशांक का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4 | 0 |
| कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 07 | 11 | 0 | 0 |
| जितेश का धोनी बो सिमरजीत | 00 | 01 | 0 | 0 |
| आशुतोष का सिमरजीत बो जडेजा | 03 | 10 | 0 | 0 |
| हरप्रीत बराड़ नाबाद | 17 | 13 | 2 | 0 |
| हर्षल का स्था. रिजवी बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1 | 1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2 | 0 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 139/9

गेंदबाजी : सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शार्दुल 2-0-12-1.

खास खबर

## शीर्ष पर पहुंची नाइट राइडर्स लखनऊ को 98 रन से हराया



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मेजबान लखनऊ सुपर जाइंट्स को 98 रन से हरा दिया। केकेआर छह विकेट पर 235 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी की टीम 16.1 ओवर में 137 रन पर सिमट गई।

एलएसजी के लिए टॉस जीतकर गेंदबाजी करने की योजना कारगर नहीं रही और केकेआर इकाना स्टेडियम में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। बल्ले से फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए वेस्टइंडीज के सुनील नारायण ने 38 गेंद में 81 रन बनाए जिसमें सात छक्के और छह चौके जड़े थे। पहले 10 ओवर में एलएसजी की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी जिसमें कप्तान केएल राहुल (25), अर्शिन कुलकर्णी (09), दीपक हुडा (05) और 'बिग हिटर' मार्कस स्टोइनिस (36) और निकोलस पूरन (10) शामिल थे।

## स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का राहुल बो नवीन | 32 | 14 | 5 | 1 |
| नारायण का सब बो बिश्नोई | 81 | 39 | 6 | 7 |
| रघुवंशी का राहुल बो युद्धवीर | 32 | 26 | 3 | 1 |
| रसेल का सब बो नवीन | 12 | 08 | 1 | 1 |
| रिंकू का स्टोइनिस बो नवीन | 16 | 11 | 2 | 0 |
| श्रेयस का राहुल बो यश | 23 | 15 | 3 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 25 | 06 | 1 | 3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 235/6

गेंदबाजी : स्टोइनिस 2-0-29-0, मोहसिन 2-0-28-0, नवीन 4-0-49-3, यश 4-0-46-1, कृणाल 2-0-26-0, रवि बिश्नोई 4-0-33-1, युद्धवीर 2-0-24-1.

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का रमनदीप बो राणा | 25 | 21 | 3 | 0 |
| कुलकर्णी का रमनदीप बो स्टार्क | 09 | 07 | 2 | 0 |
| स्टोइनिस का राणा बो रसेल | 36 | 21 | 4 | 2 |
| हुड्डा पगबाधा बो चक्रवर्ती | 05 | 03 | 1 | 0 |
| पूरन का सॉल्ट बो रसेल | 10 | 08 | 0 | 1 |
| बदोनी का स्टार्क बो नारायण | 15 | 12 | 0 | 1 |
| टर्नर का एवं बो चक्रवर्ती | 16 | 09 | 0 | 2 |
| कृणाल का सॉल्ट बो राणा | 05 | 06 | 0 | 0 |
| युद्धवीर का रसेल बो चक्रवर्ती | 07 | 07 | 0 | 1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा बो राणा | 02 | 03 | 0 | 0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 16.1 ओवर में 137/10

गेंदबाजी : अरोड़ा 2-0-21-0, स्टार्क 2-0-22-1, नारायण 4-0-22-1, राणा 3.1-0-24-3, चक्रवर्ती 3-0-30-3, रसेल 2-0-17-2.

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल की घोषणा, भारत ग्रुप ए में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई




भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा घोषित नौवें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं।' मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

### श्रीलंका लौटे सीएसके के तेज गेंदबाज पाथिराना



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्सके तेज गेंदबाज मथीशा पाथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बचे हुए इस चरण से बाहर हो गए और वह जल्द ही चोट से उबरने के लिए श्रीलंका लौटेंगे। पाथिराना ने अभी तक आईपीएल के इस चरण में छह मैच खेलकर 13 विकेट झटके हैं। सीएसके ने रविवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'चेन्नई सुपर किंग्स पाथिराना के जल्द ठीक होने की कामना करती है।' पाथिराना सीएसके के लिए अंतिम मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला था जिसमें टीम 78 रन से जीती थी।

## स्वियाटेक ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब



**मैड्रिड।** इगा स्वियाटेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार देर रात को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियाटेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियाटेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियाटेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

23 अप्रैल को सौंपा था अस्थायी निलंबन, कल अंतिम तारिख

# नाडा ने बजरंग पर लगाया बैन, सैंपल नहीं देने का मामला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है।भारतीय कुश्ती महासंघ इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी से शिकायत करने की योजना बना रहा है।

बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था।

### दी गई थी एक्सपायरी किट : बजरंग

बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।'



### नाडा ने डब्लूएफआई को नहीं दी निलंबन की सूचना

*बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्लूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, 'यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया।*

# भारत की रिले टीम हीट पूरा करने में नाकाम

एजेंसी ▶▶| नासाउ

दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश के पैर में जकड़न के कारण बाहर होने से भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के पहले दौर के दौरान रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी हीट पूरी करने में विफल रही।

मोहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मोहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय चौकड़ी हीट नंबर चार में शीर्ष दो में रहकर पेरिस का टिकट पक्का करने की उम्मीद कर रही थी लेकिन रमेश ने अपना बायां पैर पकड़कर लड़खड़ाते हुए रेस बीच में ही छोड़ दी। अनस पहले चरण की दौड़ पूरी कर चुके थे।









# नाटू-नाटू गाने के कोरियोग्राफर को नहीं मिली पहचान...

**मुंबई।** एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बनी राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म आरआरआर को दुनियाभर में पसंद किया गया। फिल्म के गाने नाटू- नाटू ने ऑस्कर अवार्ड अपने नाम किया। नाटू-नाटू गाने के म्यूजिक कंपोज़र एमएम कीरावानी को विश्व स्तर पर पहचान मिली। लेकिन इस गाने को कोरियोग्राफ करने वाले प्रेम रक्षित को दुनिया भूल गई। ये मुद्दा डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और बोस्को मार्टिस ने उठाया है। दोनों कोरियोग्राफर्स के मुताबिक आरआरआर के गाने नाटू-नाटू गाने पर दुनिया ने डांस किया। आज भी बड़े सेलेब्रिटी डांस स्टेप सीख रहे हैं। लेकिन इस गाने को कोरियोग्राफ करने वाले प्रेम रक्षित को कोई पहचान नहीं मिली।

लाइफ Style

# जोया

## अब दिखती है बेहद खूबसूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जोया ने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2021 का खिताब जीता है। मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली जोया ने अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग शुरू की और आज वह टॉप मॉडल्स में शामिल हैं।

फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में एक्ट्रेस नीलम की बेटी का किरदार निभाने वाली बच्ची तो आपको याद ही होगी। फिल्म में सलमान खान की भांजी के किरदार में नजर आई नन्ही सी बच्ची ने अपनी क्यूटनेस से फैंस को काफी इंप्रेस किया था। फिल्म रिलीज होने के सालों बाद भी लोगों को उस बच्ची का मासूम का चेहरा याद है, लेकिन आज अगर आप उस बच्ची को देखेंगे तो बिल्कुल भी पहचान नहीं पाएंगे। 'हम साथ साथ हैं' की वो बच्ची अब पूरी तरह बदल गई है और आज वह मॉडलिंग की दुनिया में काफी मशहूर है। 30 साल की हो चुकी जोया अफरोज अब हद से अधिक खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आती हैं। जोया की लेटेस्ट फोटो देखने के बाद लोग उनकी तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट से कर रहे हैं। जोया ने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2021 का खिताब जीता है। मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली जोया ने अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद मॉडलिंग शुरू की और आज वह टॉप मॉडल्स में शामिल हैं। जोया ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर फिल्म कहो ना प्यार है, मन, कुछ ना कहो जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके साथ ही टीवी पर भी कई सीरियल्स में जोया को देखा गया था।



हॉलीवुड मसाला



# खतरनाक बीमारी ने जकड़ा

**नई दिल्ली।** ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस चर्चा में हैं। निक अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट्स को लेकर लाइमलाइट में बने रहते हैं। लेकिन अब उन्होंने अपने कुछ कॉन्सर्ट को पोस्टपोन कर दिया है। अमेरिकन सिंगर ने इसके लिए फैंस से माफी भी मांगी। उन्होंने इसके पीछे का कारण अपना खतरनाक वायरस के संक्रमण को बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस से कॉन्सर्ट पोस्टपोन करने के लिए माफी मांगते नजर आ रहे हैं।

# बेयॉन्से का नाम होगा फ्रेंच डिक्शनरी में शामिल...



**नई दिल्ली।** बेयॉन्से संगीत की दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक नाम है। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोग बेयॉन्से की आवाज के दीवाने हैं। इन दिनों गायिका का नाम काफी सुर्खियां बटोर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बेयॉन्से का नाम फ्रांसीसी इतिहास में अमर होने जा रहा है। बेयॉन्से का नाम फ्रांसीसी डिक्शनरी में शामिल किया जाएगा। बेयॉन्से ने संगीत की दुनिया को एक से बढ़कर एक हिट गाने दिए हैं। उन्होंने अब तक के अपने करियर में 32 'ग्रैमी अवॉर्ड्स' जीते हैं। जब भी उनका कोई गाना रिलीज होता है वह दुनिया भर में नंबर एक की लिस्ट पर कई सप्ताह तक राज करता है। बेयॉन्से के फैंस इन दिनों काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। 'लारौस डिक्शनरी' में बेयॉन्से का नाम एक प्रतिष्ठित स्थान पर लिखा जाएगा। प्रतिष्ठित 'लारौसे डिक्शनरी' में बेयॉन्से के नाम को संज्ञा के रूप में शामिल किया जा रहा है। हाल ही में बेयॉन्से ने अपना आठवां स्टूडियो एल्बम 'कंट्री कार्टर' को रिलीज किया था। इस गाने ने पूरी दुनिया में धूम मचा दिया। इसके पहले बेयॉन्से का नाम 'ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी' में भी जुड़ चुका है। 'ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी' में बेयॉन्से से जुड़ा शब्द 'बूटीलिसियस' को जोड़ा गया था।



# एक्टर्स के बराबर काम फीस मिलती है कम

**नई दिल्ली।** लारा दत्ता ने कहा कि सिनेमा में एक महिला के तौर पर बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, मगर इसमें सबसे बड़ी है फीस का भेदभाव। लारा ने ये भी कहा कि आज एक्टर्स पर एक खास तरीके से अच्छा दिखने का दबाव बहुत है। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में फीस को लेकर चलने वाला ये भेदभाव एक पुरानी समस्या है। उन्होंने कहा कि जो बहुत लकी लीड एक्ट्रेस भी है उसे, अपने साथी मेल हीरो के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है। उन्होंने कहा 'हम इंडस्ट्री में अपने पुरुष साथियों से ज्यादा नहीं तो उनके बराबर तो मेहनत करते ही हैं, लेकिन अधिकतर महिलाओं को, अगर वो लकी हैं तो, मेल एक्टर की फीस का दसवां हिस्सा ही फीस में मिलता है।' 'ब्यूटी स्टैंडर्ड्स' जैसी बहुत सी चीजें बदली भी हैं, जिनसे एक्ट्रेसेज का करियर लंबा हो गया है।



# शरमिन को शादी के लिए किया था प्रपोज

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बनी वेबसीरीज हीरामंडी इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है। इस सीरीज में डायरेक्टर की भांजी शरमिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। एक्ट्रेस ने अपने हाल के इंटरव्यू में सलमान खान से जुड़ी मज़ेदार बातें बताई हैं। इस इंटरव्यू में शरमिन ने फिल्म हम दिल चुक सनम के सेट का एक किस्सा शेयर किया है। उस समय सलमान से शादी का प्रोपोज था। 1999 में आई सलमान खान अजय देवगन और ऐश्वर्या राय स्टारर फिल्म हम दिल दे चुके सनम को ऑडियंस ने पसंद किया था।



# अनुपमा को स्मृति ईरानी से लेनी चाहिए प्रेरणा...

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'अनुपमा' के जरिए घर-घर में मशहूर अदाकारा रूपाली गांगुली ने राजनीतिक पारी शुरू कर दी है। वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। अभिनेत्री के इस कदम ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर रूपाली को उनके फैंस का खूब प्यार और शुभकामनाएं मिल रही है। अब शो के निर्माता राजन शाही ने भी अभिनेत्री को ढेरों शुभकामनाएं दी है। राजन शाही ने रूपाली गांगुली को अभिनेत्री से नेता बनी स्मृति ईरानी द्वारा अपनाए गए रास्ते से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। राजन शाही ने कहा, 'मुझे इस बात पर बेहद गर्व है कि रूपाली बीजेपी में शामिल हुईं। वह बहुत मेहनती और समर्पित व्यक्ति हैं। वह एक अच्छी इंसान हैं और हमें सक्रिय राजनीति में उनके जैसे लोगों की जरूरत है। वह सच में कड़ी मेहनत करेंगी और अनुपमा के रूप में उनका जो प्रभाव है, वह इसका इस्तेमाल सबके फायदे के लिए करेंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'स्मृति ईरानी ने पहले ही हम सभी को गौरवान्वित कर दिया है। जब वह भाजपा में शामिल हुईं तो उन्हें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। रूपाली अपने काम के प्रति बहुत पाबंद हैं इसलिए मुझे कोई समस्या नहीं दिखती।

## अंजलि को मिला सीता माता का रोल



**मुंबई।** लॉकअप में नज़र आई सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा को उनके करियर की पहली फिल्म मिल गई है। एक्ट्रेस अब स्क्रीन पर सीता के किरदार में नज़र आएंगी। अंजलि को अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बन रही फिल्म श्री रामायण कथा में सीता के रोल के लिए अप्रोच किया गया था। एक्ट्रेस इस रोल को न नहीं कर पाई और अब स्क्रीन पर सीता के किरदार में नज़र आने को तैयार हैं। अंजलि अरोड़ा अपने डांस वीडियो कच्चा बादाम को लेकर मशहूर हुईं थीं।

# शशि कपूर की गांववालों ने पकड़ ली थी कॉलर, बेटे को था पीटा

**मुंबई।** शेखर सुमन ने एक पॉडकास्ट में बताया कि कैसे एक बार वो, शशि कपूर और कुछ एक्टर्स बेंगलुरू से वापस आ रहे थे। उस वक्त एक हादसा हो गया था और गांववालों ने शशि कपूर का कॉलर पकड़ लिया था। उन्होंने बताया कि एक बार वो फिल्म उत्सव की कास्ट के कुछ एक्टर्स के साथ बेंगलुरू से वापस आ रहे थे। उस वक्त एक सड़क हादसा हो गया था, जिसके बाद गुस्साए गांववालों ने शशि कपूर का कॉलर पकड़ लिया था, उनके बेटे की पिटाई की थी और कार की विंडशील्ड तोड़ दी थी। उन्होंने बताया, 'शशि कपूर, अनुराधा पटेल, मैं और शशि कपूर के बेटे कुनाल कपूर बेंगलुरू से फ्लाइट पकड़ने के लिए

## को-स्टार को दी थी सिर काटने की धमकी



वापस आ रहे थे। हम एम्बेसडर कार में थे। रास्ते में एक जगह हमारी गाड़ी से एक आदमी टकरा गया। वो आदमी उड़ता हुआ गिरा, उसके बाद गांववाले आए और हम सबको मारने लगे। गुस्साए गांववालों ने गाड़ी का विंडशील्ड तोड़ दिया था, शशि कपूर की कॉलर पकड़ ली थी और उनके बेटे को मारने लगे थे।' शेखर सुमन ने बताया हमारे साथ एक और एक्टर थे राजेश, जो अब नहीं रहे, लोगों ने उनकों बालों से पकड़ लिया था और कहा था 'हम तुम्हारा सिर काटने जा रहे हैं।' इसके बाद एक्टर ने बताया कि जो आदमी गाड़ी से टकराया था वो एक पेड़ के नीचे बैठकर चाय पीते हुए मुस्कुरा रहा था। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वो अपनी लोकल भाषा में क्या बड़बड़ा रहा था, लेकिन वो बहुत ही डरावना था।

## नेटफ्लिक्स को कपिल शर्मा ने दिया 25 करोड़ का फटका

**मुंबई।** कपिल शर्मा का जादू ओटीटी पर कतई नहीं चल पाया है। नेटफ्लिक्स ने नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा को पहले एपिसोड के प्रसारण के पांच हफ्तों में ही बंद करने का फैसला किया है। शो के आखिरी एपिसोड की शूटिंग हो चुकी हैं । जानकारी के मुताबिक इन पांच एपिसोड में ही नेटफ्लिक्स ने कपिल शर्मा पर करीब 25 करोड़ रुपए बहा दिए हैं। कपिल शर्मा इन दिनों कलर्स टीवी के एक अंत्याक्षरी कार्यक्रम का मेजबान बनने की कोशिश में भी हैं, लेकिन उनकी घटती ब्रांड वैल्यू को देखते हुए इस कार्यक्रम के लिए प्रायोजक मिलने की बड़ी चुनौती सामने आ रही है। स्टैंडअप कॉमेडियन से शो होस्ट और फिर कार्यक्रम निर्माता बने कपिल शर्मा का ओटीटी गेम प्लान पूरा हो चुका है। उनके नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो'को नेटफ्लिक्स ने बंद करने का फैसला किया। ओटीटी के सूत्रों के मुताबिक इसका आखिरी एपिसोड शूट हो चुका है और उसके बाद ही शो के सेट को हटाना शुरू कर दिया गया। सूत्र बताते हैं कि इस शो के लिए कपिल शर्मा को करीब पांच करोड़ रुपए प्रति शो के हिसाब से भुगतान किया गया है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930